

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 10 माह के निचले स्तर पर - 14



कोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर समिति से कहा- पता करें सरकारों ने कितने मंदिरों को अधिकार में लिया- 3



थाईलैंड और कंबोडिया संघर्ष विराम पर सहमत 15



दिव्या देशमुख बनीं शतरंज की वर्ल्ड चैंपियन, कोनेरू हम्पी को हराकर रचा इतिहास- 16


आज का मौसम 31.7° अधिकतम तापमान 27.9° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.29 सूर्यास्त 06.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी 12:46 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 29 जुलाई 2025, वर्ष 35, अंक 183, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये




प्रिय पाठक,
आज से आपको अपने दिलनशीं शहर लखनऊ महानगर की खबरों का एक पुलआउट अखबार के अंदर ही रोजाना मिलेगा। सधन्यवाद...

## परिवहन विभाग में अब छह नहीं नौ जोन होंगे

कायालय संवाददाता, लखनऊ

● गोरखपुर, बुंदेलखंड (झांसी) व अयोध्या बनाए गए नए जोन आदेश जारी

**अमृत विचार:** प्रदेश में परिवहन विभाग के अब छह नहीं नौ जोन होंगे। गोरखपुर, बुंदेलखंड और अयोध्या को नया जोन बनाया गया है। सृजित किए गए इन तीन जोन में उप परिवहन आयुक्त अपने अमले के साथ कार्य करेंगे। इनके लिए नए पद भी सृजित कर दिए गए हैं। इसे लेकर प्रमुख सचिव परिवहन अमित कुमार गुप्ता ने आदेश जारी कर दिए हैं।

विभागीय कार्यों में तेजी लाने और कामकाज को आसान बनाने के लिए यह किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त बीएन सिंह को भेज दिए गए हैं। नए पदों में तीन नये डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, तीन नये प्रधान सहायक और तीन नये आशुलिपिक की भी तैनाती की जाएगी। अभी तक प्रदेश का परिवहन विभाग मात्र छह जोनों में बंटा हुआ था। सूबे के ढांचागत विस्तार और मार्गों पर बढ़ती वाहनों की संख्या से विभागीय कार्य पूरी रफ्तार से नहीं हो पा रहे थे। काफी समय से यह मसला उठ रहा था। इसी के तहत शासन की ओर से यह आदेश जारी किए गए हैं। पुराने बड़े जोनों को काटकर सृजित किए गए इन तीनों जोन में शामिल किया गया है।

# पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड सुलेमान समेत 3 ढेर

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके के जंगलों में सेना के शीर्ष पैरा कमांडो ने सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के कथित मास्टरमाइंड और उसके दो साथियों को मार गिराया, जिसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड माना जा रहा सुलेमान उर्फ आसिफ सोमवार को उस समय मारा गया, जब सुरक्षा बलों ने एक तकनीकी संकेत मिलने के बाद ऑपरेशन महादेव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि यह तकनीकी संकेत एक ऐसे सैटेलाइट फोन के इस्तेमाल का इशारा कर रहा था,



मौके पर मोर्चाबंदी किए हुए सेना के जवान।

जिसका उपयोग पहलगाम हमले के दोषियों ने भी किया था।

अधिकारियों के मुताबिक, सेना की कार्रवाई में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान

**बड़ी उपलब्धि**

● श्रीनगर के बाहरी इलाके में सेना ने चलाया आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन महादेव

● जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई मारे गए दो अन्य आतंकियों की पहचान

जिब्रान (जो पिछले साल सोनमर्ग सुरंग हमले में कथित रूप से शामिल था) और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। इस हमले में एक डॉक्टर समेत सात लोग मारे गए थे। इस अभियान का कोडनाम 'ऑपरेशन महादेव' था। पहलगाम के पर्यटक स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में अधिकतर पर्यटक थे। इसके बाद सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे के खिलाफ सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। मुठभेड़ स्थल से एक एम4 कार्बाइन राइफल, दो एके राइफल और अन्य हथियार बरामद किए गए।

एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे 24वीं राष्ट्रीय राइफल और चौथे पैरा यूनिट के जवानों के एक दल को तीन आतंकवादियों का पता चला और उन पर अचानक हमला कर उन्हें मार गिराया। आईजी (कश्मीर क्षेत्र) वीके बिरदी ने कहा कि यह एक लंबा अभियान था, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी रहा। अन्य विवरणों पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी।

**ब्रीफ न्यूज**



वाराणसी में सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### डीएसपी समेत छह के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दो साल पहले एक साथी पुलिस कांस्टेबल को हिरासत में लेकर क्रूर और अमानवीय यातना देने के मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के छह अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर दर्ज प्राथमिकी में केंद्रीय एजेंसी ने पुलिस उपाधीक्षक एजाज अहमद नाइको और पांच अन्य को नामजद किया है जो उस समय संयुक्त पूछताछ केंद्र, कुपवाड़ा में तैनात थे।

### स्कूल गेट गिरने से बच्चे की मौत, दो घायल

**जयपुर।** जैसलमेर जिले में सोमवार को एक सरकारी स्कूल भवन का प्रवेशद्वार गिरने से सात साल के एक बच्चे की मौत हो गई जो अपनी बहन को स्कूल से लेने आया था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक छात्रा व एक शिक्षक घायल हो गए।


**अंदर देखें... अंतस**




**ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के सवालों पर बोले रक्षामंत्री**

# परीक्षा में केवल परिणाम अहम, बाकी सब बेमानी

**लोकसभा में चर्चा**

● किसी के दबाव में नहीं रोकी गई कार्रवाई, यह निराधार

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के समन्वय का बेमिसाल उदाहरण बताते हुए कहा कि यह कहना गलत और निराधार है कि इस अभियान को किसी दबाव में आकर रोका गया था। साथ ही पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि उसकी कुछ गलतफहमी बची रह गई है तो उसे भी दूर कर दिया जाएगा। सिंह ने लोकसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए।

उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि उसे यह सवाल पूछने के बजाय कि इस अभियान में भारत के कितने विमान गिरे, ऑपरेशन की सफलता पर बात करनी चाहिए थी। कहा कि किसी भी परीक्षा के बाद परिणाम मायने रखता है, किसकी पेंसिल टूटी, किसका पेन खो गया, इसका विचार नहीं किया जाता। परिणाम यह है कि ऑपरेश्नन सिंदूर में निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण रूप से पाने में भारत को सफलता मिली।

रक्षामंत्री ने कहा कि भारत ने कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि मिशन से पहले जो उद्देश्य तय किए गए थे, उन्हें पूरी तरह हासिल कर लिया गया। किसी दबाव में ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आरोप बेबुनियाद है। सिंह ने कहा कि किसी क्षेत्र पर कब्जा करना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं था। इसका उद्देश्य पाकिस्तान द्वारा वर्षों से पाले गए आतंकवाद की नर्सरी का अंत करना था। उन लोगों को न्याय दिलाना था जिन्होंने पाक प्रायोजित पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सवाल उठाते हुए सुना गया कि संघर्ष क्यों रोका गया। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका है, समाप्त नहीं हुआ है और पाकिस्तान फिर नापाक हरकत करता है तो और कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रतिपक्ष के लोग पूछते हैं कि कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि यह प्रश्न राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। रक्षा मंत्री ने कहा कि विपक्ष को दुश्मन सेना को हुए नुकसान पर और आतंकी ढांचों को हुए नुकसान पर सवाल पूछना चाहिए था।



संसद के मानसून सत्र में लोकसभा में चर्चा के दौरान बोलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### संरा के 193 देशों में से सिर्फ 3 ने किया था विरोध

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत को विदेश से समर्थन नहीं मिलने के विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से पाकिस्तान और तीन अन्य देशों को छोड़कर सभी ने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया था। लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए जयशंकर ने पाकिस्तान को चीन के समर्थन पर विपक्ष के आक्षेपों को नकारते हुए कहा कि दोनों देशों की साझेदारी 60 साल से कांग्रेस के समय से चल रही है।



### गृह मंत्री लें पहलगाम हमले की जिम्मेदारी : गोगोई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सोमवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को लेनी होगी। गोगोई ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सारा दोष टूर ऑपरेटर के सिर पर मढ़ दिया गया और कहा गया कि बगैर अनुमति के टूर ऑपरेटर पर्यटकों को पहलगाम ले गया और इसकी जानकारी सरकार को नहीं दी गई। कहा कि यह जिम्मेदारी से भागना हुआ।



### एसआईआर पर फिलहाल रोक नहीं

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा-प्रक्रिया जारी रखे चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिए अंतिम निर्णय लेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह 29 जुलाई को इस मामले की अंतिम सुनवाई की समय-सारणी तय करेगी। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए।

पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि अब मामले का स्थायी निपटारा किया जाएगा।

# बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़, दो श्रद्धालुओं की मौत

## हादसे में 44 श्रद्धालु घायल, 5 को जिला अस्पताल किया रेफर

● जलाभिषेक के दौरान टीन शेड में करंट फैलने से मची भगदड़

● मुख्यमंत्री ने जताया दुख, राज्यमंत्री और अधिकारी मौके पर पहुंचे

संवाददाता, हैदरगढ़ (बाराबंकी)

**अमृत विचार :** सावन के तीसरे सोमवार को तड़के श्रद्धालुओं से खचाखच भरे अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हृदयविदारक हादसा हो गया। जलाभिषेक के दौरान टिनशेड में करंट फैलने के बाद भगदड़ मच गई। करंट लगने से दो श्रद्धालुओं की सीएचसी में मौत हो गई, जबकि लगभग 44 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राज्यमंत्री व अफसर मौके पर पहुंचे और हालचाल जाना। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

अवसानेश्वर महादेव मंदिर में तीसरे सोमवार पर जलाभिषेक के लिए रविवार रात 12 बजे से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच रात करीब 2 बजे बिजली का तार टूटकर टिनशेड पर गिर गया। टिनशेड और लोहे के खंभों में करंट उतरते ही लोगों को झटका लगा और भगदड़ मच गई। वहीं करंट लगने से झुलसे रमेश कुमार (28) निवासी नकटा सेहरिया मजरे पहाड़ापुर थाना कोठी व प्रशांत कुमार (17) निवासी मुबारकपुर मजरे हुसैनाबाद थाना लोनी कटरा को गंभीर दशा में सीएचसी त्रिवेदीगंज ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में घायल 44 लोगों में से पांच को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर डीएम शशांक त्रिपाठी व एसपी अर्पित विजयवर्गीय मौके पर पहुंच गए। डीएम ने बताया कि बंदर के उछलने से विद्युत तार टूटा और टिन शेड में करंट फैल गया, जिससे भगदड़ हुई। जांच के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों को 5 लाख की आर्थिक सहायता का एलान किया है। साथ ही हादसे की रिपोर्ट तलब की है।



अवसानेश्वर मंदिर में स्थिति का जायजा लेते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

# 10 जिलों के जिलाधिकारी बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

● 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले, राजेश कुमार अयोध्या के मंडलायुक्त, मिनिष्ती एस गन्ना आयुक्त बनाई गईं

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने रविवार को 23 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इसमें कानपुर देहात, गोरखपुर, गाजियाबाद, प्रयागराज, गौतमबुद्ध नगर, कासगंज, बहराइच, मिर्जापुर, ललितपुर और गोंडा समेत कुल 10 जिलों के डीएम बदल दिए गए हैं। तबादले के क्रम में गाजियाबाद के डीएम रहे आईएएस दीपक मीणा को मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। मेघा रूपम गौतमबुद्ध नगर की डीएम, जबकि प्रयागराज के डीएम रहे रवींद्र कुमार मंदर गाजियाबाद के जिलाधिकारी बनाए गए हैं। राजेश कुमार को अयोध्या का मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। वित्त विभाग की सचिव रही मिनिष्ती एस को गन्ना आयुक्त की जिम्मेदारी मिली है।

गौतमबुद्ध नगर के डीएम रहे मनीष कुमार वर्मा को प्रयागराज का जिलाधिकारी बनाया गया। प्रणय सिंह को कासगंज तथा कपिल सिंह को कानपुर देहात का डीएम नियुक्त गया है। ललितपुर के डीएम रहे अक्षय त्रिपाठी को बहराइच, अमनदीप डुली को ललितपुर, पवन कुमार गंगवार को मिर्जापुर तथा प्रियंका निरंजन को गोंडा का जिलाधिकारी बनाया गया है। आलोक सिंह को विशेष सचिव राज्य संपत्ति विभाग एवं राज्य संपत्ति अधिकारी,उप्र. बनाया गया है। गोंडा की डीएम रहीं नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। इसी तरह बहराइच की जिलाधिकारी रहीं मोनिका रानी को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है। वहीं, गौरव दयाल को गृह विभाग का सचिव बनाया गया है। कृष्ण करुणेश को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा बनाया गया है।

### सहकारी समितियों में पिछड़ा वर्ग को मिलेगा 27 प्रतिशत आरक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश में सहकारी समितियों में संचालक पदों पर पिछड़े वर्ग के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। आयोग की ओर से इसकी संस्तुति शासन को भेजी जाएगी। सोमवार को उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में आरक्षण लागू करने को लेकर निर्णय लिया गया।

आयोग की सुनवाई के दौरान संचालक पदों के लिए आरक्षण का मुद्दा उठाया गया। आयोग को बताया गया कि सहकारी समितियों में संचालक पदों पर अनुसूचित वर्ग को आरक्षण दिया जा रहा है, पर पिछड़े वर्ग को आरक्षण नहीं मिल रहा है।

## जांच पूरी होने और रिपोर्ट का इंतजार क्यों किया

नई दिल्ली, एजेंसी

**नकदी बरामदगी मामला**

● कोर्ट ने न्यायमूर्ति वर्मा से उनकी याचिका को लेकर किए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से उनकी उस याचिका को लेकर सवाल किए, जिसमें उन्होंने नकदी बरामदगी मामले में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को चुनौती दी है। उनसे पूछा कि इस प्रक्रिया में भाग लेने के बाद इस पर सवाल कैसे उठा सकते हैं।

आंतरिक जांच समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से नकदी बरामदगी मामले में उन्हें कदाचार का दोषी पाया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा से पूछा कि जांच पूरी होने और रिपोर्ट जारी होने का इंतजार क्यों किया। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा कि वह जांच समिति के सामने क्यों पेश हुए? क्या आप कोर्ट इसलिए आए थे कि वीडियो हटा दिया जाए? आपने जांच पूरी होने और रिपोर्ट जारी होने का इंतज़ार क्यों किया? क्या समिति के पास यह सोचकर गए कि शायद पक्ष में फैसला आ जाए?

**विश्व बाघ दिवस** | एक दशक पहले पीलीभीत टाइगर रिजर्व की 25 बाघों से हुई शुरुआत, अब यह संख्या पहुंच चुकी है 71 के पार

# बाघ संरक्षण से मिली संजीवनी, लेकिन इंसानी टकराव बड़ी चुनौती

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार :** विशिष्ट जैव विविधता से हरा-भरा जंगल... दलदली भूमि... प्राकृतिक जल स्रोत और शिकार की पर्याप्त उपलब्धता से बेशक बाघ का साम्राज्य पीलीभीत टाइगर रिजर्व में समृद्ध होता जा रहा है। यहां 71 से अधिक बाघ हैं और विशेषज्ञों की मानें तो जल्द ही यह आंकड़ा 80 के पार पहुंचने वाला है। मगर, एक दशक देख चुके पीलीभीत टाइगर का एक दूसरा पहलू भी है, जिसमें बाघों की बढ़ती दहाड़ के बीच चुनौतियों का भी अंबार है। यह दूसरा पहलू बाघ-इंसानी टकराव से जुड़ा है। इसमें दोनों की जानें जा रही हैं, मगर ये दोनों कैसे सुरक्षित रहें, इसकी कोई ठोस रूपरेखा नहीं बन सकी है।




अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की पूर्व संध्या पर पुरी समुद्र तट पर रेत से बनाया बाघ। ● एजेंसी

रुहेलखंड का एकमात्र सघन जंगल, जिसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नाम से जाना जाता है। टाइगर रिजर्व बनने के बाद शुरू हुई बाघ संरक्षण परियोजना से संजीवनी मिली तो यहां बाघ-तेंदुओं के अलावा अन्य वन्यजीवों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि भी हुई। वर्ष 2014 की गणना में यहां महज 25 बाघ मिले थे। वर्ष 2022 आते-आते आंकड़ा 71 पार पहुंच गया। वृद्धि का यह अनुपात सुखद और समृद्धि का परिचायक भी रहा, मगर इसके साथ ही बाघ-इंसानी टकराव जैसा नकारात्मक पहलू भी अस्तित्व में आने लगा। इस टाइगर रिजर्व के बाघों ने जंगल से बाहर निकलना शुरू कर दिया और यह सिलसिला अब भी बदस्तूर जारी है। परिणाम यह हुआ है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ने लगीं। इसमें न सिर्फ इंसानों ने जान गंवाई, बल्कि बाघों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जनपद में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए प्रदेश की पहली जिला स्तरीय मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण समिति का गठन किया गया है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह का कहना है कि पीटीआर क्षेत्र में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने की दिशा में वृहद स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। ई-सर्विलांस टावर स्थापित कर निगरानी भी जा रही है। ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### 22 बाघ गंवा चुके हैं जान

टाइगर रिजर्व बनने के बाद अब तक बाघ हमलों में 59 इंसान जान गंवा चुके हैं। चालू वर्ष के शुरुआती चार महीनों में इक्का-दुक्का बाघ हमले हुए, मगर 14 मई से 17 जुलाई के बीच 65 दिनों में बाघ हमले में सात इंसान जान गंवा चुके हैं। सिलसिला इंसानों की मौत तक ही सीमित नहीं रहा। अब तक 22 बाघों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इनमें तीन शावक शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आलू निर्यात को लेकर पेरू के साथ समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलू के उत्पादन, शोध, निवेश एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र, पेरू एवं भारत सरकार के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है। सोमवार को नई दिल्ली में हुए इस समझौते का उद्देश्य आगरा के सिंगना में सीआईपी के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना करना है। इस समझौते के लिए उद्यान एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### हमले की जांच के लिए समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने मेरठ में पिछड़े वर्ग के मनोज कश्यप पर हुए हमले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह टीम एक अगस्त को घटना स्थल पर जाएगी। सोमवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। मेरठ के ग्राम पंचाली निवासी मनोज व उनके परिजनों पर हुए हमले का मामला आयोग के सदस्य रमेश गौड़ कश्यप ने उठाया।

### 9 पीसीएस अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पीसीएस अफसरों के स्थानांतरण का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में नौ और अधिकारियों की तैनाती में सोमवार को फेरबदल किया गया। इनमें छह जिलों के उप जिलाधिकारी बदले गए हैं। फेरबदल के इस क्रम में राजेश कुमार को प्रधान प्रबंधक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर तैनाती दी गई है। कुमार धर्मेंद्र को अपर जिलाधिकारी, बांदा के पद पर तैनात किया गया है। सालिक राम को रामपुर का नगर मैजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसी तरह अतुल कुमार को उप जिलाधिकारी गाजीपुर, शैलेंद्र प्रताप को उप जिलाधिकारी सुल्तानपुर, अरुण कुमार को उप जिलाधिकारी कौशाम्बी, संजय कुमार को उप जिलाधिकारी फतेहपुर, प्रवीण कुमार द्विवेदी को उप जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर और श्रीराम यादव को उप जिलाधिकारी हापुड़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## डॉ. केशव अग्रवाल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी व वरुण-अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर के कुलाधिपति तथा दैनिक अमृत विचार के प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री के लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान ब्रजेश पाठक ने प्रसिद्ध सर्जन डॉ. केशव अग्रवाल के उप्र. में चिकित्सा क्षेत्र के विकास में किए जा रहे योगदान की सराहना की। डॉ. केशव ने भी उप मुख्यमंत्री को सेवा भाव से चिकित्सा क्षेत्र में सतत प्रयासरत रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान ब्रजेश पाठक ने अमृत विचार समाचार पत्र की प्रगति के बारे में समझा और इसकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता पर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. केशव के साथ बरेली से आए डॉ. अर्जुन अग्रवाल भी उप मुख्यमंत्री से मिले।

# दिव्यांग छात्राओं को मिलेंगे 200 रुपये प्रति माह

## परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं को मिलेगा लाभ, 5.24 करोड़ रुपये मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य की 26215 दिव्यांग छात्राओं को समग्र शिक्षा अभियान के तहत 200 रुपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम 10 माह तक वृत्तिका (स्टाईपेंड) मिलेगा। इसके लिए योगी सरकार ने कुल 5.24 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखते हुए डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में धनराशि भेजी जाएगी।

- डीबीटी से सीधे अभिभावक के खातों में जाएगी धनराशि

यह निर्णय भारत सरकार के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की 9 अप्रैल, 2025 की बैठक में अनुमोदित होने के बाद योगी सरकार ने त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। बता दें कि प्रदेश सरकार इस योजना को डीबीटी के माध्यम से लागू कर रही है, ताकि प्रत्येक लाभार्थी तक सहायता बिना किसी बिचौलिए के सीधे पहुंचे। समस्त धनराशि छात्राओं के माता-पिता या अभिभावकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। हर जिले में पात्रता की जांच और सत्यापन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसमें वित्तीय और शैक्षिक अधिकारी सम्मिलित होंगे। यह समिति लाभार्थियों की अंतिम सूची को तैयार कर, डिजिटल सत्यापन के उपरांत पीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड करेगी।

### यह है पात्रता और प्रक्रिया

परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत वह छात्राएं पात्र होंगी, जिनके पास किसी सक्षम चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र होगा। यह पूरी प्रक्रिया प्रेरणा, समर्थ एवं पीएफएमएस पोर्टलों के माध्यम से पूर्णतः डिजिटल, पारदर्शी और सत्यापित तकनीकी प्रणाली के तहत संचालित होगी।

# विधायकों के प्रस्तावों पर तत्काल शुरू हों कार्य

## मुख्यमंत्री योगी ने वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने यहां सर्किट हाउस सभागार में वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्रों में जनोपयोगी व विकासपरक कार्यों के प्रस्तावों की प्राथमिकता तय करते हुए उनका अविलंब एस्टिमेट तैयार कर अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए तत्काल कार्य शुरू कराया जाए।

योगी ने जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्र की परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं एवं विकासपरक कार्यों की प्राथमिकताओं के विषय में एक-एक कर व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। बैठक का उद्देश्य मात्र योजनाओं की समीक्षा ही नहीं, बल्कि जनोपयोगी, दूरवर्ती क्षेत्र का प्राथमिकता के आधार पर विकास सुनिश्चित करना था। मुख्यमंत्री ने दोनों मंडलों की समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग, नगर विकास एवं पर्यटन से संबंधित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कार्यों की विधानसभावार चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश दिया कि जिन सड़कों, सेतु, लघु सेतुओं की सर्वाधिक आवश्यकता हो, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। औद्योगिक क्षेत्रों, ब्लॉक मुख्यालयों, धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों को प्राथमिकता पर लिया जाए। इसके बाद चरणवार अन्य कार्यों को भी कराया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक संपर्क मार्ग, इंटर कनेक्टिविटी की सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, आरओबी बाईपास, फ्लाईओवर, सेतु, लघु सेतु, ओडीआर/एमडीआर की सड़कें, ब्लैक स्पॉटों के सुधार व पांटून पुल आदि जनोपयोगी कार्यों के साथ ही यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देने में सहायक होंगे। बैठक में मंत्री अनिल राजभर, ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, दयाशंकर सिंह, रविंद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', गिरीश चंद्र यादव, दानिश आजाद अंसारी सहित वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के विधान परिषद सदस्य व विधायक आदि उपस्थित रहे।



वाराणसी में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य मंत्री। ● अमृत विचार

### मोदी के काशी आने पर चौकस रहे सुरक्षा : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सावन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी में 2 अगस्त को होने वाली जनसभा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिए। मोदी यहां 2255 करोड़ की 54 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वाराणसी में सोमवार को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग समीक्षा बैठक में योगी ने प्रधानमंत्री के आगामी वाराणसी दौरे के लिए अब तक की गई तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श भी किया। योगी ने सेवापुरी के बनौली में प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने पर भी विशेष जोर दिया।

### जनता दर्शन में बोले योगी, हर समस्या का होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' में लोगों की समस्याएं सुनीं। आश्वासन दिया कि निश्चिंत होकर घर जाइये, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा, परिवार आदि से जुड़े मामले आए। योगी ने अधिकारियों को संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री योगी ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा-पुचकारा।

# कुछ कर्मचारी नेता कर रहे विभाग को बदनाम : शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि निजीकरण के खिलाफ आंदोलन के बहाने कुछ कर्मचारी नेता विभाग को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। आंदोलन निजी हित व भ्रम फैलाने का जरिया बन गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स के निर्णय के तहत निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट जारी कर कहा कि पिछले तीन साल में ये नेता चार बार हड़ताल कर चुके है। पिछले दिनों उनके आवास का घेराव किया गया। इस दौरान परिजनों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था।



### विधायकों को ऑडिटेड बैलेंस शीट भेजेंगे कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान बिजली कर्मी विधायकों को उप्र. पावर कॉरपोरेशन की ऑडिटेड बैलेंस शीट भेजेंगे। इस दौरान 15 दिनों तक निजीकरण के पीछे हो रहे घोटालों को विधायकों के सामने रखा जाएगा। ऊर्जा मंत्री की ओर से जारी बयान पर बिजली कर्मियों ने कहा कि पिछले दिनों उनके आवास पर आंदोलन के दौरान उनके परिजनों पर अभद्र टिप्पणी नहीं की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ऊर्जा विभाग को अपने अधीन करते हुए निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करें।

### ऊर्जा मंत्री के समर्थन में उतरे आउटसोर्स कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा मंत्री व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति में आरोप-प्रत्यारोप के बीच आउटसोर्स कर्मी ऊर्जा मंत्री के समर्थन में उतर आए। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ ने कहा कि संघर्ष समिति का ऊर्जा मंत्री पर आरोप राजनीति से प्रेरित है। सोमवार को महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि विवादित बयान की कड़ी निंदा की गई।






## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब में वैन के नहर में गिरने से 8 की मौत

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना जिले में जगेरा पुल के पास एक वैन के सरहिंद नहर में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। यह घटना रविवार रात को हुई, जब लगभग 30 श्रद्धालुओं का एक समूह हिमाचल प्रदेश स्थित माता नैना देवी मंदिर के दर्शन करके लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि वैन नहर में तब गिर गई, जब उसके चालक ने एक अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश करते समय गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। पायल के पुलिस उपाधीक्षक हेमंत मल्होत्रा ने बताया कि सरहिंद नहर से दो और शव बरामद होने के साथ ही मृतकों की संख्या आठ हो गई है।

### इंदौर: 150 करोड़ रुपये की जमीन कब्जामुक्त

**इंदौर।** इंदौर में सोमवार को प्रशासन ने सरकारी नियंत्रण वाले एक मंदिर की 150 करोड़ रुपये से ज्यादा के बाजार मूल्य की जमीन से अवैध कब्जा हटा दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने नगर निगम के सहयोग से पिपलिया कुमार क्षेत्र में श्री राम एवं खेड़ापति मंदिर की करीब 1.28 लाख वर्ग फुट जमीन से अवैध कब्जा हटवाया। अतिक्रमण हटाने के दौरान जमीन पर बने अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए और गैरकानूनी रूप से बोई गई फसल को भी नष्ट कर दिया गया।

# एसआईआर: राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, नहीं चल पाई कार्यवाही

## विपक्ष ने उठाए कई और मुद्दे, नहीं हो पाया शून्यकाल और प्रश्नकाल

**मानसून सत्र**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संसद के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी नेता।

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा में पिछले सप्ताह से जारी गतिरोध सोमवार को बरकरार रहा और बैठक को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर दो मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे की वजह से उच्च सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया।

गत सप्ताह 21 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र के दौरान विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण उच्च सदन में कोई कामकाज सामान्य ढंग से नहीं हो पाया है। इससे पहले, अपराह्न 11 बजे बैठक शुरू होने पर तमिलनाडु से अन्नाद्रमुक के दो सदस्यों एन धनपाल तथा आई एस इनबादुरै को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। धनपाल तथा इनबादुरै ने तमिल में शपथ ली। इसके बाद उप सभापति हरिवंश ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत नियत कामकाज स्थगित कर विभिन्न मुद्दों पर तत्काल चर्चा के लिए 26 नोटिस मिले हैं। उन्होंने बताया कि ये नोटिस एसआईआर, बंगाली प्रवासी कामगारों के साथ दूसरे राज्यों में कथित दुर्व्यवहार, उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों का विलय कर सूचना का अधिकार अधिनियम का कथित उल्लंघन और छत्तीसगढ़ में दो ननों की गिरफ्तारी के मुद्दों को लेकर हैं।

हरिवंश ने कहा कि ये सभी नोटिस पूर्व में आसन द्वारा दी गई व्यवस्था के आलोक में समुचित नहीं पाए गए, इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया गया। अपने नोटिस खारिज किए जाने पर विरोध जताते हुए विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सदस्य अपने स्थानों से आगे आ गए। उप सभापति ने सदस्यों से शांत रहने और अपने स्थानों पर लौट जाने के लिए कहा। उन्होंने शून्यकाल के तहत नाम निर्देशित सदस्य सुधा मूर्ति से अपना मुद्दा उठाने को कहा।

### सत्तापक्ष के लोग मणिपुर की घटना, सैन्य अधिकारी पर टिप्पणी के खिलाफ भी खड़े होते तो अच्छा होता: डिंपल

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने अपने ऊपर एक मौलाना द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने के खिलाफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों के प्रदर्शन को लेकर सोमवार को कहा कि अच्छा होता कि सत्तापक्ष के लोग मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना और सेना की एक महिला अधिकारी पर भाजपा नेताओं की विवादित टिप्पणियों को लेकर भी इसी तरह खड़े होते। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी बात है कि उनके खिलाफ टिप्पणी मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साजिद रशीदी नामक एक मौलाना ने एक टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम में डिंपल यादव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उनके खिलाफ लखनऊ में एक मामला दर्ज किया गया है। डिंपल यादव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राजग के कई सांसदों ने संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट विरोध प्रदर्शन किया।

## पश्चिम बंगाल ओबीसी सूची को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को राहत देते हुए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के 17 जून के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया गया था। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा, प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय का आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। प्रधान न्यायाधीश ने सुझाव दिया कि यदि पक्षकार इच्छुक हों तो वे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध कर सकते हैं कि वे इस मुद्दे पर छह सप्ताह के निर्धारित समय सीमा में निर्णय करने के लिए एक नई पीठ गठित करें। इससे पहले पीठ ने राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा, यह आश्चर्यजनक है। उच्च न्यायालय ऐसा आदेश कैसे दे सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्य का हिस्सा है।

- **सीजेआई ने कहा- प्रथम दृष्टया आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है**

## कहीं सामान्य बारिश तो कहीं दो से तीन गुना तक ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आईएमडी ने जारी किए देश के सभी राज्यों के आंकड़े**

भारत में एक जून को मानसून की शुरुआत के बाद से सामान्य से सात प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई लेकिन वर्षा का स्तर देश के अलग-अलग राज्यों में काफी असमान रहा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि के दौरान देश में 418.9 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 447.8 मिमी वर्षा हुई, जिसमें क्षेत्रवार बारिश के स्तर में काफी भिन्नताएं थीं। राजस्थान, लद्दाख, नगालैंड, मणिपुर और सिक्किम में काफी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। राजस्थान में 200.4 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 384.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो 92 प्रतिशत अधिक है।

इसी तरह लद्दाख जहां आमतौर पर कम वर्षा होती है, वहां 10.7 मिमी वर्षा के मुकाबले 30 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 181 प्रतिशत अधिक है। नगालैंड और मणिपुर में क्रमशः 514.5 मिमी और 457.9 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य के करीब है, जबकि सिक्किम में 598.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई जो सामान्य से 78 प्रतिशत अधिक है।

जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई, उनमें मध्य प्रदेश, गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, झारखंड और असम शामिल हैं। मध्य प्रदेश में 418.4 मिमी की तुलना में 645.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 54 प्रतिशत अधिक है।

### अरुणाचल-बिहार में 45% तक कम बारिश

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र और लक्षद्वीप में सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है। अरुणाचल प्रदेश में 942 .2 मिमी के मुकाबले 521 .8 मिमी बारिश हुई जो 45 प्रतिशत कम है। बिहार में 272 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 474 .2 मिमी से 43 प्रतिशत कम है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में सामान्य बारिश हुई।

## कोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर समिति से कहा- पता करें सरकारों ने कितने मंदिरों को अपने अधिकार में लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 के खिलाफ दायर याचिका पर पीठ ने की सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर की प्रबंधन समिति से कहा कि वह पता करे कि भारत में कितने मंदिरों का प्रशासनिक नियंत्रण सरकारों ने कानूनों के जरिये अपने हाथ में ले लिया है। शीर्ष अदालत ने प्रबंधन समिति की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा, सरकार ने, राज्य ने, कितने सैकड़ों मंदिरों का नियंत्रण अपने हाथ में लिया है? उन्हें जो भी दान मिल रहा हो... बेहतर होगा कि आप वहां जाएं और पता करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसे उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 के खिलाफ दायर किया गया है। मथुरा स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति की ओर से अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिये दायर याचिका में इस अध्यादेश को चुनौती दी गई है जिसमें मंदिर के प्रशासन का नियंत्रण राज्य सरकार को सौंप दिया गया है। जब उसे सूचित किया गया कि मंदिर से संबंधित एक अन्य आवेदन अलग पीठ के समक्ष लंबित है, तो शीर्ष अदालत ने कहा कि दोनों मामलों को एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के लिए भारत के प्रधान न्यायाधीश के आदेश की आवश्यकता है। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के बजाय सीधे शीर्ष अदालत क्यों गए।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी: माफी न मांगने पर मंत्री को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कहा- धैर्य की परीक्षा न लें, एसआटी को 13 अगस्त तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह को भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर सार्वजनिक माफी न मांगने पर फटकार लगाई। कहा, वह कोर्ट के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मंत्री का व्यवहार अदालत को उनकी मंशा पर संदेह पैदा करने के लिए मजबूर कर रहा है। पीठ ने कहा, इस तरह की माफी से आपका क्या मतलब है, उन्होंने पहली तारीख को ही यह बयान दे दिया था। हम एक सार्वजनिक माफी की बात कर रहे हैं। यह रिकॉर्ड में कहां है, वह हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। शाह की ओर से पेश अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि उनके मुवक्किल ने सार्वजनिक माफी मांगी है जिसे ऑनलाइन मंच पर साझा किया गया था और इसे अदालत के रिकॉर्ड में रखा जाएगा। पीठ ने कहा, ऑनलाइन माफी क्या होती है। आप माफीनामा रिकॉर्ड में रखें। हमें इसे देखना होगा। पीठ ने जांच के लिए गठित एसआईटी को 13 अगस्त तक रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल करने को कहा। एसआईटी के एक अधिकारी सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट लेकर अदालत में पेश हुए, जिसमें कहा गया कि जांच दल पूछताछ किए गए 27 लोगों के बयानों की पड़ताल कर रहा है।

## ममता ने पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने के विरोध में शुरू किया भाषा आंदोलन

**बोलपुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विरोधी अपने आक्रामक अभियान को तेज करते हुए सोमवार को 'भाषा आंदोलन' शुरू किया। ममता ने केंद्र और निर्वाचन आयोग पर पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करने की साजिश और बांग्लाभाषी प्रवासियों के खिलाफ भाषाई आतंकवाद का आरोप लगाया।

उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित सांस्कृतिक स्थल बोलपुर से राज्यव्यापी 'बांग्ला भाषा आंदोलन' की शुरुआत करते हुए घोषणा की कि वह जान दे देंगी, लेकिन अपनी भाषा नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने मतदाता सूची संशोधन की आड़ में बंगाली अस्मिता को मिटाने, गरीबों को मताधिकार से वंचित करने या प्रवासियों को बाहर निकालने के प्रयासों के खिलाफ खड़े होने का संकल्प लिया।

ADMISSION NOTIFICATION SESSION 2025-2026 | Adv. No. 06/2025

INTEGRAL UNIVERSITY
LUCKNOW - INDIA

A+ ACCREDITED BY NAAC

NABH ACCREDITED 820 BEDDED HOSPITAL | NABL ACCREDITED LABS | NBA & ICAR ACCREDITED PROGRAMS | QS I-GAUGE DIAMOND | 27 YEARS OF EXCELLENCE

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION IN UG, PG & Ph.D. PROGRAMS IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

**FACULTY OF ENGINEERING & INFORMATION TECHNOLOGY**
- Electronics & Communication Engineering
- Computer Science & Engg.
- Biochemical Engg.
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Biotechnology
- Food Technology
- Biomedical Engineering
- Computer Application
- Bioinformatics

**FACULTY OF SCIENCE**
- Biotechnology
- Life Sciences
- Biochemistry
- Mathematics & Statistics
- Chemistry
- Industrial Chemistry
- Physics
- Microbiology
- Environmental Science
- Zoology with Chemistry / Botany
- Botany with Chemistry/Zoology

**FACULTY OF AGRICULTURAL SCIENCE & TECHNOLOGY**
- Agriculture
- Agricultural Engineering
- Agribusiness Mgmt.
- Genetics & Plant Breeding
- Agronomy
- Soil Science
- Fruit Science
- Vegetable Science

**FACULTY OF ARCHITECTURE, PLANNING & DESIGN**
- Architecture
- Fashion Design
- Product & Interior Design

**FACULTY OF EDUCATION**
- Education

**FACULTY OF LAW**
- Law

**INTEGRAL BUSINESS SCHOOL**
- Business Administration
- M.B.A.-Health Care Mgmt.
- Financial Services
- Supply Chain Mgmt.

**FACULTY OF COMMERCE**
- Commerce
- Retail Operations Mgmt
- Business Analytics
- Hotel Management

**FACULTY OF HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
- Economics
- History
- Political Science
- Psychology
- Sociology
- Liberal Arts
- International Relations
- Public Administration
- English
- Clinical Psychology
- Journalism & Mass Communication

**FACULTY OF MEDICINE & HEALTH SCIENCES**
- MBBS
- MD/MS
- Medical Anatomy
- Medical Physiology
- Medical Biochemistry
- Medical Microbiology
- Medical Pharmacology
- Clinical Psychology
- Optometry
- Medical Lab Science
- Dialysis Technology
- Occupational Therapy
- Forensic Science
- Hospital Administration
- Public Health
- Nutrition and Dietetics
- O. T. Technology
- Respiratory Care Tech.
- Cardiovascular Tech.
- Blood Banking Technology
- Anesthesiology and Intensive Care Technology

**DIPLOMA PROGRAM**
- Anesthesia & Critical Care Technician
- CT Scan Technician
- Dialysis Technician
- Emergency Trauma & Care Technician
- Optometry
- MRI Technician
- X Ray Technician
- Nurse Practitioner in Critical Care
- Auxiliary Nursing & Midwifery
- Elementary Education
- Early Childhood Care & Education
- Proficiency (Arabic)
- Proficiency (Urdu)

**UNIVERSITY POLYTECHNIC**
- Architecture
- Civil Engineering
- Civil Engineering (Construction Management & Safety)
- Electrical Engineering
- Electronics Engineering
- Computer Science & Engineering
- Communication & Computer Networking
- Mechanical Engineering
- Mechanical Engineering (Automobile)

Dual Degree Program with Szechenyi Istvan University, Hungary
Master in International Economics & Business (M.Sc.)
& Master of Business Administration (MBA)
ONE SEMESTER IN HUNGARY

Dual Degree Program with
Tashkent Institute of Chemical Technology, Uzbekistan
Master of Science in Biotechnology
ONE SEMESTER IN UZBEKISTAN

APPLY FOR IUET - 2025 Integral University Entrance Test
+91-93351 77775
website : www.iul.ac.in | e-mail : admission@iul.ac.in
INTEGRAL BUSINESS SCHOOL | INTEGRAL Start Ups FOUNDATION | INTEGRAL HOSPITAL 1000+ BEDED HOSPITAL

## न्यूज ब्रीफ

### वकील की पत्नी से चेन लूटी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** मूलतः उन्नाव कोतवाली के प्रयाग नारायण खेड़ा निवासी विनीता तिवारी के मुताबिक उनके पति योगेंद्र कुमार तिवारी वकील है। उनकी तबियत खराब चल रही थी। जिसके कारण एसजीपीजीआई में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वह इलाज कराने के लिए अपने रिश्तेदार के घर संतुष्टि एंक्लेव में रह रही हैं। रविवार रात को 10 बजे वह कूड़ा फेंकने व गाय को रोटी डालने के लिए तिराहे तक गई थी। वापस आते समय अपार्टमेंट के गेट पर तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर सोने की चेन खींच ली। वारदात को अंजाम देकर तीनों तिराहे की तरफ भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### महिला ने दंपति पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी के मस्तेमऊ गांव निवासी रामरती ने गांव के दंपति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। रामरती के मताबिक शनिवार देर रात को संदीप व उसकी पत्नी संजना घर में घुस आये। गालियां दी सरिया से हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी तो आरोपियों ने बिजली काट दिये। सादे कागज पर अंगूठा लगवाने का प्रयास किया। धमकी दी कि घर मेरे नाम कर दो नहीं तो जान से मार देंगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### क्लीनिक से खींचकर युवक से मारपीट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के गढ़ी चुनौटी की रेनू ने बनियन खेड़ा में रहने वाले बृजेश, रमेश, उसकी मां, कई लोगों पर मारपीट व जातिसूचक गालियां देने की रिपोअर् दर्ज कराई है। आरोप है कि रेनू का बेटा रविवार की शाम डॉक्टर की क्लीनिक पर सफाई कर रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उसे खींचकर पीट दिया। रेनू बचाने गई तो उसे जातिसूचक गालियां दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। सादुल्ला नगर निवासी वीरेंद्र कुमार ने जानकीपुरम निवासी उदय रावत, उसकी पत्नी रोशनी, ऐन गांव के लकी, करन, राहुल और चंदू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक को पीटा, चार पर एफआईआर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के माती गांव निवासी अब्दुल हमीद पर लोडर मालिक ने भाइयों के साथ मिलकर हमला कर दिया। उनकी गलती सिर्फ इतनी थी कि वह रास्ते में खड़े लोडर को हटाने के लिए कहा। रविवार दोपहर अब्दुल हमीद सिलिंडर लजेकर घर जा रहे थे। रास्ते में वाहिद का लोडर खड़ा था। लोडर हटाने के लिए कहा तो वाहिद ने गाली देनी शुरू कर दी ।विरोध करने पर वाहिद ने इरशाद, नौशाद व इरफान को बुला लिया। सभी ने मिलकर लाठी-डंडे से पीट दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### भूख हड़ताल पर बैठे पांच परिवार

**अमृत विचार,मोहनलालगंज :** तहसील मोहनलालगंज के गोपालखेड़ा के त्रिलोकी, शान्ति, जमुना ,प्रकाश ,रानी देवी बच्चों के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गए। देर रात तक वहीं डटे रहे। त्रिलोकी ने बताया कि हमारे घरों का पानी निकलने वाली नाली एक महिला ने बंद करवा दी है ।वह महिला गांव छोड़कर जा चुकी है। नाली बंद होने की शिकायत कई बार तहसील औऱ थाने में की लेकिन सुनवाई नही हुई ।

# पत्नी के हत्यारे ने फंदा लगा दी जान

## रविवार को पत्नी की ईंट से कूंच हत्या कर भाग गया था, दोनों शवों का हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, माल

**अमृत विचार:** माल के बाजार गांव में पत्नी सीमा (25) की रविवार को ईंट से कूंचकर हत्या करने वाले रवि रावत (28) ने सोमवार को खुदकुशी कर ली। उसका शव गांव से कुछ दूर अकबरपुर गांव में पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रवि पत्नी की हत्या के बाद नंगे पाव घर से भागा था। पुलिस के मुताबिक दोनों के शव का देर शाम एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि अकबर गांव के अमरनाथ दीक्षित के बाग में पैंट के फंदे के सहारे शव लटका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराई तो रवि के रूप में हुई। रवि के परिजन को सूचना दी गई। चाचा मधुराम ने बताया कि सीमा की हत्या कर नंगे पांव भागते वक्त रवि रो रहा था। इसी कारण शक हुआ तो घर के अंदर जाकर देखा तो सीमा का शव पड़ा मिला था। गुस्से में उसने पत्नी की हत्या कर दी। वहीं, पडोसियों ने बताया कि घटना से पहले रवि बहुत खुश था। दूध , नमकीन समेत अन्य सामान घर लेकर गया था। सीमा से नाश्ता बनाने को बोला था। फिर पांच वर्षीय बच्ची के साथ तेज गाने पर नाच रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और रवि ने गुस्से में आकर ईंट से सीमा पर वार कर हत्या कर दी थी। परिजन ने बताया कि रवि रावत अपने बहनोई रामभजन काफी ज्यादा बीमार है। उन्हें देखने के लिए ही वह चंडीगढ़ से पत्नी सीमा व छोटी बेटी के साथ माल स्थित घर आया था। वह शनिवार को उसे वापस चंडीगढ़ जाने लगा तो बहन ने रोक लिया था। कहा कि बहनोई की हालत बहुत गंभीर है। कुछ जरूरत पडेगी तो चंडीगढ़ से आ नहीं पाएगा। इसी के चलते वह पत्नी के साथ कुछ दिनों के लिए और रूक गया था।


बाजार गांव में पति और पत्नी के शव पहुंचने पर रोते बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

### नशे की लत से बिखर गया परिवार

ग्रामीणों के मुताबिक रवि नशे का आदी था। शराब के नशे में अक्सर घर में वह मारपीट करता था। कुछ समय से वह परिवार के साथ चंडीगढ़ में रहकर काम कर रहा था। चार दिन पहले ही वह चंडीगढ़ से लौटकर आया था। नशे की लत के चलते दोनों मासूम बेटियों पायल और पलक के सिर से माता पिता का साया उठ गया। दोनों बच्चियां उन्नाव के औरास स्थित अपनी ननिहाल चली गई।


मृतक रवि रावत।


नाना जगजीवन और नानी सरोज कुमारी की गोद में मृतदंपति के बच्चे पायल व पलक ।

# हाईकोर्ट के आसपास आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को होगा।

वहीं बुधवार को मतगणना होगी। इसे देखते हुए हाईकोर्ट के आसपास यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि मतदान के समय यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। इस दौरान इमरजेंसी में 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

**यहां रहेगी रोक**

- हाईकोर्ट मोड़ से सामान्य यातायात आइजीपी की तरफ
- हाईकोर्ट मोड़ से हाईकोर्ट सर्विस लेन (गेट नं0-3/4) होते हुए कमता की तरफ
- आइजीपी चौराहे से न्यू हाईकोर्ट मोड़ की तरफ
- विजयीपुर अंडरपास चौराहे से सर्विस रोड होते हुए कमता तिराहा से न्यू हाईकोर्ट की तरफ

**यहां से जाएं**

- पालीटेक्निक चौराहा होते हुए विजयीपुर अंडरपास चौराहा, कठौता चौराहा होते हुए
- आइजीपी चौराहा व विजयीपुर अंडरपास चौराहा से कठौता चौराहा होते हुए

# 80 रुपये का खाना 180 का दिया बिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रेन नं. 13005 हावड़ा-अमृतसर मेल में यात्री से हुई ओवर चार्जिंग

**अमृत विचार:** ट्रेन में खाने की निर्धारित दर से दोगुने से अधिक रुपया वसूला गया। यात्री ने जब इसकी शिकायत की तो रेलवे ने सेवा में कमी की श्रेणी में शिकायत दर्ज कर मामले को बंद कर दिया।

यात्री अमन कुमार ट्रेन नं. 13005 हावड़ा-अमृतसर मेल से शनिवार को पटना से जालंधर कैंट जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने रसोई यान के कर्मचारी से शाकाहारी भोजन की थाली आर्डर की। जिसकी कीमत 80 रुपये थी लेकिन खानपान का ठेका लेने वाली लाइसेंसधारी फर्म के कर्मचारी ने उनसे 180 रुपये मांगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो मैनेजर ने उन्हें 180 रुपये का बिल थमा दिया। जब अमन ने इसकी शिकायत रेलवे से की तो उसने भी खेल कर मामले को रफादफा कर दिया। आइआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा का कहना है कि ट्रेन में खाने की दर उसमें शामिल व्यंजन के आधार पर अलग-अलग होती है। हालांकि इस ट्रेन की ओवरचार्जिंग की शिकायत की जांच पूर्वी परिक्षेत्र से कराई जा रही है।

### कूड़ा उठान में पकड़ी अनियमितता

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की टीम द्वारा सोमवार को चलाये गए अभियान में रेलवे, आरडीएसओ और रेलवे चारबाग क्षेत्र में सेकेंडरी कूड़ा उठान में अनियमितता पकड़ी। जांच में पाया गया कि नगर निगम द्वारा अधिकृत लॉयन इनवायरो की जानकारी के बिना रेलवे की कालोनियों से कूड़ा उठाया जा रहा था और धन उगाही की जा रही थी। घरों से कूड़ा उठान का कार्य अवैध तरीके से फर्म के कर्मचारी करके यूजर चार्ज आपस में बांट रहे थे। इससे नगर निगम की छवि खराब हो रही थी साथ ही राजस्व का भी नुकसान हो रहा था। जांच में लॉयन इनवायरो कंपनी के जोनल इंचार्ज राहुल मौर्या, सेकेंडरी सुपरवाइजर सुनील त्यागी व अजय श्रीवास्तव और जेसीबी चालक सलामुद्दीन की संलिप्तता पायी गयी। इनके खिलाफ पारा थाने में एफआईआर करवाई गई है। लॉयन इनवायरो की टीम ने मामले की रिपोर्ट नगर आयुक्त गौरव कुमार को सौंपी है। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कूड़ा प्रबंधन कार्य में पारदर्शिता लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई नगर आयुक्त द्वारा शनिवार को सफाई व अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक के बाद की गई है।

# दखिना गांव में शिव महापुराण कथा शुरू

संवाददता, निगोहां

**अमृत विचार:** जब संसार से आशा टूटने लगती है, तब मानव की आत्मा ईश्वर की शरण में शांति और समाधान खोजती है। ऐसा ही भाव निगोहा क्षेत्र के दखिना गांव में सोमवार से प्रारंभ श्री शिव महापुराण कथा में देखने को मिला, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर भगवान भोलेनाथ की महिमा का श्रवण किया।

कथाव्यास श्री जयशंकर प्रसाद शुक्ला जी महाराज ने कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि "जब मनुष्य को संसार में चारों ओर से निराशा और दुःख मिलता है, तब वह प्रभु की शरण में आता है। भगवान शिव ऐसे देवता हैं जो बिना भेदभाव के सबको अपनाते हैं।


महालक्ष्मी सेवा समिति के नेतृत्व में रूद्राभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

### शिवभक्तों ने किया रूद्राभिषेक

**अमृत विचार, काकोरी :** मोहान रोड धनिया महरी पुल के पास सोमवार को महालक्ष्मी सेवा समिति के नेतृत्व में शिवभक्तों ने रूद्राभिषेक किया। आचार्य अमूल्य अवस्थी ने पुष्प, बेलपत्र, शमीपत्र, भांग, धतूरा, दूध, शहद, गंगाजल, गन्ने का रस, चंदन आदि से पूजन कराया। प्रेम चंद्र यादव, सुभाषिनी यादव, दीपू यादव, संजय श्रीवास्तव, ज्ञानचंद्र यादव, लक्ष्मी यादव, हिमांशु यादव मौजूद रहे।

# तृतीय सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, माल:** कस्बे के श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा। राम आसरे चौरसिया, आशुतोष चौरसिया सूरज पटेल ,रविनेश संतोष साहू पप्पू रावत ,भोले पटेल अभिषेक चौरसिया समौजूद रहे।

# डायरिया से मौतें रोकने में ओआरएस कारगर

कार्यालय संवाददता

**अमृत विचार, लखनऊ:** ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है। इससे डायरिया से होने वाली मृत्युदर में भी कमी आई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि लोगों को जागरूक करने को 29 जुलाई को विश्व ओआरएस दिवस मनाया जाता है। प्रदेश में बच्चों में दस्त की व्यापकता राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में 15 प्रतिशत से घटकर सर्वेक्षण-5 में केवल 5.6 प्रतिशत रह गई है। अभियान चलाकर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए ओआरएस और जिंक के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं । डॉ. मिलिंद वर्धन, महाप्रबंधक, बाल स्वास्थ्य ने बताया कि राज्य भर में हर साल दस्त रोको


मिशन निदेशक पिंकी जोवेल

**विश्व ओआरएस दिवस आज**

अभियान चलाया जाता है, खासकर मानसून के मौसम में जब दस्त के मामले बढ़ जाते हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह का कहना है कि रोटावायरस द्वारा आंत्र संक्रमण के कारण होने वाला दस्त दो वर्ष के बच्चों में एक व्यापक समस्या है। वायरल रोगों में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग निरर्थक, बल्कि हानिकारक है।


जेल परिसर में आयोजित तीज उत्सव में शामिल महिलाएं ।

# जेल परिसर में मनाया तीज उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कारागार परिसर में सोमवार को तीज उत्सव मनाया गया। जेलर आवास में आयोजित समारोह में अधिकारियों की पत्नी और महिला जेल अधिकारियों व बच्चों ने नृत्य, गायन समेत कई सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लिया। अरुणा जायसवाल, आरती पाण्डेय, निताशा प्रियदर्शी ने केक काटकर समारोह का उदघाटन किया। इस मौके पर आंचल शुक्ला,पूनम मिश्रा,प्राची सिंह, आरती पटेल, सुकन्या, निधि, अंशु, सुमन आदि शामिल रहीं।

# टेंट कारोबारी के घर में घुसकर चाकू से हमला

**अमृत विचार, गोसाईगंज:** खुजौली में रहने वाले टेंट कारोबारी अमर सिंह ने बताया कि रात ढाई बजे वह छत पर बने कमरे में सो रहा था तभी नकाबपोश दो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर सोने की चेन व बेड की दराज में रखे एक लाख रुपये लूट लिए। टेंट कारोबारी ने एक बदमाश को पहचान लेने का दावा किया। पुलिस ने घायल का अस्पताल में उपचार कराया। इसके बाद आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। एसीपी रजनीश वर्मा के मुताबिक जिस पर कारोबारी ने आरोप लगाया है उसका साथी है। टेंट कारोबारी 15 दिन पहले जुआ खेलने के आरोप में पकड़ा गया था। युवक पर टेंट कारोबारी मुखबिरी का आरोप लगाया था। रिपोर्ट दर्जकर उससे पूछताछ कर ही है।




**विरोध** | बसंतकुंज सेक्टर-ए गई थी लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम

# एलडीए टीम को सीमांकन से रोका, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क से 9-12 मीटर छोड़े जाएंगे मकान
- आज से लाल डोरा से प्रथक किए जाएंगे गांव

**अमृत विचार :** बसंतकुंज योजना का सेक्टर-ए विकसित करने सोमवार को छंदोय्या गांव पहुंची लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम विरोध के आगे क्षेत्र का सीमांकन नहीं कर पाई। मौके पर भारी पुलिस बल बुलाया गया ।एकजुट किसानों ने सड़क से 9 से 12 मीटर तक मकान छोड़ने की बात रखी। इस पर अफसरों ने सहमति जताकर मंगलवार से लाल डोरा डालकर गांवों को प्रथक करने की बात कही।

एलडीए की टीम पुलिस बल के साथ हरदोई रोड स्थित छंदोय्या गांव की अर्जित जमीन पर बसंतकुंज आवासीय योजना का सेक्टर-ए विकसित करने लिए सीमांकन करने पहुंची। यहां दुबग्गा मंडी का विस्तार, 272 आवंटियों के भूखंड समेत कई योजनाएं विकसित करना है। टीम ने सीमांकन की प्रक्रिया शुरू की तो एकत्र हुए ग्रामीणों ने विरोध करके बढ़ा हुआ मुआवजा मांगा। मौके पर और पुलिस बल बुलाया गया। इसके बाद अफसरों ने किसानों से वार्ता करके उनकी समस्याएं सुनी।

उन्हें अवगत कराया कि एक्ट के तहत तीन बार बढ़ा मुआवजा दे चुके हैं। सक्षम स्तर, कोर्ट या शासन से मुआवजा बढ़ाने का कोई निर्देश भी नहीं है।

इसके बाद किसानों ने दूसरी मांग सड़क से 9 व 12 मीटर मकानों को छोड़कर सीमांकन करने की रखी ताकि उनके मकान टूटने से बच जाएं। अफसरों ने इस पर सहमति जताई। अवगत कराया कि यह बात पहले भी मानी गई थी। घंटों चली वार्ता में तय हुआ कि मंगलवार से सड़क पर लाल डोरा डालकर गांवों को प्रथक करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


बसंतकुंज योजना का सेक्टर-ए में एलडीए टीम का विरोध करते लोग।

न्यूज ब्रीफ

## ससुराल में दामाद को खिलाया कीटनाशक

बाराबंकी, अमृत विचार : सीतापुर से बाराबंकी में ससुराल आए दामाद को कीटनाशक खिला दिया। पीड़ित को गंभीर दशा में लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पृथ्वी (25) ग्राम लोधौनी मजरे चांदपुर थाना रामपुर मथुरा सीतापुर निवासी है। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के मिर्जापुर लोनियन पुरवा गांव अपनी ससुराल आया था। पृथ्वी की मां फूलवासा पत्नी वंशीलाल चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 जुलाई की शाम पुत्र की ससुराल में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी कहासुनी से नाराज होकर चचेरे ससुर कौशल, सरबजीत, नरेंद्र, सियाराम ने उसे पीटा और कीटनाशक खिलाने की कोशिश की और उसके गुप्तांग पर भी जहरीला पदार्थ डाल दिया।

# प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी व दोस्त पर चाकू से हमला, किशोर की मौत

## लड़की के पिता ने घटना को दिया अंजाम, एक नामजद व दो अज्ञात पर केस

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार देर रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक और उसके साथी पर लड़की के पिता ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में प्रेमी के साथ गए किशोर की मौत हो गई जबकि लड़की का प्रेमी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक नाजमद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बेरमरूफ गांव निवासी संजय निषाद (15) शंकर अग्रहरि की चाय की दुकान पर काम करता था। रविवार सुबह संजय का दोस्त कुनाल अग्रहरि (22) उसे काम के लिए मुस्तफाबाद सरैया ले गया था। रात करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पलिया गोलपुर नहर की पटरी के पास संजय का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता सुनील निषाद की तहरीर पर पुलिस ने लड़की के पिता को नामजद करते हुए दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जल्द ही घटना का पूरा खुलासा किया जाएगा।



संजय निषाद की फाइल फोटो।

### बाइक से दो दोस्तों के साथ गया था संजय

कादीपुर : रविवार की देर रात दुकान बंद करने के बाद मुस्तफाबाद सरैया का प्रेमी युवक कुनाल अपने एक अन्य दोस्त बाबू के साथ संजय को भी बाइक से लेकर पलिया गोलपुर गांव के नहर के पास अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। जहां प्रेमिका जब उससे मिलने पहुंचीं तभी पीछे से उसका पिता घनश्याम भी वहां पहुंच गया। सूत्रों के मुताबिक उसने चाकू से कुनाल पर हमला किया। कुनाल व संजय तेजी से बाइक की तरफ भागे तो पीछे से आरोपी घनश्याम ने दौड़ पड़ा। इस दौरान घनश्याम संजय निषाद पर ताबड़तोड़ चाकू से वार करता रहा। जबकि, कुनाल अपने दोस्त बाबू के साथ भाग निकला। देर रात जब मृतक संजय के परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, तब जाकर मामला खुला।

## बेटों के साथ मिलकर पति को मार डाला

शिवली, कानपुर देहात, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के बैरी दरियाव गांव के मौजूदा ग्राम प्रधान की रविवार रात में झगड़े के बाद पत्नी ने दो पुत्रों के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी और शव को सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताते हैं कि शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरीदरियाव गांव के मौजूदा ग्राम प्रधान प्रेमनारायन कमल (45) रविवार रात शराब के नशे में घर पहुंचा। इसी दौरान पत्नी शिवदेवी से विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर शिवदेवी ने दो नाबालिग पुत्रों के साथ मिलकर गला दबाकर प्रेमनारायण की हत्या कर दी।



प्रेमनारायन कमल।

# किशोरी पर धर्म परिवर्तन व निकाह का बनाया दबाव

संवाददाता, अमेठी

- आरोपी के चंगुल से छूटी किशोरी ने घर पहुंचकर दर्ज कराया केस

अमृत विचार। थाना पीपरपुर क्षेत्र में एक महीना पहले नाबालिग लड़की को फुसलाकर ले गये आरोपी ने उस पर जबरन धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव बनाया, साथ ही जोर जबरदस्ती भी की। किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर घर पहुंची पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता के भाई ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पीपरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बहन को गांव के ही हैदर अली पुत्र नियामत अली ने बहला फुसलाकर प्रेम में फंसाया और भगा कर हैदराबाद ले जाकर अपने कमरे पर रखा। कुछ दिनों बाद हैदर अली ने नाबालिग के साथ मारपीट की और धर्मपरिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोपी ने नाबालिग के साथ जोर जबरदस्ती भी की। 10 जुलाई को हैदर अली की गैर मौजूदगी में उसकी बहन किसी तरह कमरे से निकलकर टिकावर निवासी एक व्यक्ति के साथ बदहवास हालत में अपने घर पंहुची और परिजनों को आपबीती बतायी। इस संबंध में एसएचओ पीपरपुर रामराज कुशवाहा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

## बाराबंकी के महादेवा में बम-बम



रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : सावन के तीसरे सोमवार को रामनगर स्थित महाभारत कालीन ऐतिहासिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार की आधी रात से ही शिवभक्तों की कतार लगनी शुरू हो गयी थी। करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। कन्नौज, घाटमपुर, महोबा, उरई, कानपुर, झांसी, जालौन, गोंडा, बहराइच, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई समेत अनेक जनपदों से आये श्रद्धालुओं ने महादेवा नगरी को शिवमय बना दिया। रविवार शाम से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का क्रम सोमवार देर रात तक अनवरत जारी रहा। ● अमृत विचार

# रमेश व प्रशांत के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : सोमवार तड़के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में करंट फैलने से हुए हादसे में जान गंवाने वाले रमेश व प्रशांत के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। एक वर्षीय बेटे के पिता रमेश की झोली में दूसरी संतान का सुख गिरने वाला था। वहीं मजदूरी करके परिवार पाल रहे माता पिता का दुलारा प्रशांत अब इस दुनिया में नहीं रहा।

रमेश कुमार के सगे भाई फूलचंद ने बताया कि रमेश कुमार लखनऊ के एक होटल में काम करता था। परिवार में पत्नी व एक साल का बेटा है। वहीं एक ही माह बाद पत्नी की डिलीवरी भी होने वाली है। रमेश के दो बहन व दो भाई हैं। जबकि पिता इस दुनिया में नहीं हैं। हादसे के बाद रमेश का परिवार टूट सा गया है। रमेश पूरे परिवार का भार संभाल रहा था। इसी तरह प्रशांत कुमार इंटर का छात्र और दो बहनों का मंझला भाई था। प्रशांत का एक छोटा भाई भी है। माता पिता मजदूरी कर परिवार चलाते हैं और प्रशांत पढ़ाई में मगन रहता था। प्रशांत की मौत से न सिर्फ माता पिता बल्कि दो बहनों व छोटे भाई का रो रोकर बुरा हाल है। चंद दिनों बाद ही रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है, भाई के न रहने पर अब वह किसे राखी बांधेगीं, यही सोचकर बहनें बेहाल हुई जा रहीं हैं। दोनों ही परिवार उस घड़ी को कोस रहे हैं, जब उनके प्रिय रात भर जाग कर दर्शन को निकले थे।



रमेश फाइल फोटो।



प्रशांत फाइल फोटो।

- बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़ का मामला



हादसे के बाद टिनशेड के ऊपर से तार हटाता बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

हादसा होते ही प्रशासन व पुलिस सक्रिय हुई और घायलों को निकट की सीएचसी भेजा गया। राज्यमंत्री सतीश शर्मा, कमिश्नर अयोध्या गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय समेत पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। हादसे के काफी देर बाद तक अफरा तफरी मची रही लेकिन स्थिति सामान्य होते ही दर्शन व अभिषेक का क्रम दोपहर तक फिर सामान्य हो गया।

### टिनशेड में करंट उतरने की जांच जारी

जिला प्रशासन का कहना है कि हादसा सोमवार तड़के करीब 2 बजे हुआ, जब श्रद्धालु लाइन में टिन शेड के नीचे खड़े थे। इसी दौरान एक बंदर केबल पर कूद पड़ा, जिससे तार टूटकर टिन शेड पर गिर गया और करंट फैल गया। हालांकि, चश्मदीदों ने प्रशासन के दावे पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि हादसा पुलिसकर्मियों की लापरवाही से हुआ। पुलिसकर्मी टिन शेड की जाली पर डंडे मार रहे थे। उसी दौरान केबल टूटकर टिन शेड पर गिर गई और करंट फैल गया। हालांकि प्रशासन ने इन दावों को सिरे से नकार दिया।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 11 गंभीर

सोहावल/बड़ागांव, अयोध्या

- रौनाही थाना क्षेत्र स्थित अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर हुआ हादसा
- बस में सवार थे कानपुर के 62 श्रद्धालु, बाराबंकी में जलाभिषेक के बाद आ रहे थे अयोध्या

अमृत विचार : थाना रौनाही के अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सत्तीचौरा चौकी अंतर्गत बरसेंडी मोड़ से बसहा चौराहे के बीच सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे बाराबंकी से अयोध्या आ रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस हाईवे पर पलट गई। यात्रियों की चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़े व अंदर फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। बस में 62 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 45 घायल हो गए। 11 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

दुर्घटनाग्रस्त बस कानपुर से श्रद्धालुओं को लेकर बाराबंकी आई हुई थी, यहां पर लोधेश्वरनाथ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करने के बाद सभी अयोध्या दर्शन पूजन को आ रहे थे। इस दौरान रिमझिम बरसात भी हो रही थी। सत्तीचौरा चौकी अंतर्गत बरसेंडी मोड़ से बसहा चौराहे के बीच अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया व बस बीच हाईवे पर ही पलट गई। यह देख स्थानीय लोग दौड़े व बस की खिड़कियों का शीशा तोड़कर अंदर फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार रिशु जैन व चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने एंबुलेंस की सहायता से 15 घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, यहां तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## तीन बच्चों की मां फरार, रिपोर्ट दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से तीन बच्चों की मां के फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी 25 वर्षीय पत्नी 16 जुलाई को तीनों बच्चों के साथ घर से कहीं चली गई है। पत्नी को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जनकपुर से अयोध्या विश्व का प्राचीनतम महामार्ग : प्रो. हरिवंश

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सेमिनार हॉल में सोमवार को 'जनकपुर अयोध्या महामार्ग की खोज' विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता सेंटर फार इकोनॉमिक एण्ड टेक्निकल स्टडीज, जनकपुर, नेपाल के कार्यकारी निदेशक प्रो. हरिवंश झा ने बताया कि जनकपुर से अयोध्या विश्व का प्राचीनम महामार्ग है। वह वर्तमान परिवेश में इसे चिन्हित करने की परियोजना पर कार्य कर रहे हैं।

# दो छात्राओं को स्कूल से जबरन निकाला

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी

- अध्यापक और प्रधानाध्यापक पर पीटने का भी लगाया आरोप

अमृत विचार : दो छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर पीटने और जबरन टीसी देकर स्कूल से निकालने का आरोप लगाया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नागापुर मजरे हड़ाहा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में गांव की प्रतिज्ञा गुप्ता (14) पुत्री अमिता कुमारी और यामिनी (13) पुत्री संतोष कुमारी पढ़ती हैं। आरोप है कि बीती 25 जुलाई को विद्यालय में तैनात अध्यापक रामयश गौतम के कक्षा में न होने पर छात्राएं दूसरे अध्यापक से प्रश्न पूछने चली गईं। कक्षा में आए रामयश गौतम ने पूछा कि वह दूसरे अध्यापक के पास क्यों गईं। छात्राओं के कारण बताते ही अध्यापक आक्रोशित हो गए। छात्राओं का आरोप है कि उन्होंने क्रिकेट बैट से प्रतिज्ञा के पेट पर और यामिनी की पीठ पर मारा। दूसरे दिन छात्राओं की माताओं ने प्रधानाचार्य सुमन यादव से शिकायत की लेकिन दोनों का आरोप है कि प्रधानाचार्य ने अभद्र व्यवहार किया। छात्राओं का आरोप है कि उनकी माताओं के जाने के बाद प्रधानाचार्य ने दोनों को कई थप्पड़ मारे और दोनों को टीसी देकर स्कूल से निकाल दिया। शिकायती पत्र में पुलिस से अध्यापक और प्रधानाचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया कि दोनों महिलाओं के प्रार्थना पत्र मिले है। पुलिस को विद्यालय भेजकर मामले की जांच की जा रही है। प्रधानाध्यापक सुमन यादव का कहना है कि टीसी अभिभावकों के कहने पर ही जारी की गयी है।

आस्था

रामनगरी के मंदिरों में झूलनोत्सव का भव्य आयोजन

# सोने-चांदी के झूले पर घूम रहे कनक बिहारी सरकार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : झूलनोत्सव की शुरुआत से प्रसिद्ध कनक भवन मंदिर में कनक बिहारी सरकार मंदिर प्रांगण में सोने-चांदी से बने झूले पर विराजमान हो गए हैं। श्रद्धालुओं ने सोमवार को जब अपने आराध्य को झूले पर सवार देखा तो भावुक हो गए। यहां सजी अलौकिक झांकी को टकटकी लगाकर निहारते रहे। वहीं मंगलवार को नागपंचमी पर्व पर रामलला भी रजत हिंडोले में विराजमान हो जाएंगे।

रविवार से रामनगरी में सावन झूला मेला का शुभारंभ हो गया। शाम ढलते ही मंदिर विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों से सजने लगे हैं। सोमवार को ऐतिहासिक कनक भवन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूलनोत्सव का आनंद लेते हुए नजर आए। वहीं प्रभु की सखियां भी अपने अंदाज में भगवान के स्वरूप के समक्ष कजरी गीत गाकर नृत्य की प्रस्तुति दे रही हैं, जो भक्तों को भाव विभोर कर रही हैं। झूला झूल रहे कनक बिहारी सरकार के झूले की डोरी न रुके, इसके लिए एक श्रद्धालु से दूसरे श्रद्धालु के हाथ लगती डोर भक्त और भगवान के बीच की कड़ी बन रही है। यह उत्सव श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा।



कनक भवन में झूला विहार करते कनक बिहारी सरकार। अमृत विचार

### आज रजत हिंडोले पर विराजेंगे रामलला

राम मंदिर में नाग पंचमी से झूलनोत्सव प्रारम्भ हो रहा है। गर्भगृह में विराजमान रामलला रजत हिंडोले पर सवार होकर झूला विहार करेंगे। इसके लिए 21 किलो की चांदी से बने पांच फीट झूले को पूर्व में ही तैयार किया गया था। मंगलवार को ब्रह्ममुहूर्त में ही मंगला आरती के उपरांत रामलला को तीनों भाइयों के साथ झूले पर विराजमान कर दिया जाएगा। इसके बाद भव्य श्रृंगार आरती का आयोजन किया जाएगा।


ॐ साँई राम

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC



डॉ. नीरज टंडन
MD, DNB, Medvar
Dip.in Cl Onco Medvar
Dip. Clinical Oncologist Cancer Specialist in Lucknow
Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai.
P.G.I.M.E.R., Chandigarh, Consultant
Vivekanand Polyclinic and Inst medical sinnces

Avoid Tobacco
Avoid Pan Masala
Avoid Spicy Food
Avoid Fatty Food
Eat Fruit & Vegetable
Vitamin A,E
Trace Elements
Excersice Daily 30min

कैंसर लाइलाज नहीं है यथासमय उपचार से कैंसर ठीक भी हो जाता है
आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री सहायता योजना के अंतर्गत कैंसर का इलाज भी संभव
10 से 11 बजे | 2:30 से 3:30 बजे | 6 से 8 बजे तक
रविवार व शुक्रवार को फोन कर के आये।
Add. 25-27 vasundhara complex
Near Petrol Pump Munshipuliya, Indira Nagar,lko
Phone : 6388663844, 9198948112

# ईडी की गिरफ्त में आया छांगुर बाबा

## विशेष कोर्ट ने पांच दिन की दी कस्टडी रिमांड, होगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर जिले में धर्मांतरण गिरोह संचालित करने वाले जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को छांगुर को जेल से गिरफ्तार किया गया। उसे विशेष अदालत में पेश किया। जहां ईडी ने अवैध फंडिंग, नेटवर्क और मनी लॉन्ड्रिंग की गुत्थी सुलझाने के लिए सात दिन की कस्टडी रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड मंजूर कर ली। इसके बाद ईडी की टीम छांगुर को लेकर अपने साथ चली गई।



जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाती पुलिस फोर्स।

सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच छांगुर बाबा को कोर्ट में लाया गया। छांगुर की पेशी के दौरान ईडी के कई वरिष्ठ अधिकारी भी कोर्ट में मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, सुनवाई के बाद ईडी कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड मंजूर कर दी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि छांगुर से अवैध फंडिंग, नेटवर्क और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े कई अहम सवालों के जवाब लिए जाने हैं। छांगुर बाबा से पूछताछ के लिए लखनऊ की विशेष कोर्ट ने उसे 5 दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी छांगुर बाबा के 40 बैंक खातों में 106 करोड़ रुपये से ज्यादा के संदिग्ध लेन-देन और करोड़ों रुपये की दो संपत्तियों की जांच कर रही है।

### कई अहम दस्तावेज बरामद

छांगुर बाबा के मामले में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। ईडी ने धर्मांतरण के मामले में बलरामपुर में 12 जगह और मुंबई में दो जगहों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छांगुर बाबा पर गैरकानूनी धर्मांतरण, विदेशी धन के उपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों से संबंधित षड्यंत्र रचने का आरोप है। ईडी के अधिकारी छांगुर बाबा से पांच दिनों में धर्मांतरण के अलावा, हवाला के जरिये रुपये के लेनदेन, रुपये के गलत प्रयोग से जुड़े सवाल करेंगे।

# तकनीकी खामी में फंसीं 52 परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्ण नहीं हो पा रही डब्ल्यूडीसी पीएमकेएसवाई 2.0 योजना
- तीन माह से पोर्टल में खराबी, तकनीकी अधिकारी भी नहीं

**अमृत विचार :** 35 जिलों में वर्ष 2022 से धरातल पर उतरी जल संचयन की डब्ल्यूडीसी- पीएमकेएसवाई 2.0 योजना अब 'तकनीकी' खामी में फंसी है। चिह्नित 52 परियोजनाओं का स्पर्श पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा विभाग के पास आगे के कार्य कराने के लिए तकनीकी अधिकारी नहीं हैं। जबकि पांच साल की यह योजना मार्च 2026 तक पूर्ण करनी है और प्रगति 40 फीसदी ही है।

500 करोड़ रुपये की यह योजना परती भूमि विकास की थी। लेकिन, विभाग ने संसाधनों का अभाव होने के कारण योजना कृषि विभाग को दी थी। इसके अंतर्गत भूमि संरक्षण विभाग कार्य करा रहा है। पहले योजना की गाइडलाइन स्पष्ट नहीं थी। इससे निर्माण कार्यों की शुरुआत धीमी रही। इन हालातों में कुछ कार्य और भुगतान हुए तो तकनीकी कमी और विभागीय ऑडिट कराने में फंस गए। इसके अलावा पांचवीं किस्त वर्ष 2024 के अंत में मिलने की वजह से खर्च नहीं हो पाई। इसके बाद इस वित्तीय वर्ष में 20 मई को 46.50 करोड़ रुपये मिले। इसमें कुछ कार्य कराए गए और भुगतान के लिए बिल-बाउचर लगाए गए, जिनका नई व्यवस्था के तहत पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण भुगतान नहीं हो पाया।

### इन जिलों की हैं परियोजनाएं

लखनऊ, बरेली, कानपुर नगर, आजमगढ़, जौनपुर, कन्नौज, रामपुर, बदायूं, बिजनौर, संभ, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अमरोहा, हापुड़, कुशीनगर, देवरिया, महोबा, हमीरपुर, एटा, मथुरा, इटावा, मैनपुरी, चित्रकूट, रायबरेली, अमेठी, वाराणसी, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सहारनपुर व बागपत।

**बारिश से पहले नहीं हो पाए कार्य :** बारिश से पहले परियोजनाओं के अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार और मरम्मत कराना था। भूजल बढ़ाने के लिए कुओं की मरम्मत व जीर्णोद्धार, जीर्ण जल संचय बंधियां, चेकडैम, कैटिल घाट आदि कार्य पूर्ण नहीं हो पाए।

# यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को जापान तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जापान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने की उद्यमियों से साझेदारी पर चर्चा

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने जापान के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। जापान के उद्यमियों ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए अपनी स्वीकृति दी है।

योगी सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान में टोयोटा मिराई नामक अगली पीढ़ी की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार के बारे में चर्चा की, जो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से ऊर्जा उत्पन्न करती है। वहीं, केवल पानी उत्सर्जित करती है। यह तकनीक उत्तर प्रदेश की शून्य उत्सर्जन परिवहन नीति के लिए एक बेहतरीन उदाहरण हो सकती है। इसके अलावा हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और ऊर्जा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संभावित साझेदारियों पर भी चर्चा की गई। इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद मिलेगी। यूपीनेडा के निदेशक ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए वैश्विक संस्थाओं के साथ सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई।

# प्रदेश में निरंतर बढ़ रहे बाघ

- अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस आज होंगे विविध आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय पशु बाघों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी जारी है। 2018 में हुई गणना में यूपी में जहां 173 बाघ थे, वहीं 2022 में बढ़कर यह संख्या 222 हो गई है। योगी सरकार बाघों के संरक्षण को लेकर भी प्रयासरत है।



वहीं, मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने में 'बाघ मित्र' भी बड़ी भूमिका का निभा कर रहे हैं।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व में 2022 की गणना में 135 बाघ, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 63, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में 20, रानीपुर टाइगर रिजर्व में 4 बाघ हैं। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई को विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। लखनऊ चिड़ियाघर में वॉकथान का आयोजन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्य अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि

**अमृत विचार, लखनऊ :** फीडर समीक्षा पर संतोषजनक जानकारी न देने पर आजमगढ़ के बिजली मुख्य अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में फीडर स्तर पर बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। अध्यक्ष ने जौनपुर में हुई बिजली दुर्घटना पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

### प्रशिक्षु निरीक्षकों के लिए कोर्स शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय अकादमी, सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स (नासिन) के आंचलिक परिसर में प्रशिक्षु निरीक्षकों के लिए 26वां 'इंडक्शन कोर्स' सोमवार को शुरू हुआ। मुख्य आयुक्त सीजीएसटी प्रक्षेत्र लखनऊ पीके कटियार ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र वंश गुप्ता के शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा नाम कृष्ण कुमार गुप्ता की जगह सरिता गुप्ता लिख गया है और माता के जगह पर पिता का नाम कृष्ण कुमार गुप्ता लिख गया है जबकि पिता का नाम कृष्ण कुमार गुप्ता और माता का नाम सरिता गुप्ता है। **कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी बेहटा बाजार कुर्सी रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता आवासीय भूखण्ड, रकबा 1200 वर्गफिट जो खसरा सं0–99 का भाग है, स्थित–मल्लपुर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ की स्वामित्व श्रृखला का मूल विक्रय विलेख दिनांकित 24.06.2011 जो रईसुल इस्लाम के पक्ष में फुलवासा ने निष्पादित किया था जो कार्यालय उपनिबंधक पंचम लखनऊ में बही 1 जिल्द 6824 पृष्ठ 187–212 क्रमांक 7751 पर दिनांकित 24.06.2011 को पंजीकृत है, जोकि हिमांशु रस्तोगी (वर्तमान स्वामी) द्वारा दिनांक 15.07.2025 को शाम 5 से 6 बजे के बीच चेतना पब्लिक स्कूल के पास पर उक्त विक्रय विलेख कहीं खो गया है इसका किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। उपरोक्त सम्पत्ति हिमांशु रस्तोगी द्वारा आई0सी0आई0सी0 आई0 एच.एफ.सी. में लोन के सापेक्ष बन्धक की जायेगी। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त विक्रय विलेख प्राप्त हुये हो अथवा इस संदर्भ में कोई आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करे।
**श्री अमित कुमार सिंह राठौर, अधिवक्ता,** पता–चेम्बर 7, यू0जी0एफ0, कृष्णा टावर, चकबस्त रोड, कैसरबाग, लखनऊ। मो0–9559811119


**Babu Yugraj Singh Ayurvedic Medical College & Hospital**
Baghamau, Gomti Nagar Ext. 06, Lucknow (U.P.) 226010
Contact No. 9753411398, 8303700428, Email Id- babuyugrajsinghayurveda@gmail.com

**VACANCY NOTIFICATION**

Applications are invited for the following posts-

| Sr. No. | Department / Subject | Vacant Post | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
| 1. | Samhita Siddhant | 01 | 01 | 01 |
| 2. | Rachana Sharir | 01 | 01 | 01 |
| 3. | Kriya Sharir | 01 | 01 | 01 |
| 4. | Dravyaguna Vigyana | 00 | 01 | 01 |
| 5. | Rasa Shastra evam Bhaisajya Kalpana | 00 | 01 | 01 |
| 6. | Roga Nidan evam Vikriti Vigyan | 00 | 01 | 01 |
| 7. | Swasthavritta Evam Yoga | 00 | 01 | 01 |
| 8. | Agad Tantra evam Vidhi Vaidtak | 00 | 01 | 01 |
| 9. | Prasuti Tantra evam Stri Roga | 00 | 01 | 01 |
| 10. | Shalakya Tantra | 00 | 01 | 01 |
| 11. | Shalya Tantra | 00 | 01 | 01 |
| 12. | Kaumarbhritya | 00 | 01 | 01 |
| 13. | Panchakarma | 00 | 01 | 01 |
| 14. | Kayachikitsa | 00 | 01 | 01 |

Note:-
- Principal, Medical Suptd. & Deputy Medical Suptd.
- RMO- 05, Ayu. Nursing Staff- 05, Ayu. Pharmacist- 02, DMLT-05, Clerk-05, Peon- 06
- Educational qualification and experience are required as per NCISM norms, Salary offered as per NCISM Norms.
- Rules & regulations and policies are as per the norms of Babu Yugraj Singh Ayurvedic Medical College & Hospital Gomti Nagar Ext. 06 Lucknow (U.P.)-226010
- Drop your applications in PDF Format at babuyugrajsinghayurveda@gmail.com, 2021ayu0636@gmail.com.
- For more detail contact no : 8303700429, 8303700428

Chairman


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226001 (उ0प्र0)
ई–टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213(बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–7**

| क्र० सं० | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | **इस्माइलगंज द्वितीय** | | | |
| 1 | 633/पी–038(के–468)गनेशपुर रहमानपुर | श्री दुष्यंत सिंह | श्री अरविन्द कुमार | विक्रय विलेख के आधार |
| 2 | 632/पी–016,17(के–270) शंकरपुरी कमता | श्री अजय कुमार अग्रवाल | श्री अविनाश वर्मा | विक्रय विलेख के आधार |
| 3 | 633/प्लाट न0–292/ब्लाक–ए दयाल रेजीडेन्सी | श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव | श्री अतुल सिंह व अकिता सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 4 | 631/029 मुलायम नगर | श्रीमती भगवानी साहनी | श्री सुभाष चन्द्र ,वासुदेव , अर्जुन साहनी | मृत्यु के आधार पर |
| 5 | 632/372 विमलनगर | श्रीमती माया शुक्ला | श्री दीपक कुमार त्रिपाठी | विक्रय विलेख के आधार |
| 6 | 633/प्लाट न0–412/ब्लाक–ए दयाल रेजीडेन्सी | श्रीमती उमा तिवारी | श्रीमती रोली ,संचित ,रचित श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार |
| 7 | 633/प्लाट न0–25 उत्तराधौना आशिंक | श्रीमती आरती सिंह | श्री विकास कुमार चन्देल | विक्रय विलेख के आधार |
| 8 | 633/प्लाट न0–34 उत्तराधौना आशिंक | शाबना मिर्जा | श्री विशाल देव दर्शन | विक्रय विलेख के आधार |
| 9 | 274/16–17 कमता | श्रीमती ममता गर्ग | श्री विनय लक्ष्मी गर्ग | विक्रय विलेख के आधार |
| | **शहीदभगत सिंह प्रथम** | | | |
| 10 | 633/प्लाट न0–057/1(के एच–528) पीताम्बरा बिहार | श्री बिजेंश कुमार सिंह | श्री राहुल कुमार | विक्रय विलेख के आधार |
| 11 | 634जी/202/2 अमराई गांव | मेसम अब्बास व आरिज अब्बास | श्रीमती अर्चना द्विवेदी | विक्रय विलेख के आधार |
| 12 | 634/के–148 हरदासी खेडा | श्रीमती सुषमा | श्रीमती अनु शर्मा | विक्रय विलेख के आधार |
| 13 | 634/014 बंसत इक्लेंव | श्री रविन्द्र कुमार शुक्ला | श्रीमती संस्कृति भटनागर | विक्रय विलेख के आधार |
| 14 | 636/02ए बुद्ध बिहार | श्रीमती तारावती | श्री संजीव यादव | वसीयत |
| 15 | 636/पी–047 बुद्व बिहार | श्री राम सुचित यादव | श्रीमती कुसुम देवी | विक्रय विलेख के आधार |
| 16 | 123/029 हरदासी खेडा | श्रीमती ज्योति शुक्ला | श्रीमती सुमन शिवानन्द, रामनारायन शुक्ला | विक्रय विलेख के आधार |
| | **इस्माइलगंज प्रथम** | | | |
| 17 | 631/22 इंसाफ नगर | मो0 याकूब | मो0 सलीम अहमद | मृत्यु के आधार पर |
| 18 | 10/159 इन्दिरानगर | श्री अशोक सिंह | श्रीमती काव्या ,राहुल कुमार सिंह यादव | विक्रय विलेख के आधार |
| 19 | 631/इ–149बी हरिहरनगर | श्री सत्येंन्द्र कुमार | श्री सचिन कुमार | विक्रय विलेख के आधार |
| 20 | 9/0678 इन्दिरानगर | श्रीमती सर्मिष्ठा बनर्जी | श्रीमती रूपा कुमारी | विक्रय विलेख के आधार |
| 21 | 9/0058 इन्दिरानगर | श्रीमती सरोज | श्रीमतीकीर्ति श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार |
| 22 | 9/918 इन्दिरानगर | श्री आर सी कश्यप | श्री चन्द्रा कश्यप | मृत्यु के आधार पर |
| | **शंकरपुरवा तृतीय** | | | |
| 23 | सी–0702 रोहतास अपार्टमेन्ट | श्रीमती कुमुद शर्मा | श्री अखिलेंश मिश्रा | विक्रय विलेख के आधार |
| 24 | 529ए/0255(04ए) खुर्रमनगर | श्री रमेश चन्द्र | साफिया खातून, मो0 कलीम | विक्रय विलेख के आधार |
| 25 | 13/055 विकासनगर | श्रीमती माया भटटाचार्या | श्री संदीप बनर्जी मेघाला बनर्जी | विक्रय विलेख के आधार |
| 26 | ए–0702,703 रोहतास अपार्टमेन्ट | श्री संजीव कपूर | श्री प्रनव कपूर | मृत्यु के आधार पर |
| 27 | 8/0640 विकासनगर | आलिमा बानों | श्रीमती अलका सोनी, प्रभात कुमार सोनी | विक्रय विलेख के आधार |
| | **बाबूजगजीवनराम** | | | |
| 28 | 14/208 इन्दिरानगर | श्रीमती पुष्पा सिंह | श्री शास्वेतेन्द्र सिंह | उपहारस्परूप |
| 29 | 14/0798 इन्दिरानगर | श्री संजय पन्त | श्री रंजीत चक्रवर्ती | विक्रय विलेख के आधार |
| 30 | 14/0798 इन्दिरानगर | श्रीमती सरस्वती देवी | श्रीमती सुधा रानी व दुर्गेश कुमार | विक्रय विलेख के आधार |
| 31 | 21/0232 इन्दिानगर | श्रीमती सुनीता बलानी | श्री सुधाकर व अर्चना वर्मा | विक्रय विलेख के आधार |
| | **लालबहादुरशास्त्री प्रथम** | | | |
| 32 | ए–0909/009 इन्दिरानगर | श्रीमती राजेश्वरी पाण्डेय | श्री अरविन्द कुमार व गरिमा राजपूत | विक्रय विलेख के आधार |
| 33 | 24/एफ–805 कल्यान अपार्टमेन्ट | श्रीमती कीर्ति निगत | मोहम्मद आरिफ | विक्रय विलेख के आधार |
| 34 | 22/326 इन्दिरानगर | श्रीमती शेष कुमारी, आशीष कुमार | श्रीमती रेखा,व सुरेश चन्द्र पाण्डेय | विक्रय विलेख के आधार |
| | **मैथिलीशरण गुप्त** | | | |
| 35 | एस–2/73–सी सी इन्दिरानगर | एस ए वी पी | श्री अनुज वर्मा | विक्रय विलेख के आधार |
| 36 | सी–0173 इन्दिरानगर | श्री पदम चन्द्र अग्रवाल | श्रीमती ज्योति अग्रवाल | उपहारस्परूप |
| 37 | एस न0–1566 लेखराज डालर | मेसर्स फास्ट बिल्डर्स | श्रीमती संध्या सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 38 | सी–2243 इन्दिरानगर | मिर्जा जावेद हुसैन | श्री राजेश व पुष्पा शर्मा | विक्रय विलेख के आधार |
| 39 | बी–2285 इन्दिरानगर | श्रीमती बरखा | श्री रनविजय व रीमा सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 40 | डी–0111/003 इन्दिरानगर | श्री संजय कुमार गर्ग | श्री दीपक कुमार त्रिपाठी | विक्रय विलेख के आधार |
| 41 | एस–90/01–सी सी इन्दिरानगर | श्री नरेश कुमार टण्डन | श्रीमती लता सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 42 | बी–1226 इन्दिरानगर | श्रीमती आशा श्रवास्तव | श्री राकेश ,राजीव, अनुराग मोहन | वसीयत |
| 43 | सी–1379/004 इन्दिरानगर | मो0 असगर ईदरीश | रजिया साहीन | विक्रय विलेख के आधार |
| 44 | सी–1402 इन्दिरानगर | श्री कन्हैया लाल | श्रीमती रेखा गर्ग व मंयक गर्ग | विक्रय विलेख के आधार |
| 45 | बी–151( यू जी एफ–20)इन्दिरानगर | श्रीमती नीतू नेमवानी | अब्दुल गफार | विक्रय विलेख के आधार |
| 46 | सी–1385 इन्दिरानगर | श्री वी एन प्रसाद | श्री चन्द्रबली प्रसाद गुप्ता | मृत्यु के आधार पर |
| 47 | सी–1418 इन्दिरानगर | श्रीमती राजेश्वरी श्रीवास्तव | श्री अरून कुमार ,अमित कुमार | उपहारस्परूप |
| | **इन्दिरानगर** | | | |
| 48 | 8/207 इन्दिरानगर | श्री अनिल कुमार सक्सेना | श्री प्रदीप व सुब्रा यादव | विक्रय विलेख के आधार |
| 49 | सी–360इन्दिरानगर | श्री विमल चन्द्र केसरी | श्री उत्तम प्रकाश व सुनीता कश्यप | विक्रय विलेख के आधार |
| 50 | 18/102 इन्दिरानगर | श्रीमती महिमा | श्री मनोज कुमार दास व सोनी गौतम | विक्रय विलेख के आधार |
| 51 | 15/158 इन्दिरानगर | श्री निश्चय दुबें | श्री भरत कुमा व कपिल कुमार | विक्रय विलेख के आधार |
| | **शंकरपुरवा प्रथम** | | | |
| 52 | 660/7/पी–015 गौरा बाग | श्री संतोष राज | श्रीमती प्रभा राज | मृत्यु के आधार पर |
| 53 | 660/7/पी–059,60 गौरा बाग | श्री हरिमोहन श्रीवास्तव | श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव | मृत्यु के आधार पर |
| 54 | 529डी/2/1669 कल्यानपुर | श्रीमती ननदी जोशी | श्रीमतीचम्पा लोहानी | मृत्यु के आधार पर |
| 55 | 656/5/1751(के–241) बहादुरपुर | श्री कैलाश कुमार प्रजापति | श्री रनविजय सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 56 | 660/7/पी–002(यू जी एफ–003) कुर्सी रोड | श्री मनकेंश व लवलेंश गुप्ता | श्रीमती प्रतिक्षा पटेल | विक्रय विलेख के आधार |
| 57 | 660/7/पी–003,4(एल जी एफ–008) कुर्सी रोड | श्री मनकेंश व लवलेंश गुप्ता | श्रीमती कटियार | विक्रय विलेख के आधार |
| 58 | 529डी/2कल्यानपुर | श्री योगेन्द्र नारायन सक्सेंना | श्रीमती यामिनी सक्सेना | उपहारस्वरूप |
| | **लालबहादुरशास्त्री द्वितीय** | | | |
| 59 | 628डी/–146ए कुर्माचलनगर | श्री हरिराज सिंह व उर्मिला सिंह | श्रीमती नीरजा देवी | विक्रय विलेख के आधार |
| 60 | 628के/इ–142/2 कुर्माचल नगर | श्री गिरीश चन्द्र पुरोहित | श्रीमती राजकुमारी देवी | विक्रय विलेख के आधार |
| 61 | 628एस/216 शक्तिनगर | श्री रविन्द्र नाथ सिन्हा | श्रीमती वर्षा व सुधाशु कुमार गोस्वामी | विक्रय विलेख के आधार |
| | **इन्दिराप्रियदर्शिनी** | | | |
| 62 | 11/806 इन्दिरानगर | श्री यू सी कश्यप | श्रीमती पुष्पा व दीपशिख ,साक्षी व कलश कश्यप | मृत्यु के आधार पर |
| 63 | 638/प्लाट न0–6(के उच–308) जरहरा | श्रीमती सुशीला देवी | फकीरे लाल | मृत्यु के आधार पर |
| 64 | 638/058 द्वारिका बिहार | श्रीमती कमला देवी | श्री नीरज कुमार ,राजेश कुमार , राकेश कुमार वर्मा | मृत्यु के आधार पर |
| 65 | 638/006 इन्दिरानगर | श्रीमती नीलम चौहान | श्री राज भूषन सिंह चौहन | उपहारस्वरूप |
| 66 | 638/011 ठाकुर बिहार | श्री मोहित गुप्ता | श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी | विक्रय विलेख के आधार |
| 67 | 638/084 स्वरूप बिहार | श्री बलवन्त सिंह | श्रीमती पूजा व अभिनव, कबीर सिंह बिष्ट | मृत्यु के आधार पर |
| 68 | 639/एस–004सी सी चांदन | नूरजंहा | रेशमा बानों | उपहारस्वरूप |
| 69 | 11/0315/17 इन्दिरानगर | श्री आर के श्रीवास्तव | श्री प्रिवेश कुमार सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| | **लोहियानगर** | | | |
| 70 | 1/256 विकासनगर | जावेद नसीम | श्री किशोर कुमार व शशि जायसवाल | विक्रय विलेख के आधार |
| 71 | 6/097 विकासनगर | श्री राजनारायन | श्रीमती नगीना देवी | मृत्यु के आधार पर |
| 72 | 1/250 विकासनगर | श्री हिमाशू श्रीवास्तव | श्री संजय सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 73 | 1/426 विकासनगर | श्री अतुल मिश्रा व अनूप मिश्रा | श्री फूलवदन देवी व सोम प्रकाश कुशवाहा | विक्रय विलेख के आधार |
| 74 | 6/408 विकासनगर | श्री रविन्द्र नाथ मिश्रा | श्रीमती मनीप्रभा सोनी व प्रशांत कुमार सोनी | विक्रय विलेख के आधार |
| 75 | 4/0202 विकासनगर | श्री सुमन मिश्रा | श्री अतुल मिश्रा | मृत्यु के आधार पर |
| 76 | 3/498 विकासनगर | श्रीमती कृष्णावती | श्री जितेन्द्र कुमार | मृत्यु के आधार पर |
| | **शंकरपुरवा द्वितीय** | | | |
| 77 | 529डी/2/018डी कल्यानपुर | शकील अहमद सिद्दीकी | सैफुदीन | विक्रय विलेख के आधार |
| 78 | 655ए/4/354 गायत्रीपुरम | श्रीमती कल्पना सिंह | श्रीमती नमिता अधिकारी | विक्रय विलेख के आधार |
| 79 | 655ए/4/डी–016 बहादुरपुर | श्रीमती रेनू मिश्रा | श्रीमती पूनम तिवारी | विक्रय विलेख के आधार |
| 80 | 529डी/1/पी–9,10 बंजरंग बिहार | श्री संजीव रत्ना | रेहान अहमद | विक्रय विलेख के आधार |
| 81 | 656/पी–016 मोहम्मदपुर खत्री | श्रीमती निकिता व ममता जोशी | श्री ओम पंकज भट्ट | विक्रय विलेख के आधार |
| 82 | 655ए/4/पी–004ए आदिलनगर | मेहनाज बानों | श्रीमती इन्दू धूसिया | विक्रय विलेख के आधार |
| 83 | 529डी/1/2039(ए–214/1) प्रगति बिहार | श्री परम हंस सिंह व निर्मला सिंह | अफताब अहमद , असगर अहमद | विक्रय विलेख के आधार |

जोनल अधिकारी जोन–7

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 29 जुलाई 2025


## सुविचार



सपनों को पूरा करने के लिए केवल सोचने से काम नहीं चलेगा, आपको सही समय पर सही कदम उठाने होंगे।

- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम


लखनऊ के प्रमुख समाचार

- झांसा देकर जालसाजों ने खुलवाया खाता, रिपोर्ट -II
- बम-बम के जयकारों से गूंजे शिवालय -III
- दृष्टिकोण और विचारों से तय होती जीवन की दिशा-IV


## शहर में आज



- गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण के कमेटी हॉल में नागरिक सुविधा दिवस- 10 : 00 बजे।
- नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर समारोह- 11 :0 बजे।
- ख्वाजा मोइनुद्दी चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित विज्ञान वर्ग के छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम- 11 :00 बजे।
- रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ ट्रांसगोमती की ओर से लोकबन्धु अस्पताल को आई ब्रेस्ट मेमोग्राफी मशीन भेंट कार्यक्रम- 10 : 30 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के डीपीए सभागार में मुंशी प्रेमचन्द की जयंती पर कथा रंग की ओर से कहानी प्रतिशोध का पाठ और प्रेमचन्द पर वार्ता- 3 : 00 बजे।

# अखाड़े बचे न पहलवान, बिना दांव-पेंच चित हो गई कुश्ती

नीरज अभिषेक, लखनऊ

- नागपंचमी और रक्षाबंधन तक सिमट गईं कुश्ती प्रतियोगिताएं
- किसी भी स्टेडियम में तैनात नहीं कुश्ती का प्रशिक्षक
- निजी स्तर पर भी कुश्ती की कोचिंग की व्यवस्था नहीं

**अमृत विचार:** राजधानी में कभी कुश्ती युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों का पसंदीदा खेल हुआ करती थी, लेकिन कई वर्षों से लोगों में इस खेल के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। शहर में अब न तो अखाड़े बचे और न ही पहलवान। अखाड़ों में ताल ठोंकने का सिलसिला सिर्फ नागपंचमी, रक्षाबंधन जैसे त्यौहारों तक सिमट गया है। एक दौर था जब यूपी का कुश्ती में दबदबा हुआ करता था। आज राजधानी के किसी स्टेडियम में कुश्ती का प्रशिक्षक तैनात नहीं है। कुश्ती में कैरियर बनाने वालों के लिए निजी स्तर पर कोचिंग की कोई व्यवस्था नहीं है।

कभी शहर की सुबह अखाड़ों की मिट्टी से उठती खुशबू से होती थी। अखाड़ों में पहलवानों की हुंकार से कुश्ती के गुर सीख रहे बच्चे, युवाओं के शरीर से जहां पसीने की बूंदें कुश्ती देख रग-रग में पहलवानी जीवंत कर देती थी। आज वहीं अखाड़े वीरान हैं और पहलवानों की हुंकार केवल किस्सों में सिमट गई है। शहर की पारंपरिक कुश्ती अब केवल पर्वों पर ही दिखाई दे रही है।

कुश्ती जैसे खेलों की ओर से युवाओं का ध्यान घटता ही जा रहा है। मिट्टी की सोंधी खुशबू आज के युवाओं को नहीं भाती है। जिम और बॉडी बिल्डिंग का बढ़ता चलन और आधुनिक खेलों की चकाचौंध सहित डिजिटल दुनिया की लत ने लोगों को अखाड़े से दूर कर दिया है।

### गुरु-शिष्य परंपरा टूटने की कगार पर

पहले मोहल्ले-मोहल्ले में अखाड़े होते थे, जहां अनुभवी पहलवान अपने शिष्यों को दांव-पेंच सिखाते थे। अब ऐसी गुरु-शिष्य परंपरा देखने को नहीं मिल रही। पुराने पहलवान जहां गुमनामी का जीवन यापन कर रहे, तो वहीं कुछ पहलवानों ने जीविका चलाने के लिए दूसरा रास्ता अपना चुके हैं।



गणेशगंज स्थित गिरधारी पहलवान व्यायामशाला में अखाड़े की गोड़ाई करता युवक। अमृत विचार

### तीन पीढ़ियों से चल रहा अखाड़ा आर्थिक तंगी का शिकार

बजरंग अखाड़ा और व्यायामशाला के सिद्धार्थ पाल ने कहा कि हमारा अखाड़ा 1960 से पहले से राजधानी में चल रहा है। तीन पीढ़ियों से चल रहा यह अखाड़ा अब आर्थिक तंगी और लोगों की कुश्ती प्रेम में आती कमी के कारण बदहाल होने की स्थिति में है। राजधानी में कुश्ती के करीब 15 बड़े अखाड़े हैं। ज्यादातर में न तो प्रशिक्षित कोच हैं, और न ही अच्छे स्तर का व्यायाम करने लायक सामान। सरकार की ओर से कोई मदद न मिलने के कारण यह पारंपरिक कुश्ती अब दम तोड़ने लगी है। त्यौहारों पर खानापूरी के लिए कुश्ती प्रतियोगिताओं तक सीमित रह गई है।

## मौलाना साजिद के खिलाफ दी गई तीन और तहरीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद की अमर्यादित टिप्पणी से हिंदू संगठनों में नाराजगी है। सोमवार को सपा और अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता हजरतगंज थाने अलग-अलग तहरीर देकर मौलाना को गिरफ्तार करने की मांग की। शाम को सपा नेता जूही सिंह के नेतृत्व में महिला सभा ने भी गोमतीनगर थाने में शिकायत दी। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## सिटी ब्रीफ

### एलडीए ने दोबारा सील किए निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** एडीए प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि लल्ली उपाध्याय व अन्य द्वारा विनम्र खंड में 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मेसर्स भव्या क्रियेटर्स प्रालि. के निदेशक अम्बरीश तिवारी द्वारा विभूति खंड पर लगभग 4775 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनधिकृत निर्माण करवाया जा रहा था। दोनों निर्माण प्रवर्तन टीम ने सील कर दिए।

### राजधानी में बारिश का यलो अलर्ट जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के कई इलाकों में सोमवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। इस दौरान करीब 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चली। इससे उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग यलो अलर्ट जारी किया है। हजरतगंज, कैसरबाग, हनुमान सेतु, आईटी चौराहा इलाके में आज दोपहर करीब 1 बजे बारिश शुरू हो गई। अचानक शुरू हुई बारिश के दौरान तमाम लोग भीग गए। कुछ लोग मेट्रो लाइन के नीचे, दुकान, यात्री शेड आदि के नीचे रुककर भीगने से बचे। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 30 घंटों में लखनऊ और आसपास भारी बारिश के साथ-साथ कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है।

### 3.7 किलो प्लास्टिक जब्त वसूला 33 हजार जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने सोमवार को शहर में प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। विभिन्न जोनों की टीमों ने कुल 3 .7 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करके 30 लोगों से 33,000 रुपये जुर्माना वसूला। जोन एक में चार व्यापारियों से 9500 रुपये जुर्माना, जोन दो में 4,000 रुपये, जोन पांच में 5 लोगों से 6,000 रुपये जुर्माना और जोन 8 में 4 लोगों से 7500 रुपये जुर्माना वसूला।



चौक कोतवाली से निकाली गई कोतवालेश्वर महादेव की शोभायात्रा में शामिल नंदी पर सवार शिव-पार्वती की झांकी और नृत्य करते भक्त। अमृत विचार

# नगर निगम में ई-टेंडरिंग से बनी टकराव की नौबत

## नगर आयुक्त ने पार्षदों से कहा, बदलाव करना संभव नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 लाख से कम मूल्य के काम ई-टेंडर से मुक्त करने की मांग कर रहे पार्षद
- तत्कालीन महापौर डॉ. दिनेश शर्मा के समय प्रस्ताव पास होने का दिया हवाला

**अमृत विचार :** नगर निगम में जनरल हेड के कार्य ई-टेंडर से कराने में टकराव की नौबत बन गई है। पार्षद इसके विरोध में उतर आए हैं। सोमवार को पार्षदों ने नगर आयुक्त से मिलकर 10 लाख तक के कार्य ई-टेंडर से मुक्त करने की मांग की है। किंतु नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कार्यों में पारदर्शिता और टेंडर में गड़बड़ी से बचने के लिए ई-टेंडरिंग से राहत देने से साफ मना कर दिया है।

नगर निगम एक लाख से अधिक लागत वाले सड़क, नाली, इंटरलाकिंग टाइल्स आदि कार्य ई-टेंडर से करा रहा है। इसका नगर निगम के पार्षद विरोध कर रहे हैं। पार्षद मुन्ना मिश्रा का कहना है कि पूर्व महापौर डॉ. दिनेश शर्मा के कार्यकाल में जनरल हेड के अति आवश्यक कार्य बिना ई-टेंडर मैनुअल कराने का प्रस्ताव पास हुआ था। पार्षदों की मांग है कि 15वें वित्त और अवस्थापना मद के कार्य ही ई-टेंडर से कराए जाएं। दरअसल, नगर निगम में पार्षद कोटे से लेकर जनरल हेड के कार्यों में गड़बड़ी और चहेते ठेकेदारों को अभियंताओं द्वारा काम दिये जाने की शिकायतें आती रहती हैं। इससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है। आरोप यह भी है कि कई पार्षदों के अपने खास ठेकेदार हैं और कुछ पार्षद खुद भी ठेकेदारी करते हैं। नगर निगम निधि से कराए जाने वाले जनरल हेड के कार्यों में ई-टेंडरिंग हो जाने से अब पार्षद अपने वार्ड में विकास कराने के लिए प्रस्ताव नहीं दे रहे। इसके अलावा ठेकेदार भी तैयार नहीं हो रहे। ई-टेंडरिंग हो जाने से काम किस ठेकेदार को काम मिलेगा यह पता नहीं। इससे वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि नगर निगम में पार्षद और महापौर कोटे के कार्यों को ही ई-टेंडर से छूट है। वार्ड विकास निधि से पार्षद आवश्यकतानुसार अपने वार्ड में कार्यों का प्रस्ताव बनाकर मुख्य अभियंता कार्यालय भेजते हैं। स्वीकृति मिलने के बाद मुख्य अभियंता कार्यालय से मैनुअल टेंडर निकाला जाता है। अधिकांश कार्यों के लिए ठेकेदार पहले से तय कर लिये जाते हैं। इनमें घटिया निर्माण से लेकर भ्रष्टाचार की शिकायतें आती हैं। कई जगह तो बनी हुई सड़क के लिए ही दोबारा टेंडर निकाल दिया जाता है।

### महापौर ने की लखनऊ के विकास पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल सोमवार को विपुल खंड-3 स्थित दूरदर्शन के प्रख्यात ऐंकर एवं प्रोग्राम हेड आत्मप्रकाश मिश्रा के आवास पर आयोजित लोकप्रिय पॉडकास्ट शो ''आत्मा की आवाज'' में बतौर अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम में महापौर ने समाज, स्वच्छता, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और लखनऊ के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भी भागीदारी की और महापौर से अपने सुझाव साझा किए।



चांदी की पालकी पर विराजमान कोतवालेश्वर।

## चांदी की पालकी पर निकले कोतवालेश्वर महादेव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोतवालेश्वर महादेव ने सोमवार को गाजे बाजे के साथ चांदी की पालकी में लोगों का हालचाल लेने निकले। महादेव को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। महाराष्ट्र से आए रंगोली कलाकार ने रंगोली बनाई। चौक कोतवाली स्थित मंदिर से कोतवालेश्वर की सवारी निकली। सजेधजे हाथी, घोड़े, ऊंटों नृत्य करती लिल्ली घोड़ी के साथ विभिन्न झांकियों के साथ शिवजी की 11 फीट की मूर्ति शोभायात्रा की छवि को अलौकिक कर रही थीं। पीले वस्त्रों में महिलाएं झांझ बजाकर भजन गाती चल रही थी। डीजे इलु मस्ताना, ब्रास बैंड, 6 बग्घियां, डमरु ग्रुप, बनारस की झांकी, झंकार बैंड की धुन पर भक्त भी नृत्य करते चल रहे थे। जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कोतवालेश्वर मंदिर से शुरू हुई यात्रा कोनेश्वर मंदिर, चरक चौराहे होकर कोतवालेश्वर में पहुंची। मंदिर में जमकर आतिशबाजी की गई।

### कैबिनेट मंत्री भी रहीं मौजूद

महंत विशाल गौड़ ने बताया कि यात्रा में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, भाजपा नेता नीरज सिंह, अयोध्या राम मंदिर के पुजारी के अलावा कोतवालेश्वर ट्रस्ट के अजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, आनंद रस्तोगी, अजय खन्ना, संदीप अग्रवाल, अंकुर दीक्षित, पंकज अग्रवाल, अवध अग्रवाल, आशीष मिश्रा, डॉ. राज कुमार वर्मा, अनुराग मिश्रा, निखिल अग्रवाल, आचार्य राजेश शुक्ला और नीरज अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# 17 से पहले बन जाएगी शुभांशु के आवास तक सड़क और नाली

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष यात्रा कर वापस लौटे शुभांशु शुक्ला के लखनऊ आगमन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 17 अगस्त को शुभांशु शहर आ रहे हैं। उनके आने से पहले नगर निगम त्रिवेणी नगर स्थित उनके आवास तक सड़क और नालियां तैयार करा देगा। इसे लेकर ई-टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मुख्य अभियंता कार्यालय से इसके लिए ठेकेदार का चयन भी हो चुका है। जल्द ही सड़क और नाली निर्माण का काम शुरू हो जाएगा।

25 जून को अंतरिक्ष रवाना होने के दिन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर सुषमा खर्कवाल गए थे, तब गली और नाली निर्माण बनाने का वायदा किया था।






ईको फ्रेंडली | सीएसआईआर-एनबीआरआई ने तैयार की फ्लोरल बायोडिग्रेडेबल राखियां

# जैविक राखी से महकेगी कलाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक राखी का मूल्य 50 रुपये जिसे ग्रामीण महिलाओं से कराया गया निर्मित

**अमृत विचार:** इस रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई महकती राखियों से सजेगी। इन राखियों को सुगंधित सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने फूलों और पौधों से तैयार किया गया है। ये रक्षासूत्र पर्यावरण के मित्र भी साबित होंगे। इनमें न ही प्लास्टिक का प्रयोग किया गया है और न पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली कोई फैब्रिक है। ये पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल है, जो कलाइयों से हटने के बाद स्वतः ही मिट्टी में मिल जाएंगी। वैज्ञानिकों ने इसे ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर तैयार कराया है।

सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशकडॉ. एके. शासनी ने बताया कि सीएसआईआर-एनबीआरआई ने फ्लोरल बायोडिग्रेडेबल राखियों को लांच कर दिया गया है। इन फ्लोरल बायोडिग्रेडेबल राखियों को सदाबहार पुष्प (हेलिक्रिसम), सफेद जललीली (निम्फिया), बारहमासी पुषप( इक्सोरा), गुलाबी, लाल, नारंगी, बैंगनी और सफ़ेद किस्में का फूल (गॉम्फरेना), गुलदाउदी (क्राइसेंथेमम) जैसे सूखे फूलों व अन्य प्राकृतिक तत्वों से विकसित किया गया है। ये राखियां पूरी तरह प्राकृतिक, रंगों और प्लास्टिक से मुक्त हैं। इसमें सूखे फूलों का प्रयोग किया गया है।



फ्लोरल बायोडिग्रेडेबल राखियां।

### राखियों की विशेषताएं

- असली सूखे फूलों और प्राकृतिक पौधों से निर्मित
- पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल
- महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित, आजीविका पहल का हिस्सा
- किफायती मूल्य रुपये 50 प्रति राखी

### ऐसे खरीद सकते हैं इन राखियों को

फूलों और पौधों से ग्रामीण महिलाओं के हाथों से तैयार इन राखियों को खरीदने के लिए आपको पहले आर्डर बुक करना होगा। बुकिंग के लिए सीएसआईआर-एनबीआरआई के बिक्री अनुभाग पर 0522-2297970 फोन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### इस तकनीक का किया प्रयोग

इसे बनाने में डिहाइड्रेटेड फ्लोरल क्राफ्ट्स टेक्नोलॉजी प्राकृतिक फूलों और पौधों की सुंदरता, रंग और बनावट को पर्यावरण अनुकूल तरीके से सुखाकर संरक्षित करती हैं। इस तकनीक के माध्यम से सजावटी वस्तुएं, ग्रीटिंग कार्ड, फ्लोरल राखियां, बुकमार्क, वॉल हैंगिंग्स, रेज़िन उत्पाद जैसे पेपर वेट, फ्लोरल ज्वेलरी आदि बनाए जा सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### पत्नी की खुदकुशी के मामले में सिपाही गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** बीकेटी के मामपुर बाना गांव में सौम्या (35) के खुदकुशी के मामले में आरोपी सिपाही पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सौम्या के खुदकुशी की जानकारी होने पर मां रामवती, पिता लालू प्रसाद रविवार रात लखनऊ पहुंचे। रामवती ने बीकेटी थाने में दामाद अनुराग, रायबरेली पुलिस विभाग में तैनात उसके बहनोई संजय, बहन और भाई रंजीत के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी। एसीपी बीकेटी अमोल मुकुर्ट ने बताया कि आरोपी सिपाही अनुराग को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी आया है। हार्ट और विसरा भी सुरक्षित किया गया है।

### पति कर रहा बदनाम रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आशियाना:** आशियाना के सेक्टर एम की रहने वाली पीड़िता नवनीता मिश्रा के मुताबिक उसका विवाह गाजियाबाद निवासी अनिरबन गूईन से हुआ था। जिससे काफी समय से विवाद चल रहा है। विवाद के बाद से लगातार ईमेल, फेसबुक और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार धमकियां और अभद्र संदेश भेज रहा है। आरोप है कि पति द्वारा सोशल मीडिया पर महिला की छवि खराब करने के लिए झूठे और भ्रामक आरोप लगाए जा रहे हैं। पीड़िता ने रविवार को आशियाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

### वीडियो का गलत प्रयोग, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** बीबीडी थाने में महिला मीडियाकर्मी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गाजियाबाद की रहने वाली महिला मीडियाकर्मी बीबीडी इलाके में रहकर यूट्यूब चैनल संचालित करती है। चैनल पर वह खुद एंकरिंग करती हैं। मीडियाकर्मी का आरोप है कि उसी के चैनल के वीडियो क्लिप को उठाकर कुछ अज्ञात लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर गलत प्रयोग किया। इसमें उनके लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। जिससे उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंचा है। इंस्पेक्टर राम सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सैरपुर के आईआईएम रोड पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दिनेश कुमार यादव की मौत हो गई थी। जबकि उनके साले निर्मल यादव गंभीर रूप से घायल हो गये थे। निर्मल का इलाज अस्पताल में चल रहा था। सोमवार सुबह उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### व्यापारी को पीटा मामला दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** नजीरगंज डालीगंज निवासी शिवशंकर निषाद अपनी दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान नितेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र पांडेय 10 लोगों के साथ आ धमके। दुकान के अंदर घुसकर शिवशंकर की पिटाई की। दुकान खाली करने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नितेंद्र व कुछ साथियों को हिरासत में लेकर थाने गई। लेकिन रविवार की रात में रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। वहीं, आरोपियों को छोड़ दिया। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व चार पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ:** नाका गुरुद्वारा में सेवादारों के फ्लैट को पूर्व अध्यक्ष ने बिना अनुमति के 30 वर्ष की लीज पर दे दिया। इस मामले में गुरुद्वारा कमेटी के उपाध्यक्ष हरमिंदर सिंह टीटू ने नाका थाने में पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा, उनके बेटे चरनप्रीत सिंह बग्गा, बहू सुखवीन बग्गा और सहयोगी जितेंद्र तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र तिवारी के मुताबिक गुरुद्वारा कमेटी के उपाध्यक्ष हरमिंदर सिंह टीटू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दानपात्र का ताला तोड़ 25 हजार चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** महानगर रहीमनगर स्थित ओम महाकालेश्वर महादेव मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर चोरों ने 25 हजार रुपये साफ कर दिये। पंचवटी कालोनी रहीमनगर निवासी आनंद कुमार चौरसिया ओम महाकालेश्वर महादेव मंदिर के प्रबंधक हैं। आनंद के मुताबिक 26 जुलाई की सुबह 3.45 बजे शंकर जी की मूर्ति के पास रखे हुए दानपात्र का ताला तोड़कर चोरों ने 25 हजार रुपये साफ कर दिये।

# झांसा देकर खुलवाया खाता, एफआईआर दर्ज

## अलीना गारमेंट के कर्मचारी के खाते से करोड़ों का ट्रांजेक्शन, गुजरात के जामनगर साइबर क्राइम थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट तो हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। एक नेटवर्क का खुलासा यहियागंज के अलीना गारमेंट के कर्मचारी के नाम पर खुलवाये गये बैंक खाते से हुआ। जिसमें साइबर ठगी के करोड़ों रुपये का लेनदेन किया गया। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर हसनगंज थाने में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमीनाबाद कदीम रकाबगंज निवासी आदित्य गुप्ता यहियागंज स्थित अलीना गारमेंट में नौकरी करता है। दुकान में उसके अलावा मौलवीगंज चिकमंडी का सुहेल और मदेयगंज खदरा स्थित शिवनगर का सब्बू भी काम करता था। सुहेल और सब्बू ने उससे कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत तुम्हारा खाता खुलवा दिया जाएगा। जिसमें हर माह 10 हजार रुपये आयेंगे। हर माह आने वाले रुपये का आधा हिस्सा हमारा होगा। उनके झांसे में आकर सारे जरूरी दस्तावेज उनको दे दिया। दोनों ने इंडियन ओवरसीज बैंक की डालीगंज शाखा में मार्च 2024 में खाता खुलवा दिया। दोनों ने खाता खुलने के बाद मिले पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया। इस बीच सब्बू व सुहेल ने एटीएम कार्ड में दर्ज होने वाला मोबाइल नंबर बदल दिया।

इस मामले में 30 जुलाई आदित्य ने सुहेल और सब्बू से बात करने पहुंचा तो उन्होंने बताया कि इस तरह के कई खातों को हमलोग खुलवाकर ठगी के रुपये का लेनदेन करते हैं। वहीं गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित ने हसनगंज थाने में तहरीर दी और आईजीआरएस किया। जिस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर हसनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### डाक से आई गुजरात से साइबर थाने की नोटिस

आदित्य के मुताबिक 12 जुलाई को साइबर क्राइम थाना जामनगर राजकोट की एक नोटिस डाक के जरिये बैंक द्वारा मिली। जिसमें बताया गया कि इस खाते में करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं। सारी रकम ठगी की है। इस खाते को सीज कर दिया गया है। वहीं साइबर क्राइम थाना जामनगर जाकर अपना पक्ष रखने का भी निर्देश दिया गया था।

### 70 खातों में 50 करोड़ का लेनदेन, पुलिस भेजेगी नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा के स्मृति अपार्टमेंट से पकडे गये साइबर ठग गिरोह के तार मुंबई से जुड़े है। इस गिरोह ने 70 बैंक खातों की मदद से 50 करोड़ रुपये की लेनदेन की है। इसकी पुष्टि होने के बाद पुलिस खाता धारकों को नोटिस भेजने की तैयारी कर रही है। वहीं साइबर ठगी से लेकर हवाला तक के कारोबार की जांच शुरू कर दी है। गुडंबा पुलिस ने बेटिंग के जरिये ठगी करने वाले 16 आरोपियों को पकड़ा था। आरोपियों के पास से 1.7 करोड़ रुपये की नकदी, 30 मोबाइल समेत अन्य माल बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि बैंक से रिकार्ड मांगा गया तो अलग ही आंकड़ा सामने आया है। इन लोगों के पास से 70 खातों को ब्योरा मिला है। उसकी मदद से यह लोग प्रतिदिन पचास करोड़ रुपये का लेनदेन करते थे। यह पूरी रकम सीधे मुंबई जाती थी, फिर वहां से अन्य खातों में रकम ट्रांसफर की जाती थी। पुलिस सभी 70 खाताधारकों को नोटिस जारी कर रही है। साथ ही इस बात का पता लगा रही है कि यह रकम कहां भेजी गई थी। सभी हवाला का काम करते थे। फिलहाल इस गिरोह का सरगना फरार है। उसकी तलाश में तीन टीम लगी हुई है, जो सर्विलांस की मदद से उसका पता लगा रही है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि तीन टीम लगी हुई है। सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लेनदेन के लिए जिन खातों को इस्तेमाल हुआ है। उन्हें फ्रीज करवा दिया गया है।

### जालसाजों ने दो के खाते से उड़ाए 1.65 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर जालसाजों ने दो लोगों को निशाना बनाया। कैंट के निलमथा विंध्यानगर निवासी शिवमंगल के मुताबिक उनको एक काल आई। कॉल करने वाले की आवाज करीबी मित्र की लगी। उसने कुछ रुपये भेजने की बात कही। टेक्सट मैसेज खोलकर देखा तो उनके खाते में कुछ रुपये आने का मैसेज था। इसके बाद कॉल करने वाले ने रुपये वापस मांगे। इसके बाद खाते से आठ बार में 36000 रुपये कट गये। पीड़ित ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी तरह गौतमपल्ली के पीडब्ल्यूडी कालोनी जियामऊ निवासी रामेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि ऑन लाइन ट्रेडिंग के नाम पर उनसे 129301 रुपये ठग लिये गये। यह रकम 17 और 18 जुलाई को उनके दो खातों से ट्रांसफर हुए।

## प्रेमी जेवर व नकदी लेकर फरार

कार्यालय सवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज थाने में विधवा ने दर्ज कराई रिपोर्ट, लिव इन में रहते थे दोनों

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज इलाके में रहने वाली विधवा ने थाने में अपने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि झांसा देकर उसके साथ लिव इन में रहा। शादी का दबाव बनाया तो लाखों रुपये के जेवर व नकदी लेकर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ठाकुरगंज बालागंज निवासी महिला ने बताया कि छह वर्ष पूर्व उनके पति की मौत हो चुकी है। पति की मृत्यु के बाद रहीमाबाद फत्तेपुर मवई कला निवासी पूर्व परिचित दीपांशु पीड़िता की ससुराल अक्सर आने लगा। आरोपी ने पीड़िता के तीनों बच्चों से नजदीकियां बढ़ाई। फिर पीड़िता को प्रेम जाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर आरोपित पीड़िता के साथ इलाके में ही किराए के मकान में रहने लगा। आरोपी के कहने पर पीड़िता अपने गहने और रुपये लेकर गई थी। चार वर्ष तक आरोपी और पीड़िता साथ में रहे। पीड़िता ने 27 मई को आरोपी पर शादी का दबाव बनाया। इस पर पीड़िता की पिटाई की और गालियां दीं। इसके बाद उसके दो लाख के जेवर व 20 हजार रुपये नकदी लेकर भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।



सोमवार को बड़ा इमामबाड़े के सामने लगा गाड़ियों का जाम, राहगीर रहे परेशान। अमृत विचार

## एचके इंफ्रा पर एक और रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कंपनी के खिलाफ अब तक 50 से अधिक मामले दर्ज हो चुके
- पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार:** एचके इंफ्रा के निदेशकों की मुसीबत कम नहीं हो रही है। उनके खिलाफ लगातार रिपोर्ट दर्ज किये जा रहे हैं। निदेशक विनोद व प्रमोद उपाध्याय के अलावा सह निदेशक सीमा की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। रायबरेली के पूरे गुर्दी निवासी राजबहादुर ने कंपनी पर 16.80 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। यह रुपये जमीन देने के नाम पर लिये थे। न तो जमीन दी और न ही रुपये वापस किये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रायबरेली के पूरे गुर्दी निवासी पेशे से शिक्षक राज बहादुर के मुताबिक उन्होंने कंपनी के मऊ स्थित योजना में 1200 वर्गफीट के भूखंड का सौदा किया था। इसके लिए 16.80 लाख रुपये निदेशक विनोद व प्रमोद उपाध्याय को दिये थे। यह रकम तीन बार में चेक के जरिये दिया गया। जमीन की रजिस्ट्री भी कर दी। जब पिछले वर्ष निर्माण कराने गये तो पता चला कि भूखंड किसी और को बेच दिया है। पूछताछ करने पर टालमटोल का रवैया अख्तियार करने लगा। विरोध करने पर धमकी दी। पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से शिकायत की। डीसीपी के आदेश पर मोहनलालगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## ला-मॉर्टिनियर के कोषाध्यक्ष ने दर्ज कराई बदनाम करने वालों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीएम, मंडलायुक्त व न्यायिक अधिकारियों को पत्र भेजकर झूठा आरोप लगाने का मामला

**अमृत विचार:** गौतमपल्ली थाने में लॉ-मॉर्टिनियर कॉलेज के कोषाध्यक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कुछ लोग उनको व उनके सहयोगियों के खिलाफ डीएम, मंडलायुक्त , न्यायिक अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को पत्र भेजा। जिसमें कई झूठे व बेबुनियाद आरोप लगाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

लॉ- मॉर्टिनियर कॉलेज के कोषाध्यक्ष (शैक्षणिक संस्थान में वित्तीय मामलों के प्रभारी) एड्रियन माइकल परिसर में ही रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों से उनके व उनके सहयोगियों के विरुद्ध कई गुमनाम पत्र जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों व अन्य अधिकारियों को भेजे जा रहे हैं। इन पत्रों में भ्रामक, झूठी और अपमानजनक जानकारी दी जा रहीं हैं। एड्रियन माइकल का कहना है कि इस झूठे आरोपों वाले पत्र से उनकी व उनके सहयोगियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि इन गुमनाम पत्रों से वह इतना तनाव में हैं कि आत्महत्या करने के बारे में सोच रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि गुमनाम पत्र जीपीओ के काउंटर नंबर 8 से भेजे जा रहे हैं। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह के मुताबिक आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### शिक्षक को पीटा दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** माध्यमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा को दूसरे शिक्ष देवेंद्र सिंह ने पीट दिया। उनको छात्रों के सामने अपमानित किया। घटना 22 जुलाई को हुई। पीड़ित ने 25 जुलाई को थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वृंदावन कालोनी निवासी पुष्पेंद्र मिश्रा के मुताबिक 22 जुलाई को वह अपनी कक्षा में पढ़ा रहे थे। इसी बीच शिक्षक देवेंद्र सिंह द्वारा एनसीसी कार्य के लिए छात्रों को बुलाया गया। तो उन्होंने छात्रों को भेज दिया। कुछ बाद ही देवेंद्र सिंह उनके कक्षा में पहुंचे और छात्रों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इस पर आपत्ति की तो उनको धक्का मारते हुए कक्षा के बाहर बरामदे में लेकर गये। जहां लात-घूसों से पीटा।

## युवक की खुदकुशी मामले में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी के बाजूपुर गांव में रविवार को युवक ने की थी खुदकुशी
- जमीन कब्जाने व रुपये हड़पने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** बीबीडी के बाजूपुर गांव में रविवार को अभय सिंह (24) ने फंदे से लटककर जान दे दी थी। खुदकुशी के पहले एक वीडियो बनाया था। जिसमें कहा कि उसकी जमीन हड़प ली गई है। उसके पास जीने का कोई रास्ता नहीं बचा है। इस मामले में बहन खुशबू सिंह ने बाजूपुर गांव के जितेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाजूपुर की रहने वाली खुशबू सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका भाई अभय मूलतः मानपुर बाना का रहने वाला था। पिता की मृत्यु के बाद साथ में ही रहता था। गांव के जितेंद्र सिंह ने अभय की जमीन व घर को नौ वर्ष पूर्व रजिस्ट्री करा लिया था। उस समय अभय नाबालिग था। उसे इतनी समझ नहीं थी कि रजिस्ट्री के बाद रुपये तत्काल लिया जाता है। जितेंद्र ने उसे बहला फुसलाकर रुपये बाद में देने की बात कह टाल दिया। जब अभय को रुपये की जरूरत पड़ी तो जितेंद्र के पास मांगने गया। इस जितेंद्र नाराज हो गया। 26 जुलाई को अभय सिंह को में घर में घुसकर धमकी दी। कहा कि तुमको रुपया नहीं देंगे और ज्यादा बोलोगे तो तुम्हे, तुम्हारी पत्नी व बच्चों को जान से मार देंगे। संपत्ति हड़पे जाने और धमकी मिलने से अभय दुखी था। उसने रविवार को फंदा लगाकर जान दे दी। अभय की खुदकुशी के लिए जितेंद्र सिंह ही जिम्मेदार है। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।




## दो घरों का ताला तोड़ लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा और विकासनगर में हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** राजधानी के पारा स्थित नरपतखेड़ा निवासी सुधा यादव और विकासनगर सेक्टर-5 के तुलसी चंद के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवर व नकदी साफ कर दिये। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

नरपतखेड़ा निवासी सुधा यादव के मुताबिक वह 19 जुलाई की शाम 7 बजे पति व बच्चों के साथ अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने गई थी। रात करीब 10 बजे वापस आई तो मेन गेट का ताला टूटा था। अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। सुधा के मुताबिक चोरों ने दो सोने के हार, एक माला, 5 सोने की अंगूठी, एक मोहर, झुमकी, बच्चे की चेन और 20 हजार नकदी चुरा लिया। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किया। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं विकासनगर सेक्टर-5 निवासी तुलसी चंद ने बताया कि वह 19 जुलाई की रात 2.15 से 3.30 बजे के बीच चोरों ने तीन मंजिला मकान के सभी कमरों के ताले तोड़ दिये। अंदर रखे हुए जेवर व नकदी चोरी कर लिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## रुपये लेने के बाद दूसरे को बेची जमीन, वापस मांगने पर दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज के बहरोली की जमीन का किया था रजिस्टर्ड एग्रीमेंट

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज के मोदीनगर निवासी अर्जुन सिंह व उनकी दादी ने मोहनलालगंज के बहरोली में 36307 वर्गफीट जमीन का सौदा किया। इसका सौदा 9.30 लाख रुपये में तय हुआ। अर्जुन ने जमीन मालिक अनिल को 9 लाख रुपये दिये। लेकिन आरोपी ने इस जमीन को आर. इंफ्रा को बेच दी। जानकारी होने पर रुपये वापस मांगे तो धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

गोसाईंगंज के मोदीनगर निवासी अर्जुन सिंह के मुताबिक दो वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी दारी सावित्री के साथ मिलकर बहरोली के अनिल कुमार से 36307 वर्गफीट जमीन का सौदा तय किया। जमीन का दाम 9.30 लाख रुपये तय हुआ। इसके लिए अनिल कुमार और अर्जुन के बीच 21 अक्टूबर 2023 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ। अर्जुन ने तय दाम में 9 लाख रुपये चेक और नकदी दो बार में दे दिया। सिर्फ 30 हजार रुपये देना बाकी थी। इसी बीच अर्जुन ने जमीन के बारे में जांच कराई तो सामने आया कि इस जमीन को आर. इंफ्राटेक के प्रोपराइटर ऋषि सिंह के नाम 10 फरवरी 2025 को कर दिया। इस रजिस्ट्री में गवाह के रूप में दिग्विजय सिंह और नरेश कुमार का नाम दर्ज था। पीड़ित ने जब इस संबंध में पूछताछ की तो आरोपी ने धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने इसकी शिकायत डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से की। उनके आदेश पर अनिल कुमार, ऋषि सिंह, दिग्विजय सिंह, नरेश कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**हैवानियत** | पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने पर अधिक वजन पड़ने के कारण मौत की पुष्टि

## पीटने के बाद बच्चे के सीने पर चढ़ गया था पिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल, जुगौली की घटना

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के जुगौली में रविवार को सौतेले पिता ने ढाई वर्ष के मासूम बेटे आदित्य सैनी की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी जगन्नाथ सैनी को सोमवार को जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक बड़ी जुगौली में सौतेले पिता जगन्नाथ सैनी ने आदित्य सैनी को पहले बेरहमी से पीटा, गला कसा और फिर सीने पर खड़ा हो गया। जिससे वह तड़प-तड़प कर मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह बात पोस्टरमार्टम रिपोर्ट से सामने आई है। पत्नी नंदनी की तहरीर पर जगन्नाथ के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बिहार के सीतामढ़ी निवासी जगन्नाथ सैनी का करीब छह महीने पहले पहली पत्नी राधा से तलाक हो गया था। इसके बाद उसने दो महीने पहले नंदनी से शादी कर ली और बड़ी जुगौली में किराए के मकान में रहने लगा। पहली पत्नी से जगन्नाथ को गोलू, अजीत और दिलखुश तीन बेटे थे। वहीं, नंदनी की भी शादी राजेश सैनी नाम के व्यक्ति से हुई थी। पहले पति से नंदनी को एक बेटी चांदनी और दो बेटे विशाल और आदित्य थे। राजेश से अलग होकर नंदनी अपने दो वर्षीय बेटे आदित्य को लेकर जगन्नाथ के साथ रहने लगी। रविवार की देर शाम नंदनी काम पर गई हुई थी। जबकि जगन्नाथ घर पर ही था। इसी बीच गोलू, दिलखुश और आदित्य में खेलने के दौरान झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर जगन्नाथ ने दो वर्षीय आदित्य को बुरी तरह से पीटा और गला दबाते हुए सीने पर चढ़ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। नंदनी घर पहुंची तो गोलू और दिलखुश ने उसे पूरी घटना बताई। इसके बाद नंदनी भी अस्पताल पहुंची थी।

## मकान के नाम पर लाखों ठगे, रुपये वापस मांगे तो पीटा की छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हरदोई रोड स्थित बसंत कुंज योजना की आश्रयहीन कालोनी में मकान दिलाने के नाम पर जालसाजों ने महिला से 5.31 लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता ने वजीरगंज थाने में दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता यहियागंज की रहने वाली है। उसने वजीरगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि सीतापुर सदर बाजार नौशाद ठाकुर, पुराने लखनऊ में रहने वाली उसकी पत्नी और मोना ने आश्रयहीन कॉलोनी बसंतकुंज में मकान दिलाने का दावा किया। उन्होंने बताया कि परिचित राशिद खान अपना मकान बेचना चाहती है। कीमत 6.50 लाख बताई। उसने किश्तों में 5.31 लाख रुपये दिए थे। रुपये चेक और नकद दिए। इसके बाद भी आरोपियों ने मकान की रजिस्ट्री नहीं की। दबाव बनाने पर टाल मटोल किया। इसके बाद उस मकान की जांच कराई तो पता चला कि वह राशिद खान का है ही नहीं। रुपयों की मांग की तो उक्त लोगों ने जमकर पीटा और छेड़छाड़ की। इसके बाद थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी, छेड़छाड़ और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

पहले मेरा नाम FAREED AHMAD था से बदलकर FARID AHAMAD रख लिया है। अब मुझे FARID AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o KALLU ADDRESS- MOHALLA MANGAL BAZAR ASHRAF TOLA, HARDOI-241224.**

**सूचना**

मैने अपना नाम DABEER HAIDER से बदलकर DABEER HAIDAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o-HASAN RAZA ADD-H.NO-209 USMAPUR JALALPUR DIST-AMBEDKAR NAGAR (U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम DINESH KUMAR NISHAD था से बदलकर DINESH KUMAR रख लिया है। अब मुझे DINESH KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o SIYARAM ADDRESS- 82, KARAUDIYA POST- DHAKHWA, DISTT.-SULTANPUR-228001**

**सूचना**

मैं नित्या नन्द चौबे पुत्र अमर शंकर चौबे निवासी ग्रा0/पो0 पयागपुर थाना पयागपुर जिला बहराइच, मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र (मार्कशीट) व प्रमाण पत्र दोनों वास्तव में खो गया है। मेरा अनुक्रमांक 1000715 है और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से है।

**सूचना**

मेरे पुत्र को पूर्व में शेखअली के नाम से जाना जाता था परन्तु अब मेरे पुत्र के समस्त प्रपत्रों में नाम मोहम्मद अरजान सिद्दीकी पुत्र तुफैल दर्ज है। मेरे पुत्र को अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 तुफैल पुत्र मो इश्यि रफीनगर, मनकापुर –गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **महिमा चन्द्रा पुत्री श्री चन्द्र शेखर निवासी–119/134, खन्दारी बाजार लाल बाग लखनऊ** द्वारा इण्टरमीडियट की परीक्षा नवयुग रेडीयन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल लखनऊ से वर्ष 2025 में उत्तीर्ण की है, जिसका रोल नं0 – 23718626 था कि मार्कशीट/टी0सी0/चरित्र प्रमाण– पत्र मूल रूप से गिरकर कही खो गयी है।

**NOTICE**

I am Zoha Wasim I lost my original high school marksheet year 2021 Roll no -211079493 UP Board. If found contact: 7390810057

**सूचना**

मैने अपना नाम JAMAL AHMED से बदलकर JAMAL AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SABIR ALI ADD-DAKSHIN TOLA KATRA NAGRAM DIST-LUCKNOW-227308(U.P)

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAMSHER से बदलकर MOHAMMAD SHAMSHER KHAN रख लिया है। अब मुझे भविष्य में MOHAMMAD SHAMSHER KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- MOHAMMAD AYUB KHAN R/O, KHEMKARANPUR SALHEPUR NIMAICHA, POST SOHAWAL RS, AYODHYA.**

**सूचना**

मेरा पहले का नाम जोगिन्दर सिंह छाबड़ा (JOGINDRA SINGH CHHABRA) पुत्र श्री करतार सिंह छाबड़ा था। अब मैंने अपना नाम जोगेंदर सिंह छाबड़ा (JOGENDER SINGH CHHABRA) रख लिया है। अब मुझे जोगेंदर सिंह छाबड़ा (JOGENDER SINGH CHHABRA) के नाम से जाना पहचाना जाए। **जोगेंदर सिंह छाबड़ा पुत्र करतार सिंह छाबड़ा, 371, पंजाबी कालोनी, शहर लखीमपुर जिला खीरी, उ0प्र0।**

# बम-बम के जयकारों से गूंजे शिवालय

## सावन के तीसरे सोमवार को किया गया शिवजी का विशेष श्रृंगार और रुद्राविषेक



भूलेश्वर मंदिर में शिवजी की पूजा करते भक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** तीसरे सोमवार पर आज शिवालयों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर प्रांगण और घरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, पार्थिव पूजन समेत विभिन्न अनुष्ठानों का सिलसिला जारी रहा। राजधानी समेत जिले की प्रमुख शिवपीठों पर भक्त रात तक जलाभिषेक करते रहे। हर-हर बम-बम के उद्घोषों से शिवालय गूंजते रहे।

शहर की प्रमुख शिवपीठों में रुद्राभिषेक और शिव श्रृंगार जारी रहे। डालीगंज मनकामेश्वर मंदिर, चौक का कोनेश्वरम शिव मंदिर, छोटी काशी, बड़ा शिवाला, चौपटिया, पांडेयगंज, शास्त्रीनगर दुर्गामंदिर, नादान महल रोड स्थित श्री सिद्धनाथ पीठ पर देर रात श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महाकाल मंदिर में भस्म आरती का सिलसिला भोर से शुरू होकर रात तक चलता रहा। बुद्धेश्वर शिव मंदिर सहित शहर के हर शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। बुधवार को बुद्धेश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़ रुद्राभिषेक करेगी।

### नाग पंचमी आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सावन की सप्तमी को नाग पंचमी मनाये जाने की परम्परा है। नाग पंचमी पर लावा और दूध चढ़ाया जाता और गाय के गोबर को अभिमंत्रित कर उससे घर की घेराबंदी की जाती है ताकि घर में रहने वाले नागों से सुरक्षित रहें। शिवभक्त गुड़िया की तैयारी भी जोरशोर से कर रहे हैं। बाजार में गुड़िया पीटने के लिए रंगबिरंगी छड़ियों की खरीददारी भी जारी रही। यह कहा जाता है कि जिनकी कुंडली में कालसर्प दोष होता है उनके लिए नाग पंचमी की पूजा का बहुत महत्व होता है। कहा जाता है कि रुद्राभिषेक के बाद अष्टधातु से निर्मित नाग प्रतिमा को जल में परावित करने कल सर्प दोष खत्म हो जाता है।



गुड़िया पीटने के लिए छड़ी खरीदती महिला।

### बिल्डर को बेची सड़क और ग्रीन बेल्ट की भूमि

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कुर्सी रोड से सृष्टि अपार्टमेंट को जोड़ने वाली सड़क व ग्रीन बेल्ट की भूमि को प्लाट दर्शाकर बेच दिया। बिल्डर निर्माण भी कराने लगा। आवंटियों ने शिकायत की तो प्राधिकरण में जमीन के अभिलेख ही नहीं मिले। इस वजह से निर्माण भी नहीं रोका गया। सृष्टि अपार्टमेंट के दूसरे गेट तक जाने व कुर्सी रोड को जोड़ने वाली 18 मीटर चौड़ा पहुंच मार्ग व ग्रीन बेल्ट की जमीन है। इसे एलडीए द्वारा प्लाट दिखाकर निजी बिल्डर को बेचने का आरोप है। लेआउट में भी बदलाव किया गया है। उसी सड़क पर सीवर लाइन डाली व रोड लाइट भी लगीं थी।

## हुसैन डे पर समाज सेवा से जुड़ी विभूतियों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन ने किया कार्यक्रम

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन ने सोमवार को यूपी प्रेस क्लब में हुसैन डे कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया।

मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी और संयोजक मोहम्मद अफ़ाक़ ने विचार रखे। सम्मानित होने वालों में विशेष रूप से सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनीस अंसारी, यूनिटी कालेज के प्रबंधक मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी, इंडियन नेशनल लीग के उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद फहीम सिद्दीकी, मौलाना सैयद शाह आरिफ मियां कादरी नक्शबंदी, लेक्तोरा इंडस्ट्रियल स्टेट के अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस सिद्दीकी, सलीम अहमद राईनी, अखिल भारतीय जमीयत-उल-कुरैश उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव चौधरी शादाब कुरेशी, फुरकान कुरेशी, अंबर फाउंडेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास, मोहम्मद काशिफुल्लाह, अम्मार कुरैशी, हाजी एजाज, मोहम्मद लईक, सैयद इम्तियाज अहमद, मुजम्मिल हुजैफ कुरैशी, तुफैल कुरैशी, अनवर आलम, अहमद फराज, सुफयान कुरैशी, सत्यम अवस्थी, सलाहुद्दीन शीबू, मोहम्मद मकसूद अंसारी, फैजुद्दीन सिद्दीकी, रालोद के प्रवक्ता रोहित अग्रवाल, शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली, मोहम्मद मक्की, मुशीर अहमद, मोहम्मद इकबाल, मुईद रहबर लखनवी, हाफिज अमीर अहमद, अरशद आज़मी, मोहम्मद आरिफ, शरीक हुदा, अमीर खालिद खान, नूरैन आलम खान, परवेज आलम और सईद सिद्दीकी शामिल हैं।

## मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर चलेगी प्रोफेट फॉर आल की मुहिम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया ने सोमवार को ऐशबाग ईदगाह में एक कांफ्रेंस का आयोजन किया। इस्लामिक सेंटर के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि इस साल हजरत मोहम्मद साहब के जन्म के 1500 साल मुकम्मल हो रहे हैं। 12 रबीउलअव्वल 5 सितंबर को होने की उम्मीद है। इस उपलक्ष्य में देश भर में प्रोफेट फॉर आल की मुहिम चलेगी। एसोसिएशन ऑफ़ मुस्लिम प्रोफेशनल्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आमिर इदरीसी ने कहा कि 24 अगस्त से 5 सितंबर तक देश में प्रोफेट फॉर आल की मुहिम



मौलाना खालिद

एसोसिऐशन आफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स की ओर से मुहिम चलाई जाएगी। 16 से 24 अगस्त तक स्कूलों-कालेजों में व्याख्यान,24 को मस्जिद परिचय प्रोग्राम , 3 सितंबर तक धार्मिक मुलाकातें और धर्मों के रहनुमा, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अध्यापकों, विद्यार्थियों, सरकारी अधिकारियों और राजनैतिक व्यक्तियों से मुलाकात की जाएंगी। 30 को स्कूल कालेज में रैलियों निकलेंगी। 31 अगस्त को 1500 रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे ओर 2सितंबर को अंतरराष्ट्रीय पेपर लेखन मुकाबल और पौधारोपण होगा।

### विस्थापित होंगे सहारा बाजार के दुकानदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण पॉलिटेक्निक स्थित सहारा बाजार के 25 दुकानदारों को उसी कॉम्पलेक्स या फिर अन्य योजनाओं में दुकानें देकर विस्थापित करेगा। यह प्रस्ताव प्राधिकरण 4 अगस्त को बोर्ड बैठक में स्वीकृति के लिए रखेगा। एलडीए ने 4741 वर्गमीटर का व्यावसायिक भूखंड 9 जनवरी 1987 को सहारा इंडिया कार्पोरेशन लिमिटेड को 30-30 वर्ष की लीज पर आवंटित किया था। 9 जनवरी 2017 को लीज अवधि समाप्त हो गयी। आवंटी द्वारा नवीनीकरण नहीं कराया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कमेटी बनाकर जांच कराई तो शर्तों का उल्लंघन करना पाया था। दुकानदारों को सामान हटाने की नोटिस देकर 20 जून को कॉम्पलेक्स खाली कराकर कब्जे में लिया था।

## उस दिन जब तुम चले गए तो सावन की आंखें भर आईं...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोपाल चतुर्वेदी की स्मृति में हरिओम मंदिर में हुआ सभा का आयोजन

**अमृत विचारः** प्रख्यात व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी को राजधानी के साहित्य प्रेमियों और प्रशंसकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लालबाग स्थित हरिओम मंदिर में सोमवार को स्मृति सभा का आयोजन किया गया।

सभा में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय, राजेश अरोरा शलभ, शास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन, गोपाल चतुर्वेदी के दामाद मनसिजे मिश्र, पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अरविंद चतुर्वेदी, प्रो. उषा सिन्हा, लेखिका अलका प्रमोद, हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे, मधु चतुर्वेदी, देवकी नंदन शांत, प्रमोद चौधरी और लेखक नवीन शुक्ल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी की स्मृति सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

गोपाल चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व सांसद डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गोपाल चतुर्वेदी लखनऊ के सामाजिक जीवन की शान थे। उन्हें समर्पित अपनी रचना :- उस दिन जब तुम चले गए तो, सावन की आंखें भर आईं, दीवारें हो गईं रुआंसी आंगन की आंखें भर आईं, बाद तुम्हारे जाने के मैं बोलो किसे समझाता, भूले से पड़ गया सामने दर्पण की आंखें भर आईं। सुनीता झिंगरन ने गोपाल जी को समर्पित अपने शास्त्रीय रागों की श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गोपाल जी ने अपने आंगन में हर वर्ष होली के रंगों को चटख रखा। उनके घर के आंगन में हर वर्ष हरकारे का फागोत्सव की स्मृतियां हमेशा चटख रहेंगी। नवीन शुक्ल ने कहा कि गोपाल चतुर्वेदी हमसे अंतरंग थे, हर तरह की बातें कर लेते थे। हमेशा सहयोग करते रहे। सूर्यकुमार पांडेय ने कहा कि जब गोपाल जी उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के अध्यक्ष रहे। भारतीय भाषाओं पर राष्ट्रीय सेमिनार कराए। महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सिलासिला लगा रहा। डॉ अमिता दुबे ने कहा कि गोपाल जी का कृतित्व-व्यक्तित्व हमारे जैसी पीढ़ी के लिए अनुभव की परकाष्ठा है। हमारे बाद की पीढ़ी के लिए उनका लेखन महत्वपूर्ण है।

## सिटी डायरी



मानसून कार्निवाल में प्रस्तुति देते बच्चे।

### द मानसून कार्निवाल में गायन और नृत्य का शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रगति इवेंट और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में गौतम बुद्ध पार्क में चल रहे द मानसून कार्निवाल में सोमवार को बच्चों और युवाओं ने अपनी गायन और नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्निवाल 17 अगस्त तक चलेगा। सांस्कृतिक मंच पर सोमवार को नृत्य और गायन का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। आरोही इंटरटेनमेंट की ओर से संजय श्रीवास्तव, कोमल शेखर, प्रकाश खन्ना और उदित नारायण सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया। रिषु अलबेला आर्ट के रिषु अलबेला, दिव्या सिंह, आर्यन तथा वसीम कुरैशी ने अपनी प्रस्तुतियों से प्रभावित किया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



सीएमओ के कमरे के बाहर खड़ीं आशा कार्यकर्ता।

### आशा कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** समय से वेतन न मिलने, एएनसी का भुगतान कई साल से न होने समेत अन्य मांगों को लेकर आशा और संगिनी ने सोमवार को सीएमओ को ज्ञापन दिया। जल्द भुगतान न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। समिति की अध्यक्ष इंदूबाला, जिला प्रभारी मीना यादव ने कहा कि गाइडलाइन के अनुसार प्रसव पूर्व समस्त जांच एवं टीकाकरण करवाने के बाद एएनएसी भुगतान 300 रुपये किया जाता है। वाउचर भरकर देने के बाद भी काफी समय से भुगतान नहीं किया गया है। उन सभी का शोषण किया जा रहा है। कौशल्या, स्नेहलता, लक्ष्मी आदि आशा व संगिनी मौजूद रहीं। अफसरों के आश्वासन के बाद वह सीएमओ कार्यालय से वापस गईं।





शिविर में लोगों की समस्याओं को सुनते अधिकारी।

### ईपीएफओ में शिविर लगा सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित निधि आपके निकट 2.0 शिविर में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आशीष कुमार ने पेंशन दावों, केवाईसी सुधार और खातों के अंतरण से जुड़ी समस्याओं को सुनकर उनके तुरंत समाधान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। ऐसे शिविर छह जिलों में भी लगाए गए। इसमें कर्मचारी और नियोक्ता की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के साथ भविष्य निधि सेवाओं को अधिक सुगम बनाना रहा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अश्विनी कुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी सप्ताहों में ईपीएफओ की टीमें औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा कर योजना का प्रचार-प्रसार करेगी।



आउटरीच बाइक रैली का स्वागत करते सेना के उच्च अधिकारी। अमृत विचार

### सेवाओं और बलिदानों का किया सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सूर्य कमान ने कारगिल के वीरों के सम्मान में ध्वजारोहण समारोह के साथ पूर्व सैनिक आउटरीच कार्यक्रम का समापन किया। आउटरीच बाइक रैली ने लखनऊ के अलावा आसपास के जिलों से गुजरते हुए 1,700 से ज्यादा पूर्व सैनिक, वीरनारी और आश्रितों से संपर्क कर उनकी सेवाओं और बलिदानों का सम्मान किया। उनके कल्याण संबंधी चिंताओं का समाधान भी किया। रैली लखनऊ से शुरू की थी।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. आमोद को दी गई विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू फार्माकोलॉजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आमोद कुमार सचान का सोमवार को विदाई समारोह हुआ। फार्माकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरके दीक्षित समेत अन्य डॉक्टरों ने शिरकत की। अवध जिम खाना क्लब में हुए समारोह में डॉ. आरके दीक्षित, लोहिया संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. दीपक मालवीय आदि मौजूद रहे।

### चार ट्रेनों का संचालन रहेगा बाधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सम्बलपुर (ओडिशा) स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते अगस्त में चार ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि विशाखपटनम से 10 व 13 अगस्त को चलने वाली गाड़ी संख्या 18523 विशाखपटनम बनारस एक्सप्रेस एवं बनारस से 11 व 14 अगस्त को चलने वाली गाड़ी संख्या 18524 बनारस विशाखपटनम एक्सप्रेस निरस्त रहेंगी। संबंलपुर से आठ से 15 अगस्त तक चलने वाली 15027 संबंलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस सम्बलपुर की जगह रेंगाली स्टेशन से चलाई जाएगी। यह गाड़ी संबंलपुर से रेंगाली के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर से छह से 13 अगस्त तक चलने वाली 15028 गोरखपुर संबंलपुर एक्सप्रेस संबंलपुर की जगह रेंगाली स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी।

### आनंद विहार सहरसा स्पेशल सात घंटे लेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। गाड़ी संख्या 05580 आनंदविहार सहरसा स्पेशल सात घंटे लेट पहुंची। इस दौरान परेशान होते रहे। खासतौर पर महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों को दिक्कतें हुईं। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर हैदराबाद स्पेशल दस घंटे देरी की शिकार हुई।

### महिला यात्री को दिया गंदा बेडरोल

**अमृत विचार, लखनऊ :** वीआईपी ट्रेन एसी एक्सप्रेस में महिला यात्री को गंदा बेडरोल दिया गया। चारबाग स्टेशन से नई दिल्ली जाने वाली गाड़ी संख्या 12429 एसी एक्सप्रेस की महिला यात्री राशि अग्रवाल ने बताया कि उन्हें गंदा बेडरोल दिया। उन्होंने अटेंडेंट से कहकर दो बार बेडरोल बदलवाया, लेकिन सभी बेडरोल गंदे व बदबूदार थे। यह पहली शिकायत नहीं है, इससे पूर्व भी एसी एक्सप्रेस व लखनऊ मेल में गंदे बेडरोल की शिकायतें आ चुकी हैं। गाड़ी संख्या 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में टीटीई ने कांवड़ियों से बदसलूकी की। मोहिन मोदनवाल ने शिकायत डीआरएम से की है। 02564 बरौनी क्लोन एक्सप्रेस की थर्ड एसी इकोनॉमी क्लास में एम-1 में पानी संकट की शिकायत मो. आमिर ने की।

### आरक्षित सीट पर बेटिकट यात्रियों ने किया कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीट आरक्षण करा यात्रा करने वाले यात्रियों के बेटिकट मुसाफिर मुसीबत बन रहे हैं। खासतौर पर महिला यात्रियों को अपनी सीटें पर बैठने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। गाड़ी संख्या 15009 गोरखपुर पीलीभीत एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी एस-3 में सीट संख्या 49, 50, 52 पर महिला यात्री श्वेता का आरक्षण था, लेकिन बेटिकट यात्रियों ने सीट पर कब्जा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर डीआरएम से इसकी शिकायत की।

### 12 चिकित्सकों ने ही किया ज्वॉइन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनएचएम की बिड से स्वास्थ्य विभाग को मिले 30 विशेषज्ञों में से 12 ने ही ज्वाइन किया है। अफसरों का कहना है ज्वॉइन करने वाले डॉक्टरों की रिपोर्ट एनएचएम की मिशन निदेशक को बनाकर भेजी जा रही है। नए मिले चिकित्सकों में तीन रेडियोलॉजिस्ट के अलावा बेहोशी, ईएनटी, जनरल सर्जन, एमडी मेडिसिन, बाल रोग विशेषज्ञ, गाइनोकोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट व माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट समेत एक अन्य डॉक्टर ने जॉइन किया है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है डॉक्टरों के ज्वॉइन करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई थी, जिन डॉक्टरों ने ज्वाइन किया उसकी रिपोर्ट एनएचएम निदेशक को भेजी जा रही है।

### नौ लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : विजिलेंस और अहिबरनपुर अवर अभियंता की देखरेख में सोमवार को ट्रांसगोमती के कदम रसूल, मदेयगंज और रमबगिया में मॉर्निंग रेड चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान तहमीना, मोहम्मद आरिफ, अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद एकलाख, शमसुद्दीन, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद वहीद, अहमद रजा, मोहम्मद फारूक को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

राहत | ज्वाइंट सर्जरी अब होगी आसान, अल्ट्रासाउंड तकनीक से मिलेगा सुरक्षित एनेस्थीसिया

## गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस व आर्थराइटिस मरीजों की सर्जरी अब और सुरक्षित

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार :** संजय गांधी पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टरों ने बड़ी सफलता हासिल की है। गठिया, रूमेटॉयड आर्थराइटिस और अंक्यलॉसिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित मरीजों के लिए डॉक्टरों ने ऐसी तकनीक अपनाई है, जिससे अब कूल्हे और घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के दौरान सुरक्षित और प्रभावी एनेस्थीसिया देना संभव हो गया है। जिससे सर्जरी अब और अधिक सुरक्षित हो गई है।

एडिशनल प्रोफेसर डॉ वंश खरे, डॉ.राफत शमीम और डॉ. प्रतीक सिंह बैस ने बताया कि अंक्यलॉसिंग स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस और अन्य गठिया रोगों में रीढ़ की हड्डी अकड़ जाती है या जुड़ जाती है। ऐसे मामलों में परंपरागत स्पाइनल एनेस्थीसिया देना मुश्किल होता है और जनरल एनेस्थीसिया देना पड़ता है, जो बुजुर्ग और कमजोर मरीजों के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे मरीजों को अब अल्ट्रासाउंड की मदद से रीढ़ की जांच कर सटीक स्पाइनल एनेस्थीसिया दिया जा रहा है। इससे न सिर्फ सर्जरी आसान हुई है, बल्कि मरीजों को बेहतर परिणाम भी मिल रहे हैं। यह तकनीक बुजुर्ग मरीजों के लिए भी फायदेमंद है, जिनकी रीढ़ उम्र के साथ विकृत हो जाती है।



बलरामपुर अस्पताल में आयोजित गोष्ठी में निदेशक डॉ. कविता आर्या व अन्य। अमृत विचार

### हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सोमवार को बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में जागरूकता गोष्ठी एवं पोस्टर प्रस्तुतीकरण का आयोजन हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने कहा कि हेपेटाइटिस एक ऐसा संक्रमण है जो वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में रहकर गंभीर जटिलताएं उत्पन्न कर सकता है। हम सभी स्वास्थ्यकर्मियों की यह जिम्मेदारी है कि लोगों को सही जानकारी, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक करें। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. विष्णु ने हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकार, कारण, लक्षण, रोकथाम और टीकाकरण के बारे में जानकारी साझा की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी, सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन हुआ।

### वैक्सीन देकर शिशु को हेपेटाइटिस से बचा सकते

**अमृत विचार :** जानकीपुरम के हॉलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक में हुए कार्यक्रम में डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी बीमारी है। लिवर हमारे शरीर का एक जरूरी अंग है, जो खून में से टॉक्सिन्स को साफ करने के साथ ही भोजन पचाने की प्रक्रिया में मदद करता है। हेपेटाइटिस एक महामारी बनती जा रही है, जिसके कारण हर साल मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। हेपेटाइटिस के सभी प्रकारों को गंभीरता से लेना चाहिए। जागरूकता व जन्म के बाद शिशु को वैक्सीन देकर खतरे से बचाया जा सकता है।



डॉ. अर्चना

### 13 लाख लोगों की जा रही जान

**अमृत विचार :** टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में ऑनलाइन सेमिनार का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मौर्या ने किया। गुजरात के डॉ. सुनील ने कहा कि हमारे देश में करीब चार करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी एवं एक करोड़ लोग हेपेटाइटिस सी से पीड़ित हैं। डब्ल्यूएचओ के 2015 के डेटा के अनुसार हर साल वायरल हेपेटाइटिस से 13 लाख लोगों की मौत हो जाती है। अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि हेपेटाइटिस से बचाव के लिए दूषित भोजन, पानी के सेवन से बचना चाहिए।

## गोमती नगर के विनोद हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवक के पैर के इलाज में लापरवाही में दोषी पाए जाने पर सीएमओ ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** युवक के पैर के इलाज में लापरवाही करना गोमतीनगर के विनोद हॉस्पिटल के प्रबंधन पर भरी पड़ गया। पीड़ित की शिकायत पर सीएमओ की ओर से गठित समिति की जांच में लापरवाही की पुष्टि हुई है। तीन साल बाद सीएमओ की ओर से अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर संचालन पर रोक लगा दी गई है।

गोमतीनगर के खरगापुर कौशलपुरी निवासी नीरज मिश्रा (35) वर्ष 2022 में सड़क हादसे में जख्मी हो गए थे। उन्हें विनोद हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने दाहिने पैर की हड्डी टूट होने की जानकारी देकर ऑपरेशन की बात कही। 29 अप्रैल 2022 को आधी रात मरीज को विनोद हॉस्पिटल से एंबुलेंस से कुर्सी रोड के ग्रीन सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। वहां पर देर रात ऑपरेशन कर रॉड डाला गया। ऑपरेशन के आधे घंटे बाद मरीज को एंबुलेंस से विनोद हॉस्पिटल भेज दिया गया था। वहां 14 दिन मरीज भर्ती रहा। डिस्चार्ज होने के बाद हालत बिगड़ गई। दूसरे अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने पैर में सड़न होने की बात कही। तीसरे अस्पताल के डॉक्टर ने रॉड संग सड़ा मांस निकाल दिया। एक-एक आठ ऑपरेशन हो गए।

इस दौरान लाखों रुपये खर्च हो गए। पीड़ित ने सीएमओ कार्यालय में शिकायत की। दोनों पक्षों के बयान व साक्ष्य के आधार पर कमेटी ने विनोद हॉस्पिटल को दोषी पाया था। कमेटी ने अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति किया था। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करते हुए संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

## सिटी ब्रीफ

### शिक्षकों का धरना 31 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं लेकर 31 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय पर धरना देगा। संगठन के जिला अध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित 15 सूत्री ज्ञापन डीआईओएस को दिया जाएगा। प्रदेश संयुक्त मंत्री मिथलेश पाण्डेय ने धरने में ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों के शामिल होने की गुहार लगाई है।

### वर्ल्ड ओआरएस डे पर होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा वर्ल्ड ओआरएस डे पर विभिन्न कार्यक्रमो और प्रतियोगिता का आयोजन होना है। सोमवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, ने कार्यक्रम के पोस्टर रिलीज़ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एनबी सिंह, चीफ मेडिकल ऑफिसर, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह, सुपरिटेंडेंट ऑफ़ सीएचसी अलीगंज मौजूद रहेंगे।

### पीजी प्रवेश परीक्षा की उत्तरकुंजी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी प्रवेश परीक्षा की उत्तरकुंजी जारी कर दी है। विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा की उत्तरकुंजी वेबसाइट परपीजी प्रोग्राम के एडमिशन पेज पर जारी कर दी है। उत्तरकुंजी 17 पाठ्यक्रमों, जैसे एप्लाइड इकोनॉमिक्स, भूगोल, हिंदी, एमकॉम, एल.एल.बी., एल.एल.एम. आदि के लिए उपलब्ध है। परीक्षार्थी उत्तरों का मिलान कर सकते हैं और आपत्ति, यदि कोई हो, निर्धारित समय में दर्ज करा सकते हैं।

### प्रो. शशि भूषण बने सांख्यिकी विभागाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रो. शशि भूषण को सांख्यिकी विभाग का नया विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के परिनियम 2.20(5) (यथा संशोधित) के अंतर्गत की गई है। कुलपति द्वारा स्वीकृत इस नियुक्ति के तहत प्रो. शशि भूषण 30 जुलाई से विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनका कार्यकाल तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है, या वह अधिवर्षता आयु प्राप्ति या किसी अन्य आदेश तक, जो भी पहले घटित हो, विभागाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### 72 लाख रुपये की स्कॉलरशिप मिली

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के 18 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 72 लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रुपये मिलेंगे। सीएमएस छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80 हजार रुपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।

### शिया कॉलेज में बीकॉम में द्वितीय मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया पीजी कॉलेज ने स्नातक स्तर पर बीकॉम (रेगुलर) पाठ्यक्रम सत्र 2025-26 की द्वितीय चयनित सूची जारी कर दी है। मेरिट सूची को महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल www.shiapgcollege.ac.in अथवा महाविद्यालय की वेबसाइट www.shiacollege.org पर जाकर देखा जा सकता है। प्रवेश समिति के निदेशक प्रो. मिर्ज़ा मोहम्मद अबु तैय्यब ने बताया कि बीकॉम (रेगुलर) पाठ्यक्रम शिया आरक्षित वर्ग प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये चयनित अभ्यर्थी अपना प्रवेश शुल्क महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर पे कोर्स फी लिंक पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर से लॉगिन करके ऑनलाइन 29 जुलाई से 2 अगस्त तक जमा कर सकते हैं।

### बास्केटबाल के लिए ट्रायल आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता अगले महीने दो से पांच अगस्त तक खेली जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लखनऊ बास्केटबॉल टीम के गठन को चयन ट्रायल गोमती नगर स्थित विनय खंड स्टेडियम में होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा के अनुसार मंगलवार को जिला स्तरीय और 30 अगस्त बुधवार को मंडल स्तर ट्रायल आयोजित किये जायेंगे।

# दृष्टिकोण और विचारों से तय होती है जीवन की दिशा

## भाषा विश्वविद्यालय के कानून अध्ययन संकाय में हुआ कार्यक्रम, डॉ. अरुणिमा सिन्हा ने छात्रों को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कानून अध्ययन संकाय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ तान्या, सागर एवं ज़ैनब ख़ान द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि डॉ. अरुणिमा सिन्हा, कुलपति प्रो. अजय तनेजा व विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार त्रिवेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ. अरुणिमा सिन्हा ने छात्रों से अनुशासन, मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग आत्मनिष्ठा और कर्म के प्रति समर्पण से ही संभव होता है। जीवन की दिशा हमारे दृष्टिकोण और विचारों से तय होती है, न कि केवल परिस्थितियों से।


कार्यक्रम में बोलतीं डॉ. अरुणिमा सिन्हा। अमृत विचार

कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार यादव ने अपने व्यावहारिक अनुभवों और सहज हास्य शैली के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखने और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डीन, कानून अध्ययन संकाय प्रो. मसीहुद्दीन आलम, डॉ. महेश कुमार (रजिस्ट्रार), मोहम्मद साहिल (उप कुलसचिव) सहित संकाय के सभी शिक्षक डॉ. कृष्णा गुप्ता, डॉ. श्वेता त्रिवेदी, डॉ. दीक्षा मिश्रा, डॉ. प्रशांत वरुण, अंशुल पांडेय, आशीष शाही, निधि राठौर एवं भानु प्रताप की उपस्थिति रही। विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार त्रिवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### अंग्रेज़ी व एमईएएल विभाग में हुआ ओरिएंटेशन

अंग्रेज़ी व एमईएएल (मल्टीलिंगुअल इंग्लिश एंड एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स) विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवागत विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उद्घाटन व्याख्यान विभागाध्यक्ष प्रो. तनवीर खादिजा द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने एक आकर्षक पावर पॉइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. शिखा, डॉ. हारून, यूसुफ़, सदफ़, डॉ. शिप्रा सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लविवि बीए व विधि पाठ्यक्रमों की च्वाइस फिलिंग प्रारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश सत्र 2025-26 के अंतर्गत बीए (एनईपी) और एलएलबी (इंटीग्रेटेड 5 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया 28 जुलाई से प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी। इन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन काउंसलिंग के अंतर्गत अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन पेज के च्वाइस फिलिंग आप्शन के माध्यम से अपनी पसंद के विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को अपने पूर्व में दिए गए अप्लीकेशन नंबर का उपयोग करते हुए च्वाइस फिलिंग करना होगा।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों को बौद्धिक क्षमता के अनुसार मिलेगी शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1 अगस्त से चलाया जाएगा विशेष अभियान



**अमृत विचारः** आउट ऑफ स्कूल में चिह्नित किए गए बच्चों को उनकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए 1 अगस्त से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने राज्य में 68913 बच्चे आउट ऑफ स्कूल के तौर पर चिन्हित किए हैं। महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि 6 से 14 आयु वर्ग के इन बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा से दोबारा जोड़ने के लिएशिक्षा की मुख्यधारा में पुनः प्रवेश की रणनीति बनाई गई है। इसमें बच्चों को उनकी उम्र के अनुरूप आयु संगत कक्षा में नामांकित कर शिक्षा दी जाएगी। शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें नियमित स्कूल शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। बता दें कि पहचान किये गये आउट ऑफ स्कूलबच्चों को विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा 9 माह का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

योजना के अंतर्गत, ऐसे विद्यालय जहां 5 या उससे अधिक आउट ऑफ स्कूल बच्चे हैं, वहां विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों का चयन किया जायेगा। जिनमें सेवानिवृत्त अध्यापक या स्वैच्छिक सेवा देने वाले योग्य वॉलिंटियर्स को वरियता दी जाएगी। ये प्रशिक्षक बच्चों को आवश्यक विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे वे कक्षा के अनुरूप मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ सकें।

### आईटीआई में 37 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊः** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में कैम्पस चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसमें ट्रेड टर्नर, मशीनिष्ट एवं मैकेनिक डीज़ल इंजन के 37 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा प्रशिक्षण उपरांत 18,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन पर नियुक्ति प्रस्ताव प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, कंपनी के प्रतिनिधि एवं ट्रेनिंग मैनेज वेंकटरमन वी और समाजसेवी चंचल गुप्ता उपस्थित रहे। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# कंपोजिट विद्यालयों में बनेंगे दो स्मार्ट क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों को इंटरएक्टिव लर्निंग का मिलेगा अनुभव
- योजना से करीब एक लाख से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे

**अमृत विचारः** प्रदेश के सभी कंपोजिट विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो-दो स्मार्ट क्लास बनाए जाएंगे एक स्मार्ट क्लास पर औसतन 3.10 लाख रुपये की लागत आंकी गई है। इस प्रकार एक विद्यालय में दो स्मार्ट क्लास के लिए कुल 6.20 लाख रुपये तक की डिजिटल सामग्री भेजी गई है। हर स्मार्ट क्लास को स्मार्ट टीवी, डिजिटल लर्निंग उपकरण, वाईफाई कनेक्टिविटी, स्पीकर और पावर बैकअप से लैस किया जाएगा। इससे शिक्षक वीडियो, एनिमेशन, स्लाइड और इंटरएक्टिव कंटेंट के माध्यम से बच्चों को और अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ा सकेंगे। परंपरागत पद्धति की तुलना में यह तरीका छात्रों के लिए अधिक रोचक और समझने में आसान होगा।

इस डिजिटल पहल के जरिए छात्रों को इंटरएक्टिव लर्निंग का अनुभव मिलेगा, जिससे उनकी सोचने, समझने और सीखने की क्षमता बेहतर होगी। साथ ही, यह कदम सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को निजी स्कूलों के समकक्ष लाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है। इस योजना से करीब एक लाख से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा का कहना है कि अगस्त तक सभी विद्यालयों में उपकरण स्थापित कर संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ ही कौशल विकास, खेलकूद, सुविधा और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। हर विद्यालय में 30 स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी व कंप्यूटर लैब, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, मिनी स्टेडियम, खेल मैदान होगा। इसके अतिरिक्त, इनमें कौशल विकास केंद्र और वर्कशॉप्स, शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा, सीसीटीवी निगरानी, वाई-फाई की भी व्यवस्था होगी।

# मेधावियों को किया सम्मानित


डॉ. ए.के. सचान के स्मृति चिन्ह भेंट करते संस्थान के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार , लखनऊः** अवध जिमखाना क्लब कैसरबाग लखनऊ के तत्वावधान में ज्वाइंट इफर्ट स्ट्रीट ऐण्ड आरफन चिल्ड्रेन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि समारोह में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी छात्रों को स्कूलबैंग प्रमाण पत्र खाद्य सामग्री और टीशर्ट प्रदान की गयी। वहीं क्लब में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के पूर्व स्टाफ सदस्यों द्वारा संस्थान के डॉ. ए.के. सचान के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई।

### राजनीति शास्त्र विभाग में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग में ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को कुलपति डॉ. अजय तनेजा ने अपनी शुभकामनाएं दी। छात्र-छात्राओं ने कुलपति को तुलसी का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण और भारतीय परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित म्यूज़ियम, भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र, आर्ट गैलरी एवं पुस्तकालय की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. आरके त्रिपाठी, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. राजकुमार सिंह सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

# वर्टिकल इन्टेरेक्शन कोर्स की डीजीपी ने की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में ब्यूरो ऑफ़ पुलिस रिर्सच एन्ड डेवलपमेन्ट केंद्र सरकार के सहयोग से आयोजित वर्टिकल इन्टेरेक्शन कोर्स का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उप्र राजीव कृष्णा एवं अति विशिष्ट अतिथि बीपीआर एंड डी के एडीजी जोसेफ आरके लोक्कू थे। जिन्हें संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जी.के. गोस्वामी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षण हेतु तैयार एडवांस डिजिटल डाईगनोस्टिक कक्ष का उद्घाटन भी किया।


कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व प्रतिभागी। अमृत विचार

मुख्य अतिथि राजीव कृष्णा ने कहा कि किसी भी आपराधिक विषय पर कार्य करने के लिए हमें तीन बेसिक विषयों का ज्ञान होना जरूरी है। जिसमे पहला है कानून दूसरा टेक्नोलॉजी और तीसरा फोरेंसिक। आज जिस कोर्स का यूपीएसआईएफएस में शुभारम्भ हुआ है उसमे यह विषय समाहित हैं। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साइबर अपराधी बहुत तेजी से टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रवि जोसेफ लोक्कू ने कहा कि यह संस्थान सेन्ट्रल संस्थानों के बराबर में खड़ा हो रहा है, जिसके कम समय में तीव्र विकास के लिए डॉ. जीके गोस्वामी धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिब मुखर्जीअतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह, फैकल्टीज डॉ. श्रुति दास, चन्द्रमोहन सिंह गिरिजेश राय, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. नेहा, डॉ. निताशा एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधि विवि की टीम बनी उपविजेता

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की टीम ने आइबीए-वीआईएसी (सहमति आधारित विवाद समाधान प्रतियोगिता) में उपविजेता रही है। इसमें विश्वविद्यालय की ओर से अकर्ष आनंद और सना सोनेजा शामिल थे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय बार एसोसिएशन और विएना इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी। मध्यस्थता समस्या में अनुबंध समाप्ति, बैंक गारंटी, बीमा कानून, बैंकिंग कानून और न्यायालय से बाहर विवाद निपटान जैसे जटिल मुद्दों को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता में दुनिया भर के 66 प्रमुख विधि संस्थानों ने भाग लिया।

# कश्मीरी माइग्रेंट व एनआरआई की हुई काउंसलिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कश्मीरी माइग्रेंट व एनआरआई अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग प्रक्रिया सुबह 10 बजे से प्रारंभ की गयी। इस दौरान प्रमाणपत्रों की जांच के बाद रैंक के अनुसार सीट आवंटन किया गया। एनआरआई में तीन छात्रों ने काउंसलिंग के जरिए आईईटी में प्रवेश हुए।

पिछले पांच साल में एनआरआईका आईईटी में सर्वाधिक प्रवेश इस बार हुआ है। वहीं कश्मीरी माइग्रेंट में 12 छात्र काउंसलिंग कराकर प्रवेश लिया। सीट आवंटन के बाद सभी अभ्यर्थियों को कॉलेज में जाकर फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में हुई काउंसलिंग प्रक्रिया का समन्वय प्रो. ओपी सिंह ने किया। इस दौरान प्रो. एसपी शुक्ला, प्रो. धनंजय सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, अभिषेक नागर, डॉ. आयुष श्रीवास्तव ने सहयोग प्रदान किया।


काउंसलिंग कराता एक छात्र। अमृत विचार

### बीबीएयू में आयोजित होगा 'राष्ट्र प्रथम' अभियान

**अमृत विचार, लखनऊः** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 5 से 8 अगस्त तक 'राष्ट्र प्रथम' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और आपसी एकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्र प्रथम अभियान के दौरान 5 अगस्त को 'राष्ट्र प्रथम' विषय पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 6 अगस्त को साइबर जागरुकता और अग्निशमन प्रशिक्षण के कार्यक्रम होंगे।

# लविवि स्नातक प्रवेश प्रक्रिया प्रथम आवंटन परिणाम आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2025-26 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम सीट आवंटन का परिणाम आज अपराह्न 12 बजे के बाद विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के लॉगिन पर उपलब्ध होगा।

प्रवेश के लिए जिन पाठ्यक्रमों का सीट आवंटन जारी किया गया है, उनमे बी.एल.एड., बीजेएमसी, बी.कॉम (ऑनर्स), बी.कॉम (एनईपी), बी.एससी. (कृषि), बीसीए, बीबीए, बी.वोक शामिल हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया गया है। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन संख्या की सहायता से आवंटन परिणाम देखें और सीट की पुष्टि हेतु ऑनलाइन फीस जमा करना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई की मध्य रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। समय पर फीस जमा न करने की स्थिति में आवंटित सीट निरस्त की जा सकती है।

## जिला फुटबॉल लीग

फॉल्कन खिलाड़ियों ने फुटबॉल को पूरे समय अपने कदमों के साथ ही रखा

# सुशांत की हैट्रिक, लखनऊ फॉल्कन को मिली जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** जिला फुटबॉल लीग में टेक्ट्रो क्लब और लखनऊ फॉल्कन ने एकतरफा जीत दर्ज कर विजयी अंक हासिल किए। टेक्ट्रो क्लब ने चौस क्लब को 6-0 और लखनऊ फॉल्कन ने कालिंदी क्लब को 7-1 से हराया।

चौक स्टेडियम पर सोमवार को लखनऊ फॉल्कन और कालिंदी क्लब के बीच खेला गया मुकाबला एकतरफा रहा। फॉल्कन खिलाड़ियों ने फुटबॉल को पूरे समय अपने कदमों के साथ ही रखा। वहीं कालिंदी के खिलाड़ी गोल के लिए तरसते रहे। आक्रामक रुख में खेल रही फॉल्कन ने पहले हाफ में ही 2-0 की बढ़त बनाई ली। जीत के नायक सुशांत ने गजब की फुर्ती दिखाते हुए 20वें और 38वें मिनट में शानदार गोल किये। दूसरे हॉफ में भी लखनऊ फॉल्कन ने अपना दबदबा कायम रखा। 52वें मिनट में सुशांत ने तीसरा गोल कर हैट्रिक लगाई।

60वें नैनेडो ने 63वें, जेबरसन ने 80वें और साबिक ने 84वें मिनट में गोल किये। कालिंदी की ओर से नोमान 40वें मिनट में एक मात्र गोल करने में कामयाब रहे। इसके पहले खेले गए मैच में टेक्ट्रो क्लब ने आसानी से चौस क्लब को हराया। टेक्ट्रो की ओर से हिमांशु थापा ने 9वें, आर्यन ने 29वें, सतीश ने 43वें, आदित्य ने 53वें, कमल ने 68वें और वीरेंद्र ने 73वें मिनट में गोल किये।


मैच के दौरान एक्शन में खिलाड़ी। अमृत विचार


चेन्नई जाने वाली यूपी सब जूनियर हॉकी टीम। अमृत विचार

### यूपी हॉकी टीम चेन्नई रवाना

**अमृत विचार , लखनऊ :** बुलंद हौसले व शानदार प्रदर्शन के इरादे के साथ यूपी हॉकी सब जूनियर टीम सोमवार को चेन्नई (तमिलनाडु) के लिए रवाना हो गई। टीम का कैंप गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम में आयोजित किया गया। 15 दिन के कैंप के बाद यूपी की 18 सदस्यीय टीम की घोषणा सोमवार को हुई। 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चेन्नई में सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के ए डिवीजन के मुकाबले खेले जायेंगे। इसमें यूपी समेत 12 टीमें जीत के लिए जोरआजमाइश करेंगी। यूपी हॉकी के महासचिव और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रजनीश मिश्रा ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ 18 खिलाड़ियों को चुना गया है। बीते तीन सालों से हम लगातार चैंपियन हैं।

### देवर्श और देवयानी ने किया शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज स्थित सेंट जोसफ कॉलेज के स्विमिंग पूल में सीआईएससीई रीजनल स्विमिंग कॉम्पटीशन आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में राजधानी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। लखनऊ के देवर्श दत्त पाण्डेय और देवयानी महेश्वरी ने दोहरी सफलता दर्ज की। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले देवर्श दत्त पाण्डेय, सुदेव नायर, देवयानी महेश्वरी और मनुश्री शर्मा का चयन सीआईएससीई नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। देवर्श दत्त पाण्डेय ने अंडर-19 बालक वर्ग में 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर फ्री स्टाइल में पहला स्थान हासिल किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### केजीएमयू में नर्सिंग ट्यूटर भर्ती का विज्ञापन निरस्त

**लखनऊ :** केजीएमयू में 14 पदों के निकाला गया नर्सिंग ट्यूटर भर्ती का विज्ञापन निरस्त कर दिया गया है। इसके संबंध में डीन डॉ. वीरेंद्र आत्म की तरफ से नोटिस जारी कर जानकारी दी गई है। 5 जुलाई को नर्सिंग ट्यूटर के पदों पर विज्ञापन निकाला गया था। इसी महीने इसके साक्षात्कार होने थे। आदेश में विज्ञापन निरस्तीकरण के लिए अपरिहार्य कारणों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### डेंगू-मलेरिया की रोकथाम को चलेगा प्रचार अभियान

**लखनऊ :** डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी वेक्टरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम अभियान चलाएगा। इसके लिए नगर निगम क्षेत्रवार एयरोड्रोनिक स्क्रीन एवं पीए सिस्टम के माध्यम से ऑडियो-विजुअल प्रचार करके लोगों को इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करेगा। साथ ही फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराएगा। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी जोनल और जेडएसओ को अपने क्षेत्र में तेजी लाने को कहा है।

### छत पर पड़ा मिला मेड इन चाइना लिखा ड्रोन

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी :** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव मड़ौली में सोमवार की सुबह ग्रामीण की छत पर मेड इन चाइना लिखा ड्रोन मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उधर, पुलिस किसी स्थानीय युवक की खुराफात बता रही हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को रात में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिले भर में ड्रोन की अफवाहों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# कार्यालय में घुसकर मंडी सचिव से मारपीट, तोड़फोड़

## अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने से गुस्से में थे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मंडी सचिव संजीव कुमार को अस्पताल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करना कुछ लोगों को इतना नागवार गुजरा कि सोमवार को मंडी सचिव के कार्यालय कक्ष में घुसकर उनकी पिटाई कर दी। उनके कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई। घटना से हतप्रभ सचिव ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जानकारी दी। एसपी सिटी, एडीएम सिटी, सीओ मौके पर पहुंचे। मझोला पुलिस ने सचिव का चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

सोमवार को 11:30 बजे मंडी सचिव संजीव कुमार के कार्यालय कक्ष से अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाजें आने लगी। कर्मचारी मंडी सचिव के कक्ष की ओर दौड़े लेकिन कक्ष अंदर से बंद था। कर्मचारियों ने मंडी समिति के चेक पोस्ट पर बैठे पुलिसकर्मियों को बुलाना चाहा तो वे मौके पर नहीं मिले। कुछ देर बाद कक्ष खुला और सचिव ने बाहर आकर पूरी घटना कर्मचारियों को बताई। इसके बाद वह जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपने साथ हुई मारपीट की जानकारी दी। बताया कि मारने पीटने वालों में एक व्यक्ति खुद को विधायक बता रहा था।

● **मारपीट- हंगामा करने से पहले आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों पर डाला कपड़ा**

जिलाधिकारी के निर्देश पर एसपी सिटी, एडीएम सिटी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि पुलिस बल के साथ जांच के लिए तत्काल मंडी समिति पहुंच गए। एसपी सिटी रणविजय सिंह और एडीएम सिटी ज्योति सिंह को मंडी सचिव के कार्यालय में कुर्सियां टूटी मिली, सीसीटीवी कैमरे कपड़ों से ढके थे। कुछ कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया गया था।

> तहरीर मिल गई है, मामले की जांच पूरी होने पर जो भी दोषी होगा चाहे वह कोई भी हो, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> –कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी

इस संबंध में मंडी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि मैं अभी दो चार दिन पहले ही जिले में आया हूं। अभी किसी जनप्रतिनिधि से नहीं मिला हूं इसलिए किसी को पहचानता नहीं हूं। मेरे कार्यालय में आकर मारपीट करने वालों में से एक व्यक्ति खुद को विधायक बता रहा था। वे मारते वक्त अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाई का जिक्र कर रहे थे।

## नर्सिंग की छात्राओं के कपड़े उतार कर ली तलाशी, दी तहरीर

**अमृत विचार, फरीदपुर :** किराए के मकान पर रह रहीं नर्सिंग की छात्राओं पर चोरी का आरोप लगाते हुए मकान मालिक द्वारा कपड़े उतारकर तलाशी लेने पर छात्राओं ने कोतवाली में तहरीर दी है। मोहल्ला बीसलपुर रोड पर किराए पर रहने वाली छात्राओं ने तहरीर में बताया कि मकान मालिक का सारा सामान नीचे वाले कमरे में रखा था जोकि घर से चोरी हो गया। छात्राएं ऊपरी मंजिल पर रहती हैं। मकान मालिक और उनके बेटे ने उन पर चोरी का आरोप लगाते हुए कपड़े उतार कर उसे अपमानित किया और किसी को इस बारे में बताने पर अंजाम भुगतने की बात कही। पीड़िताओं ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# महिलाओं का अपमान नहीं सहेगी भाजपा : बेबी रानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सपा पर तीखा पलटवार करने की कमान भाजपा से सोमवार को महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने संभाली। उन्होंने अखिलेश यादव की चुप्पी पर सवाल उठाया और इसे नारी सम्मान पर हमला बताया। उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। कहा कि भाजपा किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि इस मसले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुप्पी हैरान करने वाली है। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी नारी सम्मान पर हमला है। ऐसे अखिलेश यादव की चुप्पी न सिर्फ नारी सम्मान पर उनकी सोच को लेकर सवाल खड़े करती है,



प्रेसवार्ता करतीं मंत्री बेबी रानी मौर्य।

> जो हो रहा है, अच्छा हो रहा है। यह अच्छी बात है कि एफआइआर दर्ज हुई है।
> –डिंपल यादव, सपा सांसद



बल्कि कहीं न कहीं उनकी वोट बैंक की लालसा को भी दर्शाती है। सवाल पूछा कि क्या अखिलेश यादन ने सत्ता के लिए अपनी पत्नी का अपमान स्वीकार कर लिया है?

**ऐसे शुरू हुआ विवाद :** यह विवाद तब शुरू हुआ, जब ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने एक टीवी डिबेट शो में डिंपल यादव के संसद परिसर की मस्जिद में आयोजित सपा की बैठक में शामिल होने और उनके पहनावे पर टिप्पणी की। इस बयान के बाद सोमवार को संसद से लेकर सड़क तक हंगामा मचा रहा। मौलाना साजिद रशीदी ने टीवी डिबेट के दौरान डिंपल यादव के मस्जिद में बिना सिर ढके जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि मस्जिद में दो महिलाएं थीं, एक इकरा हसन ने सिर ढका था, लेकिन डिंपल यादव ने नहीं।

### मौलाना साजिद रशीदी पर एफआईआर दर्ज

सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी की टिप्पणी के बाद विवाद गहरा गया है। सपा कार्यकर्ता प्रवेश यादव ने विभूति खंड थाने में मौलाना साजिद पर स्त्री विरोधी बयान देने और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। मौलाना रशीदी ने डिंपल यादव के मस्जिद में बिना सिर ढके जाने पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद संसद और सड़क पर हंगामा हुआ।

### सियासी बैठक की जगह नहीं है मस्जिद : जैदी



**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने कहा है कि बोर्ड तो पहले ही यह आदेश जारी कर चुका है कि मस्जिद में न तो सियासी बैठक की जाए और न ही मस्जिद में किसी राजनीतिक दल का पोस्टर- बैनर लगाया जाये। उन्होंने कहा कि जो मौलवी मस्जिद में राजनीतिक बैठक को गंगा-जमुनी तहजीब बता कर पास कराना चाह रहे हैं, वह मुसलमानों में मसलकी भेदभाव के कारण मस्जिदों के बंटवारे पर कौम को सही राह क्यों नहीं दिखाते। हम भी चाहते हैं कि एकता हो क्योंकि एकता के बगैर कोई भी अच्छा काम हो ही नहीं सकता, लेकिन एकता की शुरुआत हमें मस्जिद से नहीं अपने घर से करनी होगी।

## छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष की कैद

**बरेली :** किशोरी से 10 साल पहले छेड़छाड़ के आरोपी थाना बारादरी क्षेत्र निवासी अयूब को परीक्षण में कोर्ट ने दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने उसे तीन वर्ष कठोर कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन कक्षा 10 की छात्रा है। 13 अप्रैल 2015 को आरोपी ने रास्ते में बहन को पकड़कर खींचकर एक कोठी में ले जाकर छेड़छाड़ की थी।

# स्कूल जा रहे भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** स्कूल जा रहे तीन बच्चों की साइकिल को बदायूं-मेरठ राजमार्ग स्थित सिलहरी के मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कांवड़ यात्रा के चलते प्रशासन ने शनिवार और सोमवार का अवकाश घोषित किया है। इसके बाद भी विकास क्षेत्र दहगवां के नगला चोई स्थित नाहर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुला था। सोमवार सुबह जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद नरौटा कांकसी निवासी प्रेमपाल का पुत्र अंकित (11) और बेटी अंशु (12) अपनी चचेरी बहन खुशबू (12) पुत्री महिपाल के साथ साइकिल से विद्यालय जा रहे थे। गांव सिलहरी स्थित मंदिर के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिलों को टक्कर मार दी। हादसे में भाई-बहन और एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों को सहसवान सीएचसी ले गई। यहां चिकित्सक ने अंकित और अंशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि खुशबू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी देहात डॉ. केके सरोज ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।



अंकित



अंशु



### सर्वोदय विद्यालय में 5वें एलुमनाई मीट का आयोजन

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** दिल्ली स्थित शहीद भाई बल मुकुंद सर्वोदय विद्यालय के मॉडल स्कूल सी एलुमनाई एसोसिएशन (एमएससीएए) द्वारा 21 जुलाई को विद्यालय प्रांगण में 5वां एलुमनाई मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में स्कूल के पूर्व छात्रों ने न केवल एक-दूसरे से मुलाकात की बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके हौसले भी बढ़ाए। कार्यक्रम की शुरुआत एलुमनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष रजनी तनेजा द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उप शिक्षा निदेशक कुलदीप सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य मंजुल मनोहर का लगातार सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के उप निदेशक कुलदीप सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने एलुमनाई नेटवर्क की प्रभावशाली भूमिका की सराहना की और कहा कि पूर्व छात्रों की भागीदारी छात्रों को ऊंचे लक्ष्य हासिल करने के लिए दिशा दिखाती है।

## तीसरी बार युवती को अपहरण की दी धमकी

**बरेली :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में एक युवती का आरोपी युवक दो बार अपहरण कर चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लेकिन जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी ने युवती को धमकी देकर 20 लाख रुपये की मांग की है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती ने बताया कि गांव अहियापुर निवासी श्याम सिंह तीन महीने के अंदर दो बार उसका अपहरण कर चुका है। दोनों बार उसने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूट कर बाहर आया और अब तीसरी बार अपहरण की धमकी दे रहा है।

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है।

विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे,



● **योगी ने तोड़ा गोविंद बल्लभ पंत का 8 साल 127 दिन का रिकॉर्ड**

● **अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का सफल, निर्बाध और निर्णायक कार्यकाल**

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

### कस्तूरबा स्कूल में रात में घुसे नकाबपोश छात्राओं ने मचाया शोर

**रिठौरा, (बरेली):** आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हाफिजगंज में बीती रात्रि छात्राओं ने दो नकाबपोश चोरों को देखने की बात कहते हुए शोर मचा दिया। शोर सुनते ही तमाम ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर स्कूल की ओर दौड़े लेकिन कोई हाथ नहीं लगा, स्कूल की वार्डन अर्चना शर्मा ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया उनके विद्यालय में कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं है। विद्यालय में 155 छात्राएं एवं तीन महिला स्टाफ रहता है। अचानक रात को खिड़की पर दो काले नकाबपोश युवकों ने खिड़की बजाई तो छात्राएं भयभीत हो गयीं। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार गश्त कर रही है।

## कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक पर 50 हजार का हर्जाना

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर के निदेशक डॉ. शान्तनु कुमार दुबे पर 50 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है।

न्यायालय ने 3 जुलाई को उन पर अदालत की अवमानना का आरोप तय करते हुए, जवाब देने का मौका दिया था लेकिन जवाब देने के बजाय, उनकी ओर से सोमवार को एक प्रार्थना पत्र देते हुए, 3 जुलाई के उक्त आदेश को वापस लेने की मांग की गयी। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र को भ्रांतिपूर्ण पाते हुए 50 हजार रुपये हर्जाना लगाकर खारिज कर



दिया। न्यायालय ने अगली सुनवायी 1 अगस्त को नियत करते हुए शान्तनु कुमार दुबे को अवमानना के आरोपों के खिलाफ अपना जवाब देने का फिर से एक मौका दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने डॉ. विनय कुमार व 31 अन्य की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर पारित किया है। याचियों की ओर से कहा गया कि वे कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत थे जिसकी फंडिंग उक्त कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान करता है लेकिन उक्त संस्थान ने उन्हें सेवा से हटा दिया था और रिकवरी आदेश भी जारी किया था।

## जानकारी के अभाव में स्पेशल ट्रेनें दौड़ रहीं खाली

**बरेली :** एक तरफ नियमित ट्रेनों में यात्रियों को लंबी वेटिंग से परेशानी झेलनी पड़ रही है तो दूसरी ओर स्पेशल ट्रेनें यात्रियों की जानकारी के अभाव में खाली दौड़ रही हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार छपरा से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली 05305 स्पेशल ट्रेन, लालकुआं से चलने वाली 05060 स्पेशल समेत दर्जनभर ट्रेनों में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं लेकिन यात्री जानकारी नहीं होने के कारण भीड़भाड़ वाली नियमित ट्रेनों में ही टिकट बुक कराने की कोशिश कर रहे हैं, जहां कई ट्रेनों में वेटिंग 100 से पार जा चुकी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा तो की गई है, लेकिन इनका प्रचार-प्रसार सीमित स्तर पर हुआ है।

# चालक को आई झपकी टकराई बस, 12 घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर में सोमवार सुबह हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के हाईवे पर दलपतपुर के पास सोमवार की सुबह 5 बजे चालक को नींद की झपकी आने से ट्रेवल्स बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मूंढापांडे सीएचसी व जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के दुगली बाग विकिया सैन कॉलोनी में रहने वाले 22 लोग दिल्ली के आंबेडकर नगर थाना क्षेत्र के तिगरी खान क्षेत्र में रहकर नौकरी करते हैं। सोमवार की सुबह सभी लोग ट्रेवल्स बस बुक कराकर अपने गांव में पंचायत चुनाव में वोट डालने जा रहे थे। बस सवार घायल लोगों ने पुलिस को बताया कि सोमवार की सुबह 5 बजे बस मूंढापांडे क्षेत्र में दलपतपुर के पास पहुंची। इसी दौरान चालक को नींद की झपकी आ गई। जिससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बस सवार जगदीश, प्रकाश, प्रतीक, केशव, कमला देवी, भावना, सविता, प्रीति, नंदी, कांति समेत 12 लोग घायल हो गए। थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बस कब्जे में ले ली गई है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार है।

## बंदूक की नोंक पर महिला से दिनदहाड़े सामूहिक दुष्कर्म

**बरेली/फरीदपुर :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में तीन युवक बंदूक की नोंक पर दिनदहाड़े महिला से उसके घर से खींचकर दूसरे मकान में ले गए। जहां पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके बाद अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर उसी के गांव के रहने वाले अर्जुन, रेहान और साकिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

**उत्तराखंड**

# उत्तराखंड : 550 सरकारी स्कूलों को गोद लेंगे उद्योगपति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्य के 550 राजकीय विद्यालयों को कॉरपोरेट समूह गोद लेकर उन्हें साधन सम्पन्न बनाएंगे। इनमें अधिकांश विद्यालय पर्वतीय क्षेत्रों के हैं। सरकार ने ऐसे उद्योगपतियों से सम्पर्क कर इस संबंध में सैद्धांतिक सहमति बना ली है।

30 जुलाई को राजभवन में राज्यपाल और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कॉरपोरेट समूहों व शिक्षा विभाग के मध्य राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को गोद लेने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे।

● **सबसे ज्यादा स्कूल पर्वतीय क्षेत्र के 30 को राजभवन में होंगे एमओयू**



विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुसार, राज्य सरकार शिक्षा के आधुनिकीकरण एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर एक नई पहल शुरू करने जा रही है, जिसके तहत राज्य के करीब 550 राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों को कॉरपोरेट समूह से जोड़ा जा रहा है। इनमें से अधिकतर विद्यालय पर्वतीय क्षेत्र के शामिल किए गए हैं, ताकि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच अवस्थित इन विद्यालयों में कॉरपोरेट सोशल रिस्पान्सबिलिटी (सीएसआर) फंड से अवस्थापना सुविधाओं का विकास हो सके। डॉ. रावत ने बताया कि सूबे में करीब 559 विद्यालय ऐसे हैं जिनमें विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

### आधारभूत व आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे स्कूल

प्रदेश भर के उद्योग समूहों के सीएसआर फंड से विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं के साथ नई पहचान दिलाना है। इसके तहत प्रत्येक उद्योग समूह एक प्राथमिक व एक माध्यमिक विद्यालय को गोद लेकर उनमें सभी आधारभूत एवं आधुनिक सुविधाएं (मॉडल क्लास रूम, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय, फर्नीचर, शौचालय, खेल सामग्री, खेल मैदान व चाहरदीवारी आदि) मुहैया कराएंगे ताकि पर्वतीय क्षेत्रों के दुर्गम विद्यालयों में अध्ययनरत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को आज की आवश्यकताओं एवं नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

**आयोजन** एसजीपीजीआई में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

# सिर व गर्दन के कैंसर से बचना है तो तंबाकू से बनाए दूरी

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग की ओर से सोमवार को विभागाध्यक्ष प्रो अमित केसरी के नेतृत्व में विश्व सिर और गर्दन कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम और सीएमई का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तंबाकू, गुटखा जैसे कारणों से होने वाले सिर और गर्दन कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

प्रो. केसरी ने बताया कि दुनिया भर में सिर और गर्दन के कैंसर के बढ़ते मामलों और उनसे जुड़े जोखिम कारकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 27 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। कैंसर की रोकथाम जागरूकता से ही संभव है। प्रो अमित केसरी के मुताबिक पान-मसाला, गुटखा, तंबाकू आदि इस कैंसर के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सिर और गर्दन कैंसर सहायता समूह की भी शुरुआत की गई, जो मरीजों को एक-दूसरे और डॉक्टरों से जोड़ने का काम करेगा।



कार्यक्रम में शामिल निदेशक प्रो आरके धीमन व अन्य। अमृत विचार

### हर तीसरा कैंसर मरीज, सिर या गर्दन के कैंसर से ग्रस्त

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीजीआई संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो आरके धीमन ने बताया कि देश में 30 से 40 प्रतिशत कैंसर रोगी सिर और गर्दन के कैंसर से पीड़ित हैं। लगभग हर तीसरा मरीज इससे ग्रसित है। ऐसे में इसकी रोकथाम और इलाज के लिए बहु-विषयक टीम की भूमिका बेहद अहम है। कार्यक्रम में डीन प्रो शालीन कुमार, सीएमएस डॉ देवेंद्र गुप्ता, रेडियोथेरेपी विभागाध्यक्ष प्रो पुनीता लाल और अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे।

## भगदड़ में घायल 20 लोग हुए डिस्चार्ज

**देहरादून।** हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह भगदड़ मचने पर 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी जबकि 30 लोग घायल हो गए थे। प्रशासन ने सोमवार को बताया कि सभी आठों शवों को पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। एम्स, ऋषिकेश में भर्ती 15 में 5 घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया है जबकि शेष 10 उपचाराधीन हैं। वहीं, हरिद्वार के जिला अस्पताल से भी घायल 15 व्यक्तियों को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। सभी घायल उत्तर प्रदेश के कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, बदायूं के अलावा हरियाणा और बिहार के हैं।

# रंगदारी मांगने के आरोप में यूट्यूबर गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भाजपा नेताओं से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और रंगदारी मांगने के आरोप में में यूट्यूबर बिरजू मयाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बिरजू पर रामनगर थाने में चार व कालाढूंगी थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं।

मोहल्ला भरतपुरी रामनगर निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते दिनों उनका पड़ोसी बिरजू मयाल अपनी पत्नी के साथ शोर कर रहा था। जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो बिरजू ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज, मारपीट और छेड़खानी की।




पुलिस की गिरफ्त में यूट्यूबर बिरजू।

महिला ने चार मोबाइल नंबरों का भी उल्लेख किया है, जिनसे लगातार वीडियो कॉल और अश्लील बातें की गईं। इसके साथ ही फेसबुक पर महिला को बदनाम करने वाली पोस्ट डालने का भी आरोप लगाया गया है।

रविवार को भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिरजू मयाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उसे गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन किया था। भाजपा नेता व पूर्व दर्जा मंत्री दिनेश मेहरा ने भी बिरजू मयाल के खिलाफ 10 हजार रुपये की रंगदारी मांगने और सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं व महिला कार्यकर्ताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाया था। उस मामले में भी कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने भी बिरजू मयाल पर गाली-गलौज और अभद्र भाषा करने का आरोप लगाया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी को मंडी गेट के पास रामपुर रोड हाईवे हल्द्वानी से गिरफ्तार किया गया है।

● **रामनगर थाने में चार व कालाढूंगी थाने में दर्ज हैं दो मुकदमे**

## बच्चों में बौनापन की चिंता

देश भर की आंगनवाड़ियों में नामांकित बच्चों के बौनेपन को लेकर संसद में आई रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के लिहाज से काफी चिंताजनक है। इसके मुताबिक 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 63 जिलों के बच्चों में बौनेपन की दर 50 फीसदी से अधिक है। इस समस्या से उत्तर प्रदेश विशेष रूप से प्रभावित है, जिसके 34 जिलों में बच्चों में बौनेपन की दर गंभीर स्थिति में है। इनमें चित्रकूट में तो बच्चों में बौनेपन की दर 59.48 फीसदी मिली है। बौनेपन से आशय उन बच्चों से है, जो अपनी उम्र के हिसाब से छोटे होते हैं। ऐसा आमतौर पर लंबे समय तक कुपोषण का शिकार रहने के कारण होता है। इसी तरह कमजोर बच्चे उनको माना जाता है, जो अपनी लंबाई के हिसाब से काफी पतले होने के कारण कम वजन वाले होते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा लोकसभा में जानकारी दी गई है कि 'पोषण ट्रैकर' के आंकड़ों के अनुसार देश में छह वर्ष से कम उम्र के 8.19 करोड़ बच्चों में से लगभग 36 फीसदी बच्चे बौनेपन का शिकार हैं। वहीं करीब 17 प्रतिशत बच्चों का उम्र के अनुपात में वजन कम है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में तो बौनेपन की व्यापकता और भी ज्यादा, यानी 37 फीसदी है। आंकड़ों के अनुसार बच्चों में बौनेपन की सर्वाधिक दर 46.36 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में है।

बौनापन वास्तव में एक दीर्घकालिक कुपोषण है और पोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं है। इसमें स्वच्छता, साफ पानी और शिक्षा जैसे कारण भी शामिल हैं। अब इसमें बढ़ता वायु प्रदूषण भी जुड़ गया है। हाल ही में केजीएमयू, लखनऊ के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष ने वायु प्रदूषण को टीबी, निमोनिया, सीओपीडी और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ाने वाला बताया था। उनके मुताबिक वायु प्रदूषण बच्चों को विभिन्न समस्याएं देने के साथ गर्भावस्था के दौरान भ्रूण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आज इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि बड़ी संख्या में बच्चे गर्भ में ही कुपोषित हो जाते हैं। पांच वर्ष की उम्र आने तक वह कम वजन के साथ कम लंबाई का शिकार हो जाते हैं। इसकी बड़ी वजह हर सर्वेक्षण में कुपोषण ही सामने आता रहा है जो बच्चों का शारीरिक विकास बाधित करने के कारण उन्हें अपनी उम्र से छोटा बना देता है। इसकी वजह विशेष रूप से प्रोटीन और ऊर्जा की कमी होती है, जिसके कारण बच्चों में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी हो जाती है और उनका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अविकसित रह जाता है। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण के आंकड़े भी बच्चों में बौनेपन की बढ़ती समस्या पर आगाह करने के साथ इसे लेकर चिंता जता चुके हैं, कि कुपोषण से जुड़े विकार बच्चों में तमाम बीमारियों को जन्म देने के साथ मृत्यु दर भी बढ़ा रहे हैं। इन परिस्थितियों में जरूरी है कि सरकार को पोषण अभियान, मिशन सक्षम आंगनवाड़ी जैसे अभियानों से आगे बढ़कर समस्या के समाधान का एकीकृत उपाय खोजना होगा, ताकि प्रत्येक बच्चे को अच्छी शुरुआत के साथ बेहतर भविष्य तथा जीवन मिल सके।

### प्रसंगवश

## मेड इन इंडिया से यूके की इकोनॉमी को मजबूती



प्रकाश श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा और दोनों देशों द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कई मायनों में अहम साबित हुए हैं तथा व्यापार और आर्थिक संबंधों को नया आयाम मिला है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार में सालाना 34 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही वर्ष 2020 में यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद से यूनाइटेड किंगडम का यह सबसे बड़ा व्यापार सौदा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सैंड्रिंघम हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की और किंग चार्ल्स को भारत के पर्यावरणीय जनआंदोलन 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित एक पौधा भी भेंट किया। यह अभियान प्रधानमंत्री ने ही शुरू किया था। किंग चार्ल्स को पौधा भेंट करना प्रधानमंत्री के पर्यावरण के प्रति सद्इच्छाओं को दर्शाता है। इस पौधे की खासियत उसकी सफेद पंखुड़ियों का होना है। किंग से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया-महामहिम किंग चार्ल्स तृतीय के साथ बहुत शानदार बैठक हुई। हमने भारत-ब्रिटेन संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें सीईटीए और 'विजन 2035' के मद्देनजर व्यापार और निवेश की जमीनी प्रगति भी शामिल थी। चर्चा के अन्य विषयों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, विशेष रूप से योग और आयुर्वेद शामिल थे। हमने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता पर भी बात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन की अपनी चौथी यात्रा में दोनों देशों में विश्वास और प्रतिबद्धताओं को मजबूती दी है। इससे पहले वह 2018 में यूके गए थे। हालांकि ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर रॉडनी स्टार्मर के सत्ता में आने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। स्टार्मर ने पिछले साल जुलाई में लेबर पार्टी को भारी बहुमत से पराजित कर कंजर्वेटिव पार्टी के 14 साल के शासन का अंत किया था। तब से, दोनों नेता बहुपक्षीय बैठकों के दौरान कई बार मिल चुके हैं। पिछले साल नवंबर में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में, इस साल जून में कनाडा के कनानसकीस में जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में। कहने की जरूरत नहीं कि इस मुक्त व्यापार समझौते को अधिकृत रूप से व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) नाम दिया गया है। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन में लगभग शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। भारत को कई क्षेत्रों में लाभ होगा और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवसर मिलेंगे। साथ ही प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और अन्य उच्च-टैरिफ वाले उत्पाद जहां भारत के पास मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल है, के लिए भी लाभकारी होगा। सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत यहां जो नया निवेश और निर्यात करेगा, उससे यूके में 2,200 से ज्यादा ब्रिटिश नौकरियां उत्पन्न होंगी। भारतीय कंपनियां ब्रिटेन में अपने परिचालन का विस्तार करेंगी और ब्रिटिश कंपनियां भारत में नए व्यावसायिक अवसर हासिल करेंगी।

भारत के विकास एजेंडे के साथ रणनीतिक उद्देश्यों को जोड़ना भी समझौते की खासियत है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 'मेक इन इंडिया' योजना शुरू की थी। इसी तरह 2020 में उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य विशिष्ट क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। यह योजना उन कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए है जो भारत में विनिर्माण करती हैं और बिक्री बढ़ाती हैं। इस समझौते से 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहलों के तहत भारत के व्यापक रणनीतिक उद्देश्यों से जोड़ने, गतिशील वातावरण और एक एकीकृत दिशा बनाने में भी मदद मिलेगी। इस समझौते से ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भी उत्साहित है। उन्होंने कहा भी है-भारत के साथ हमारा ऐतिहासिक व्यापार समझौता ब्रिटेन के लिए एक बड़ी जीत है। इससे पूरे ब्रिटेन में हजारों ब्रिटिश नौकरियां उत्पन्न होंगी, व्यवसायों के लिए नए अवसर खुलेंगे और देश के हर कोने में विकास को गति मिलेगी, जिससे हमारी परिवर्तनकारी योजना साकार होगी। समझौते के तहत भारत को उन क्षेत्रों में भी बेहतर बाजार पहुंच प्राप्त होगी जहां पहले से ही उसकी निर्यात क्षमता मजबूत है, लेकिन मध्यम टैरिफ बाधाओं का सामना करना पड़ता था।



"अपने जीवन में जोखिम उठाएं, अगर आप जीतते हैं, तो आप नेतृत्व कर सकते हैं। अगर आप हारते हैं, तो आप मार्गदर्शन कर सकते हैं।"

# आत्मनिर्भरता के लिए कौशल दक्षता का आलाप





प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

देश में वस्तु निर्माण के पुख्ता स्तंभ बनाने के लिए कौशल दक्षता में कमी की बात कही जाती है। यहां तक कि इंजीनियर और पीएचडी डिग्रीधारी को भी अयोग्य ठहरा दिया जाता है। हाल ही में आईफोन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एप्पल ने चेन्नई में फोन निर्माण के लिए एक संयंत्र स्थापित किया है, किंतु उसे पर्याप्त दक्ष युवा नहीं मिल रहे। इनकी प्रतिपूर्ति कंपनी ने चीन और ताइवान से की। यहां सवाल उच्च शिक्षित पेशेवरों के साथ उन शिक्षा संस्थानों पर भी खड़ा होता है कि तमाम आधुनिक संसाधनों से भरे पड़े ये पढ़ा व सिखा क्या रहे हैं? दक्षता की लक्ष्य पूर्ति के लिए अक्सर चीन से सीख लेने की बात कही जाती है। जिससे यह जान लिया जाए कि सस्ते मजदूरों के जरिए सस्ती वस्तुओं का निर्माण कैसे हो? क्योंकि इन्हीं वस्तुओं के निर्माण से चीन दुनिया की औद्योगिक व प्रौद्योगिक शक्ति बना है। उसके माल से दुनिया के बाजार भरे पड़े हैं।

यहां प्रश्न खड़ा होता है कि क्या हम सस्ती वस्तुओं के निर्माण की तरकीब और देशज ज्ञान भारत और भारतीयों से नहीं सीख सकते? मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक तहसील स्तरीय कस्बा है बदरवास। संयोग से मैं यहीं का रहने वाला हूं। अब से करीब पैंतालीस साल पहले बदरवास के ही बैक से 10 हजार रुपए का ऋण लेकर रमेश अग्रवाल ने यहीं छोटी सी दुकान में जैकेट बनाने का काम प्रारंभ किया था, तब वे रोजाना 40-50 जैकेट बनवाकर बेच लेते थे। किंतु आज हजारों जैकेट बनवा कर बेच रहे हैं। मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत नेपाल तक फेरी वाले उनकी जैकेट बेचते हैं। इसे मोदी जैकेट कहा जाता है। सस्ती जैकेट का यह व्यापार समूचे देश में फैल रहा है। इस उत्पाद के शोरूम भी खुल रहे हैं और बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। अब जैकेट निर्माण का विकेंद्रीकरण हुआ है। करीब एक सैंकड़ा लोग जैकेट के निर्माण और व्यापार में जुटे हैं। पांच-सात हजार क्षेत्रीय ग्रामीण पुरुष और महिलाएं जैकेट की सिलाई के काम से जुड़े रहते हुए आत्मनिर्भर हुए हैं। बदरवास की गली-गली में जैकेट सिलने और बेचने का व्यापार परवान चढ़ा दिखाई देता है। बड़े कारोबारियों के कारखाने देखकर हैरानी होती है कि इतने छोटे कस्बे में जैकेट का इतने बड़े पैमाने पर उत्पादन कैसे हो रहा? इन जैकटों की कीमत न्यूनतम 80 रुपए से लेकर 300 रुपए तक है। यहां के सिले वस्त्र निर्माता इतना सस्ता उत्पाद कैसे कर पाते हैं, इस रहस्यमयी तरकीब को जानना जरूरी है, जिससे चीन की तरह भारत के माल से दुनिया के बाजार भरे जा सकें। जैकेट व्यापारी अपने ठिकानों पर विभिन्न आकार-प्रकार की जैकेटों के कपड़े की कटिंग कराते हैं। फिर इन कटे वस्त्रों को आसपास के पन्द्रह किलोमीटर तक के ग्रामों में सिलने के लिए दर्जन के हिसाब से भेज देते हैं। अतएव यहां देखने में आता है कि घर-घर और खेत-खेत महिलाएं और छात्राएं जैकेट की सिलाई में लगी हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं खेती-किसानी से जुड़ी होती हैं। ये घरेलू और किसानी की दिनचर्या से निपटने के बाद खेत में बने घर की दहलान में पैरों से चलने वाली सिलाई मशीन से सिलाई के काम में लग जाती हैं। सिलाई के बाद इनके घर का कोई व्यक्ति जैकेटों को साइकिल या बाइक से व्यापारी को दे आते हैं। तत्काल इन्हें प्रति जैकेट के हिसाब से मजदूरी दे दी जाती है। जैकेट की सिलाई खाली समय में की जाती है, इसलिए मजदूर को अतिरिक्त धन मिल जाता है, जो इनकी आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बन गया है। सिलाई की इस कौशल दक्षता को मां या बड़ी बहन नई पीढ़ी को सिखाती चलती हैं। इस कौशल के लिए अच्छी पढ़ाई या उत्तम प्रशिक्षण की जरूरत ही नहीं पड़ती है। जैकेटों में काज-बटन लगाने का काम पुरुष या तो हाथ से करते हैं या फिर मशीनों से। जैकेट के जितने भी बड़े कारोबारी हैं, उनके कारखानों में आधुनिक व इलेक्ट्रोनिक तकनीक से जुड़ी बड़ी-बड़ी मशीनें लगी हैं। इन मशीनों को चलाना भी लोग परस्पर सीख लेते हैं। इसी तरकीब से बदरवास में प्रतिदिन लगभग दस हजार जैकेट बनाकर बेची जा रही हैं।

सस्ते श्रम से सस्ते माल के उत्पादन की इस विधि को संपूर्ण भारत समेत विदेश में भी फैलाने की जरूरत है। चीन इसी तकनीक से विश्व बाजार में औद्योगिक शक्ति बना हुआ है। लेकिन भारत जो अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा से वस्तुओं के निर्माण में हजारों साल से जुड़ा हुआ था, वहां के लोग और शिक्षा संस्थान पश्चिम की ओर ताक रहे हैं। भारत के शिक्षा विशेशज्ञ भी इसी विचार से प्रेरित हैं। लोगों को शेयर बाजार के सिद्धांत और ऋण से धंधे की स्थापना के जुनून का पाठ पढ़ाया जाकर सरकारी या कंपनियों की नौकरी मिल जाए। जिससे वे कुलीन की श्रेणी में आ जाएं। उच्च शिक्षा के इस लक्ष्य को साधने के लिए कर्ज की सुविधा देकर विदेशी व्यापार-प्रबंधन के संस्थानों में पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कथित कामयाबी के लिए यह प्रोत्साहन सर्वथा अनुचित है। दूसरी तरफ हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। जबकि देश के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत, रोजगार में 60 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत योगदान इन्हीं उद्योगों का है। फिर भी इन उद्योगों से लेकर ऑटोमोबाइल, कृत्रिम-मेघा और मशीन लर्निंग जैसे उद्योगों के लिए दक्ष युवाओं की कमी है। आखिर भारतीय राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन युवाओं को दक्ष करने में असफल क्यों रहा? क्योंकि इस अभियान में युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने का दायित्व जिन लोगों को सौंपा गया था, वे वही किताबी ज्ञान देते रहे, जिसे प्रशिक्षु शिक्षा संस्थानों से पढ़कर निकले थे, जबकि उन्हें उद्योग में प्रायोगिक ज्ञान की जरूरत थी। इसी ज्ञान से उत्पादकता बढ़ेगी। उत्पादकता बढ़ेगी तो आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

यहां प्रश्न खड़ा होता है कि क्या हम सस्ती वस्तुओं के निर्माण की तरकीब और देशज ज्ञान भारत और भारतीयों से नहीं सीख सकते? मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक तहसील स्तरीय कस्बा है बदरवास। संयोग से मैं यहीं का रहने वाला हूं।

### आमने सामने



सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "हम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की मांग करते हैं। पिछले 20 वर्षों में गहन पुनरीक्षण की कमी के कारण, कई नाम ऐसे हैं जो मौजूद नहीं हैं। जो लोग नए पते पर चले गए हैं, उनके नाम अभी भी पुराने और नए दोनों स्थानों पर सूचीबद्ध हैं। मृतक व्यक्तियों के नाम अभी भी सूची में मौजूद हैं।"

बिहार एसआईआर मुद्दे पर टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, "हम इस बारे में सुनवाई (सुप्रीम कोर्ट में) के बाद ही कह सकते हैं, लेकिन हम विपक्ष और जनता के साथ खड़े हैं कि एसआईआर मामले में चुनाव आयोग ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है, कई एजेंसियों ने अपनी विश्वसनीयता खोदी है। यह स्पष्ट है कि वे किसकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।"



# मतदाता सूची मामला, विपक्ष का विरोध प्रदर्शन



डॉ. आशीष वशिष्ठ

लखनऊ

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं।

वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए।

भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है। बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय-समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर 'वोटों की चोरी' का आरोप लगा रहे हैं। उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे। और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है। चुनाव आयोग ने केवल दूसरी जगह चले गए मतदाताओं, मृतकों और एक ही व्यक्ति के दो स्थानों पर मतदाता सूची में शामिल होने वाले मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूची से हटाने की बात कही है, ऐसे में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से अतार्किक है।

चुनाव आयोग नियम कानून के तहत वोटर लिस्ट अपडेट कर रहा है। यह उसकी डयूटी का हिस्सा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची जरूरी है। वास्तव में, मतदाता सूची पर विपक्ष का हंगामा केवल राजनीतिक स्टंट कर जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश है। विपक्ष चुनावों में अपनी हार को देखकर अभी से बहाने की तलाश कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन और चुनाव आयोग पर बयानबाजी उसी का नतीजा है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99 .8 फीसदी यानी 7 .23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं।

### सामयिकी

## सर्पपूजा का त्योहार नाग पंचमी



डॉ. अरविंद मिश्र

वरिष्ठ विज्ञान संचारक

सर्पपूजा का सबसे बड़ा भारतीय त्योहार नागपंचमी है। लोकमानस में जितना प्रभाव सांपों का है वह किसी अन्य जीवजंतु का नहीं। इसका कारण सांपों से जुड़ा आदिम डर है। भय बिनु होई न प्रीति इन सांपों को लेकर भी चरितार्थ है। पुराकाल से ही सांपों के प्रति इसी भय ने अनेक मिथकों को जन्म दिया। कितनी ही लोककथाओं के केंद्र में सांप वर्णित हुआ है। नागपंचमी में प्रमुखतः फन वाले कोबरा का दर्शन पूजन शुभ और अभयदान देने वाला माना गया है। नाग और सर्प दो विभिन्न कोटियां हैं इसका भान हमारे पूर्वजों को था। श्रीमद्भगवद्गीता में कृष्ण स्वयं को अनंताश्चस्मि और सर्पाणाम अस्मि वासुकि बताते हैं। हलांकि विज्ञान सर्प परिवार को नाग और सांप में विभाजित नहीं करता। हां सांपों की भारत में पाई जाने वाली तीन सौ प्रजातियों का उल्लेख अवश्य करता है जिसमें करीब साठ प्रजातियां विषधर हैं। और चार की चौकड़ी-कोबरा (नाग), करैत, रसेल वाईपर और सा स्केल्ड तो महा विषधर हैं।

प्राचीन काल में सर्पदंश के उपचार की कोई कारगर औषधि न होने और अवश्यंभावी मानव मृत्यु ने सांपों को लेकर आम लोगों में दहशत का बीजारोपण किया। इसी से सर्पपूजा सर्वव्यापी हुई और सांपों को संस्कृत साहित्य, काव्यों तक में प्रमुखता मिली। अपने पिता की तक्षक नाग के दंश से कुपित कलयुग के पहले राजा जन्मेजय ने सर्पनाश यज्ञ का आयोजन कर डाला। तथापि नाग (सर्प) समूल नाश से बच गए। मुनि आस्तीक ने मनसा, जो सर्पदेवी के रुप में आज भी पूज्य हैं, के हस्तक्षेप से तक्षक को सर्पयज्ञ की आहुति से बचा लिया। मनसा देवी के कई मंदिर भारत में हैं। सर्प आतंक से मुक्ति के लिए श्रीकृष्ण के कालिया मर्दन की कथा भला कौन नहीं जानता। मगर भयोत्पादक सर्प प्राचीन साहित्य में महिमा मंडित अधिक हुआ है। वह विष्णु की शैय्या बना है और शिव के गले का हार। योग क्रिया में तो कुंडलिनी जागरण का विशेष महत्व है जिसमें सर्प का रुपक ही इंगित है।

शिव और विष्णु के आभूषण के रुप में सर्प सदैव वंदनीय रहे हैं। इन श्लोकों में-शांताकारं भुजग शयनम...शिव के लिए नागेंद्रकुंडल, नागेंद्रहार, नागेद्रवलय, नागेंद्रचर्मधर आदि संबोधन हैं। यह भी कि गले रुंडमालम, तनौ सर्पजालम, महाकालकालं, गणेशाधिपालम।.... जटाधारी कंठे भुजगपतिहारी पशुपतिः..... भविष्यपुराण में सांपों पर व्यापक चर्चा है (प्रथम पर्व, अध्याय 33-36)। नागपंचमी महात्म्य का विशेष वर्णन है। शतानीक ऋषि प्रश्नकर्ता हैं और सुमन्तु उत्तर दे रहे हैं। प्रश्नों में सांपों के रुपों, वर्ण, पहचान, जातियों, कुल, योनि, सतयुगीन कद्रू-विनता सर्प माताओं से उनकी उत्पत्ति, विष, दंश पर प्रभूत वर्णन है। सुमन्तु ने गौतम व कश्यप ऋषि के संवाद के हवाले से तमाम सर्प जिज्ञासाओं का शमन किया है।

लोक कथाओं में बाला लखंदर की कथा बंगाली अंचल में बहुश्रुत रही है। नागपंचमी के मूल में एक किसान की कथा आती है जिसने सावन के शुक्ल पक्ष के पांचवे दिन यानि नागपंचमी को ही खेत में हल चलाकर नागिन के बच्चों को मार डाला। प्रतिशोध में नागिन ने किसान के परिवार में सभी को मार डाला और मायके चली गई बेटी को भी मारने जा पहुंची। मगर वहां पहुंच कर उसने देखा कि वह सर्पपूजा में सर्वविध तल्लीन थी। नागिन प्रसन्न हो गई और वरदान के जरिये किसान का पूरा परिवार पुनर्जीवित हो गया। उसी घटना के कृतज्ञता ज्ञापन में नागपंचमी मनाई जाने लगी। कहते हैं कालिया मर्दन भी इसी तिथि को हुआ था।

मैंने बचपन में नागपंचमी के दिन विविध रंगों में रंगे गए डंडों से बाल गोपालों को लेकर तालाबों में गुड़ियों को पीटने का खेल खूब खेला। आज भी गावों में यह आयोजन नागपंचमी को होता है। इस क्रीड़ा का उद्गम क्या है इसका कोई संतुष्टिदायक उत्तर मुझे आजतक नहीं मिला। कहते हैं कि जनमेजय सर्प विनाश अभियान से इसका संबंध है। सर्प/नाग का एक महिमामंडित स्वरुप अनंत यानि शेषनाग का है। सर्पाख्यान भी अनंत है। हरि अनंत हरिकथा अनंता की भांति ही।

### सोशल फोरम

## व्यवस्था की विफलता और नीति निर्धारण की सुस्ती



प्रवीण त्रिवेदी

फतेहपुर

शिक्षक कोई भविष्यवक्ता नहीं होता, न ही वह छतों की दरारों में झांककर विधि का विधान पढ़ सकता है। लेकिन जब कोई हादसा होता है, तो सबसे पहले उस पर उंगली उठती है-जैसे उसने ही कक्षा नहीं चलाई, जैसे उसने ही छत नहीं संभाली। यह कितनी क्रूर विडंबना है कि व्यवस्था की विफलताओं का बोझ हम उस कंधे पर डाल देते हैं, जो रोज़ बच्चों के बस्ते उठाते हैं।

जिस दिन हादसा हुआ, उसी दिन फाइलों से धूल झाड़ कर निकाली गईं वे सूचियां जो वर्षों से बंद दराजों में दम तोड़ रही थीं। अचानक अफसरों को याद आया कि हज़ारों स्कूल जर्जर हैं। मगर यह ज्ञान किसी आध्यात्मिक जागरण से नहीं, मौत की दस्तक से मिला। और तब शुरू होता है एक ढकोसला-निरीक्षण के नाम पर कागज़ी कसरत, जिसमें विद्यालय भवनों की सेहत कागज़ों पर जांची जाती है, बच्चों की ज़िंदगियां आंकड़ों में तौली जाती हैं।

सवाल एक इमारत का नहीं है, सवाल सोच की संरचना का है। अगर फाइलों में पहले से दर्ज था कि कौन से भवन खतरनाक हैं, तो उन्हें सुधारने की प्राथमिकता क्यों नहीं बनी? क्या किसी त्रासदी का इंतजार ज़रूरी था ताकि व्यवस्था अपनी चिर-परिचित हरकत में आ सके-मृतकों पर शोक, परिजनों को मुआवज़ा, और फिर वही गहरी नींद?

दरअसल, समस्या इतनी सतही नहीं जितनी दिखाई देती है। शिक्षक पर आरोप लगाना आसान है क्योंकि वह सबसे ज्यादा दृश्य है, सबसे नज़दीक है। लेकिन व्यवस्थागत लापरवाही, नीति निर्धारण की सुस्ती, और ज़िम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की असंवेदनशीलता को जब तक शिक्षा के विमर्श में नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाएंगी। हमें समझना होगा कि स्कूल सिर्फ पाठशाला नहीं, बच्चों का भविष्य है। और भविष्य की सुरक्षा तात्कालिक जुगाड़ से नहीं, दीर्घकालीन सोच और नीतिगत प्रतिबद्धता से सुनिश्चित होती है। जब तक शिक्षक को व्यवस्था की ढाल और बलि का बकरा बनाए रखा जाएगा, तब तक हर हादसे के बाद फाइलें ही जागेंगी, इंसान नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

हमें समझना होगा कि स्कूल सिर्फ पाठशाला नहीं, बच्चों का भविष्य है। और भविष्य की सुरक्षा तात्कालिक जुगाड़ से नहीं, दीर्घकालीन सोच और नीतिगत प्रतिबद्धता से सुनिश्चित होती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## इस सप्ताह के व्रत और पर्व



**30** जुलाई को श्रीकल्कि जयंती

**31** जुलाई को तुलसीदास जयंती

**01** अगस्त को मासिक दुर्गा अष्टमी

**4** अगस्त को सावन का अंतिम सोमवार

**05** अगस्त को पुत्रदा एकादशी

## सत्यम, शिवम, सुंदरम



- सावन माह अब समाप्ति की तरफ है। शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव स्वयं ही जल हैं। जो जल सभी प्राणियों में जीवन शक्ति का संचार करता है, वह स्वयं उस परमात्मा शिव का रूप है। इसीलिए गंगाजल के अभिषेक से शिव की आराधना को उत्तम फल प्रदान करने वाला माना जाता है। इसी तरह शिव शब्द का अर्थ 'कल्याण' है। शिव की उपासना मनुष्य के जीवन में 'सत्य' को धारण करके, 'शिवम' अर्थात कल्याणकारी पथ की ओर अग्रसर करके हमारे जीवन को 'सुंदर' स्वरूप प्रदान करती है।

## यूपी, उत्तरखंड में सावन के प्रमुख मेले



- सावन में अगर शिव भक्तों और कांवरियों की भारी भीड़ से सबसे बड़ा मेला अगर हरिद्वार में नजर आता है, तो काशी की छटा भी यहां लगने वाले मेले के कारण निराली ही रहती है। काशी विश्वनाथ को भगवान शिव का दूसरा घर माना जाता है। यहां मंदिर में झूला श्रृंगार देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। अयोध्या का सावन झूला मेला भी प्रदेश में बड़ी पहचान रखता है। यह मेला श्रावण मास के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन से शुरू होता है। लखनऊ में मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन के बुधवार पर मेला लगता है। अब यहां 30 जुलाई और 6 अगस्त को मेला रहेगा। आगरा में कालिंदी के किनारे पौराणिकता को समेटे कैलाश मंदिर का मेला भी अंग्रेजों के जमाने से आसपास काफी प्रसिद्ध है। इसे लक्खी मेला भी कहा जाता है, और स्थानीय स्तर पर अवकाश घोषित रहता है। लखीमपुर जिसे छोटी काशी भी कहा जाता है, यहां भी सावन भर मेला लगता है।

होइहि सोइ जो राम रचि राखा।
को करि तर्क बढ़ावै साखा॥
अस कहि लगे जपन हरिनामा।
गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा॥

जो कुछ राम ने रच रखा है, वही होगा। तर्क करके कौन शाखा (विस्तार) बढ़ाए। (मन में) ऐसा कहकर भोलेनाथ श्री हरि का नाम जपने लगे और सती वहां गईं, जहां सुख के धाम प्रभु श्रीराम थे। यह दोहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' में बालकांड का है। प्रसंग उस समय का है जब माता सती ने शिव की इस बात पर विश्वास नहीं किया कि श्रीराम ही परम ब्रह्म और ईश्वर हैं और उनकी परीक्षा लेने निकल पड़ीं। शिव जो विश्वास के प्रतीक हैं, सदा सत्य बोलने वाले, त्रिकालदर्शी, देवों के देव, ज्ञानी, योगी, और सती के पति हैं और माता सती जिन्हें सारा संसार सर्वोपरि पतिव्रता के रूप में पूजता है, वही अपने पति शिव के वचनों पर विश्वास नहीं कर पाईं, तब भोलेनाथ ने यह विचार किया कि श्रीराम ने कुछ और ही रचा है और जो कुछ श्रीराम ने रच रखा है, वही होगा।



नेपाल की राजधानी काठमांडू में बागमती नदी के किनारे स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है। पशुपति का अर्थ है, पशु मतलब 'जीवन' और पति का अर्थ है, 'स्वामी या मालिक'। इसी कारण पशुपतिनाथ को 'जीवन का देवता' या 'सभी प्राणियों का स्वामी' कहा जाता है।



# पृथ्वी पर जीवन के देवता हैं पशुपतिनाथ



ऐसी मान्यता है कि जो कोई भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करता है, उसका जन्म फिर कभी पशु योनि में नहीं होता है। इस मंदिर का इतिहास पूर्व वैदिक काल का माना जाता है। मंदिर की वास्तुकला में पैगोडा शैली और पारंपरिक नेपाली डिजाइनों का मिश्रण देखा जा सकता है। सुनहरी छत, लकड़ी की नक्काशी और पवित्र वातावरण इसे एक अद्वितीय, आध्यात्मिक और धार्मिक आभा प्रदान करता है। यह मंदिर खुले में होने वाले दाह संस्कार के लिए भी प्रसिद्ध है। काठमांडू (नेपाल) स्थित पशुपतिनाथ मंदिर दुनिया भर के हिंदू धर्मावलंबियों का प्रमुख तीर्थ स्थल है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शंकर के देह स्थल केदारनाथ और मुख स्थल पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद ही 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। पशुपतिनाथ मंदिर को नेपाल की धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के साथ आर्थिक विकास का बड़ा स्रोत माना जाता है। शिवालयों का महत्व आम तौर पर सावन और शिवरात्रि में काफी बढ़ जाता है, लेकिन पशुपतिनाथ मंदिर का दृश्य और वातावरण हर दिन खास होता है। यहां पूरे साल श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। सावन भर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। इस बार सावन के प्रथम सोमवार को लाखों श्रद्धालु पहुंचे थे। भारत के कोने-कोने से लोग पहुंचकर पशुपतिनाथ का जलाभिषेक करते हैं।

### चतुर्मुख लिंग के रूप में हुआ प्रकटीकरण

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव यहां पर चिंकारे का भेष धारण कर निद्रा में बैठे थे। बहुत खोजने के बाद वह देवताओं को मिले। देवताओं ने उन्हें वाराणसी ले जाने का बहुत प्रयास किया। इस दौरान बागमती नदी के दूसरे किनारे तक भागते हुए उनका सींग चार टुकड़ों में टूट गया। इसके बाद भगवान पशुपति चतुर्मुख लिंग के रूप में यहां प्रकट हुए थे। पशुपतिनाथ लिंग विग्रह में चार दिशाओं में चार मुख और ऊपरी भाग में पांचवां मुख है। प्रत्येक मुखाकार के दाएं हाथ में रुद्राक्ष की माला और बाएं हाथ में कमंडल है। प्रत्येक मुख अलग-अलग महत्व के हैं। इन सभी पांच मुखाकृतियों के पूजा का अलग-अलग महत्व है।

### केदारनाथ का माना जाता है आधा भाग

- पशुपतिनाथ मंदिर के प्रकटीकरण का कोई इतिहास नहीं फिर भी इसका महत्व सर्वव्यापी और सर्वविदित है। मान्यता है कि यहां आदि काल से ही शिव की उपस्थिति है। पशुपतिनाथ को शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, केदारनाथ का आधा भाग माना जाता है।

### अनवरत जारी रहता है दाह संस्कार

- पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल की राजधानी काठमांडू से तीन किलोमीटर उत्तर-पश्चिम देवपाटन गांव में बागमती नदी के समीप स्थित है। इस नदी को मोक्षदायिनी कहा जाता है। मंदिर के पश्चिम और दक्षिण छोर पर हिंदुओं के शवों का अंतिम संस्कार होता है। यहां चिताओं का जलना अनवरत जारी रहता है।

### अघोर, तत्पुरुष अर्धनारीश्वर सद्योजात और ईशान मुख

पशुपतिनाथ लिंग विग्रह में चारों दिशाओं में स्थापित चार मुखों में पहला 'अघोर' मुख है, जो दक्षिण दिशा की ओर है। पूर्व मुख को 'तत्पुरुष' कहते हैं। उत्तर मुख 'अर्धनारीश्वर' का रूप है। पश्चिमी मुख को 'सद्योजात' कहा जाता है। ऊपरी भाग 'ईशान' मुख के नाम से जाना जाता है। यह निराकार मुख है। यही भगवान पशुपतिनाथ का श्रेष्ठतम मुख माना जाता है।

### रुद्राभिषेक का खास महत्व हर पूजा के लिए शुल्क

पशुपतिनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक का खास महत्व है। पहले रुद्राभिषेक या और कोई पूजा कराने के लिए पुजारियों की दक्षिणा स्वैच्छिक थी। लेकिन अब मंदिर प्रशासन ने इसके लिए सेवा शुल्क तय कर दिया है। विशेष पूजा के लिए एक अलग प्रकोष्ठ बनाया गया है। यहां चढ़ावा या पूजा शुल्क का बड़ा हिस्सा मंदिर के रखरखाव, कर्मचारियों के वेतन पर भी खर्च होता है।

पशुपतिनाथ मंदिर में कोई वीआईपी दर्शनार्थी नहीं होता। नेपाल का बड़ा से बड़ा आदमी या राजनेता भी आ जाए तो आम श्रद्धालुओं के दर्शन में कोई व्यवधान नहीं होता। यहां तक कि राष्ट्रपति के आगमन पर भी मंदिर के भीतर सब कुछ सामान्य चलता रहता है।

### दक्षिण भारतीय भट्ट पुजारियों की नियुक्ति की परंपरा

*नेपाल के राजाओं ने 1747 से ही पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान की सेवा के लिए भारतीय ब्राह्मणों को आमंत्रित किया था। सर्वप्रथम दक्षिण भारतीय ब्राह्मण को 'पशुपतिनाथ मंदिर' का प्रधान पुरोहित नियुक्त किया गया। दक्षिण भारतीय भट्ट ब्राह्मण ही इस मंदिर के प्रधान पुजारी नियुक्त होते रहे हैं, और इन्हें ही मंदिर के शिवलिंग को स्पर्श करने का अधिकार है। 2009 में माओवादियों ने पशुपतिनाथ मंदिर में घुसकर भारतीय पुजारियों का विरोध करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। लेकिन नेपाल की तत्कालीन सरकार ने सूझबूझ से इसे संभाल लिया था। मंदिर में भारतीय भट्ट पुजारियों के नियुक्ति की परंपरा लगातार कायम है।*

**लेखक : यशोदा श्रीवास्तव**



लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। कई राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों और पत्रिकाओं से जुड़े रहे। भारत-नेपाल मामलों के जानकार हैं।

# कुदरकोट से रुक्मिणी का हरण कर ले गए थे श्रीकृष्ण

कानपुर से करीब 90 किमी दूर स्थित है औरैया जिला। यहां बिधूना विकास खंड में एक गांव है, कुदरकोट। इसे कभी कुंदनपुर नाम से जाना जाता था। इस गांव की मान्यता द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण की ससुराल के रूप में है। पौराणिक कथा के अनुसार कुंदनपुर के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से हुआ था। श्रीमद्भागवत पुराण में आए उल्लेख के अनुसार लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व कुंडिनपुर (मौजूदा कुदरकोट) में धर्मप्रिय राजा भीष्मक का शासन था। उनके पांच पुत्र रुक्मी, रुक्मरथ, रुक्मबाहु, रुक्मकेस तथा रुक्ममाली के अलावा एक पुत्री रुक्मिणी थी। भीष्मक के बेटे रुक्मी की मित्रता शिशुपाल से थी। इसके चलते वह अपनी बहन रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से कराना चाहता था। इसके विपरीत राजा भीष्मक व पुत्री रुक्मिणी की इच्छा श्रीकृष्ण से विवाह करने की थी। लेकिन राजा भीष्मक की अपने पुत्र रुक्मी के आगे नहीं चली, विवश होकर उन्होंने बेटी रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ तय कर दिया, किंतु रुक्मिणी ने शिशुपाल के साथ शादी करने से इंकार कर दिया और द्वारका नगरी में श्रीकृष्ण के पास एक दूत भेजकर खुद को हरण करने का आग्रह किया। श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का संदेश स्वीकार कर लिया। पौराणिक उल्लेख के अनुसार श्रीकृष्ण आए और पांडु नदी को पार करके रुक्मिणी का हरण करके अपने साथ द्वारका ले गए और वहां विवाह करके उन्हें अपनी रानी बनाया। श्रीकृष्ण के रुक्मिणी का हरण करने को लेकर प्रचलित कथा यह है कि कुंदनपुर में उस समय परंपरा थी कि विवाह से पूर्व कुंवारी लड़कियां किले में बने गौरी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाती थीं। शिशुपाल से विवाह तय होने के बाद रुक्मिणी भी गौरी मंदिर में पूजा के लिए गई थीं, इसी दौरान श्रीकृष्ण उन्हें अपने साथ ले गए थे। कहा जाता है कि मंदिर में स्थापित मां गौरी की मूर्ति रुक्मिणी के हरण के बाद अलोप हो गई थी। इसी कारण तब से यह स्थान अलोपा देवी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। बाद में यहां अलोपा देवी का मंदिर बनाया गया। गौरी मंदिर से पश्चिम दिशा में राजा भीष्मक ने पुरहा नदी के किनारे एक शिवलिंग की स्थापना कराई थी, जो भगवान भयानक नाथ मंदिर के नाम से बिधूना-भरथना मार्ग पर मौजूद है। मान्यता है कि अज्ञातवास के समय पांडव (युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल व सहदेव) अपनी मां कुन्ती के साथ इस मंदिर पर कुछ समय के लिए रुके थे। इस दौरान उनके द्वारा राजा भीष्मक द्वारा स्थापित




- राजा भीष्मक की राजधानी और द्वारिकाधीश की ससुराल नहीं बन पाई मथुरा और वृंदावन जैसा पौराणिक स्थल
- किला परिसर में स्थापित मां गौरी की मूर्ति रुक्मिणी हरण के बाद अलोप हो गई थी, अब यहां पर है अलोपा देवी का मंदिर
- सावन में भयानक नाथ मंदिर के शिवलिंग पर जल चढ़ाने की मान्यता, अज्ञातवास के दौरान रुके थे यहां पांडव

शिवलिंग की पूजा अर्चना भी की गई थी। इसके चलते इसे सिद्ध शिवलिंग माना जाता है और आसपास के क्षेत्र में सावन में जलाभिषेक करने पर मनोकामना पूरी होने की मान्यता है।

वर्तमान में कुदरकोट गांव जो कभी कुंडिनपुर था, बाद में कुंदनपुर के नाम से जाना गया। इतिहासकारों के अनुसार तत्कालीन कुंदनपुर कस्बे पर जब मुगलों का शासन हुआ तब इसका नाम बदलकर कुदरकोट कर दिया गया था। मुगलों ने इस स्थान का पौराणिक महत्व जानकर भौगोलिक स्थिति बदलने का प्रयास किया, लेकिन आज भी यहां राजा भीष्मक के 50 एकड़ में फैले महल के अवशेष दिखाई पड़ते हैं। आज जिस स्थान पर माध्यमिक विद्यालय स्थित है, वहां पर कभी राजा भीष्मक के महल का मुख्य प्रवेश द्वार था।

**लेखक: समिधा मिश्रा**



कानपुर, लेखिका पूर्व बैंक अधिकारी हैं और वर्तमान में कृपालु महाराज की शिष्या के रूप में समर्पित हैं।

**बोध कथा**

# दया का महत्व

गौतम ऋषि ने मनुष्य के लिए आवश्यक संस्कारों का निर्देश देते हुए आठ आत्मगुणों पर बल दिया है। उन्होंने 'दया सर्वभूतेषु'- सभी मनुष्य मात्र पर दया को प्रथम स्थान प्रदान किया है। दया का भाव क्या है? दुःखीजनों का दुःख दूर करने की अभिलाषा को दया कहते हैं। बिना दया के इस संसार का संचालन सम्भव ही नहीं है। बालक का जन्म होते ही माता सर्वप्रथम उस पर दया करती है। माता की सदैव इच्छा रहती है कि मेरा बच्चा कभी भूखा न रहे, बीमार न पड़े, मुस्कुराता व साफ-स्वच्छ रहे। इसी दया से प्रेरित होकर वह स्वयं अनेक कष्ट सहकर बच्चे का लालन-पोषण करती है। गुरु यदि दया कर दे तो सामान्य शिष्य भी शास्त्र-पारंगत हो सकता है। दयावान के शासन में समस्त प्रजा अपने को सुखी स्वीकार करती है। हममें दया है, लेकिन वह सीमित है। मनुष्य ज्ञानवान अवश्य है, परन्तु सर्वज्ञ नहीं। अज्ञानवश मनुष्य किसी से राग और किसी से द्वेष करता है। इसीलिए संसारी मनुष्य की दया की सीमा होती है। ज्ञान के सन्दर्भ में शास्त्र का मत है कि मनुष्य का ज्ञान सीमित होने से ईश्वर का अस्तित्व सिद्ध हो जाता है। आकाश सीमा में बंधा हुआ नहीं है। कहीं भी हम आकाश के अभाव का अनुभव नहीं कर सकते। जहां पर परिपूर्ण ज्ञान सिद्ध हो, वहीं ईश्वर है ऐसा स्वीकार करना चाहिए। हमारी सीमित दया का भी कोई प्रतियोगी अवश्य है, जो अव्यक्त, नित्य एवं सर्वज्ञ है, वही समान रूप से सम्पूर्ण जीवों का हित करता है। लौकिक माता-पिता तो अपने परिवार पर ही दया करते हैं, परन्तु प्रभु तो सर्वत्र दया करते हैं।



प्रभु सारे संसार के पिता हैं। वे भक्तों के अन्तःकरण में बैठकर अपने ज्ञानदीप से हमें अकाश दे रहे हैं। हम कष्ट आने पर दूसरों से दया चाहते हैं। आचार्य गोरेलाल जी कहते हैं" भगवान शिव ! हम जैसे याचकों की कामनाएं पूर्ण करने वाले, आपके रहते हुए यदि हम याचक - मुद्रा प्रदर्शित करते हुए दूसरे का अनुसरण करते हैं, तो हमारी जैसी ही स्थिति होगी, जैसी दूध दुहने की इच्छा से कामधेनु के रहते हुए दुलत्ती मारने वाली ऊंटनी का अनुसरण करने से होती है।" प्रभु भक्ति मात्र से सन्तुष्ट होकर कष्टों का निवारण करते हैं। भगवान की भव्य-भक्ति का आश्रय लेकर उनकी दया प्राप्त करने से ही मनुष्य-जन्म सार्थक होगा।



**लेखक: डॉ. विजय प्रकाश त्रिपाठी, कानपुर**

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,891.02 | 24,680.90 |
| गिरावट | 572.07 | 156.10 |
| प्रतिशत में | 0.70 | 0.63 |

सोना : 98,020 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,13,000 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

www.amritvichar.com





नई दिल्ली : बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2025 के दौरान फैशन डिजाइनर जयंती रेड्डी की क्रिएशन पेश करते हुए।

# भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ोतरी की ओर कर्ज वृद्धि में नरमी बनी चिंता का विषय

## वित्त मंत्रालय ने कहा- अमेरिका में कमजोर आर्थिक वृद्धि दर निर्यात की मांग कम कर सकती

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रुख के साथ वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। हालांकि, कर्ज वृद्धि में सुस्ती जरूर चिंता का विषय है। मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में घरेलू आपूर्ति और मांग की बुनियाद मजबूत दिखाई दे रहे हैं।

मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में रहने और मानसून में अच्छी प्रगति के साथ घरेलू अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूती के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में प्रवेश की है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव और नहीं बढ़ा है, लेकिन वैश्विक नरमी, विशेष रूप से अमेरिका में कमजोर आर्थिक वृद्धि दर भारतीय निर्यात की मांग को और कम कर सकती है। अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में 0.5 प्रतिशत घटी है। मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया, अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर जारी अनिश्चितता आने वाली तिमाहियों में भारत के व्यापार प्रदर्शन पर भारी पड़ सकती है। धीमी ऋण वृद्धि और निजी निवेश आर्थिक गति में तेजी को सीमित कर सकता है। इसके अलावा, थोक मूल्य सूचकांक में गिरावट के रुख को देखते हुए, बाजार मूल्य पर आर्थिक गति पर गौर करने की जरूरत होगी। स्थिर मूल्य पर आर्थिक गतिविधियां वास्तविकता से कहीं अधिक बेहतर दिखाई दे सकती हैं।

समीक्षा में कहा गया, कुल मिलाकर, जहां तक वित्त वर्ष 2025-26 का सवाल है, अर्थव्यवस्था स्थिर रुख के साथ वृद्धि के रास्ते पर अपनी गति को बनाये हुए है। मंत्रालय ने कहा कि मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी और बैंकों के मजबूत बही-खातों के बावजूद, कर्ज वृद्धि धीमी हुई है। यह स्थिति कर्ज लेने वालों की सतर्क भावना और संभवतः कर्ज देने वालों के जोखिम से बचने के रुख को बताती है। मासिक समीक्षा के अनुसार, कम उधारी लागत के कारण कंपनियों के बीच बॉन्ड बाजार, विशेष रूप से वाणिज्यिक पत्रों के प्रति बढ़ती रुचि भी इस बदलाव का कारण हो सकता है।

### 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है

मंत्रालय ने कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना जैसे उपायों के साथ, अब समय आ गया है कि कंपनियां इस दिशा में कदम बढ़ाएं। कुल 99,446 करोड़ रुपये के व्यय के साथ, ईएलआई योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए, दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। व्यापार तनाव, वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और बाहरी अनिश्चितताओं जैसी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत की वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

## दूसरे राज्यों में भी परिचालन का विस्तार कर सकेंगे शहरी सहकारी बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के परिचालन के विस्तार से जुड़े मानदंडों को सरल बनाने का प्रस्ताव किया। आरबीआई ने प्रस्ताव किया है कि बड़े शहरी सहकारी बैंक (टियर तीन और टियर चार में आने वाले) जो परिचालन मंजूरी पात्रता मानदंड (ईसीबीए) का अनुपालन करते हैं और जिनकी न्यूनतम नेटवर्थ 50 करोड़ रुपये है, वे पंजीकरण वाले राज्य से परे अपने परिचालन क्षेत्र का विस्तार कर सकते हैं।

हालांकि, इसके लिए रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी जरूरी होगी। सहकारी बैंकों के लिए परिचालन मंजूरी (निर्देश), 2025 के मसौदा प्रारूप में कहा गया है कि यूसीबी को एक वित्त वर्ष में अधिकतम दो राज्यों तक अपने परिचालन क्षेत्र का विस्तार करने की अनुमति होगी। लेकिन इसके लिए शर्त है कि प्रत्येक प्रस्तावित राज्य में कम-से-कम पांच शाखाएं खोलने के लिए जरूरी पूंजी उपलब्ध हो। इसमें कहा गया है कि कोई भी शहरी सहकारी बैंक आरबीआई की पूर्व अनुमति के बिना अपने पूरे पंजीकरण जिले में परिचालन क्षेत्र का विस्तार कर सकता है।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 10 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- जून में सुस्त पड़कर 1.5 प्रतिशत पर पहुंची, खनन और बिजली क्षेत्रों में कमजोर प्रदर्शन



खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि इस साल जून महीने में सुस्त पड़कर 10 महीने के निचले स्तर 1.5 प्रतिशत पर रही। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ें में यह जानकारी दी गई। मानसून के जल्दी आने से खनन और बिजली क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के रूप में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन बीते साल जून में 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मई के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 1.9 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। अगस्त, 2024 के बाद औद्योगिक उत्पादन वृद्धि सबसे कम है। उस समय इसकी वृद्धि स्थिर रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि जून, 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 3.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 3.5 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 8.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

बिजली उत्पादन में जून, 2025 में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## बिजीनेस ब्रीफ

### पाकिस्तान के साइबर हमलों को किया नाकाम

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर बैंक की वेबसाइट पर पाकिस्तान से कई साइबर हमले हुए, लेकिन मजबूत सुरक्षा प्रणाली के कारण ऐसे सभी प्रयास विफल हो गए। जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताव चटर्जी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद ही पड़ोसी देशों और अन्य जगहों से साइबर हमले शुरू हो गए थे। बैंक ने एहतियाती कदम उठाए हैं।

### 500 करोड़ से लगाएगी डब्ल्यूआईएन

**नई दिल्ली।** विप्रो इन्फ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआईएन) ने सोमवार को एक नए व्यावसायिक खंड 'विप्रो इलेक्ट्रॉनिक मैटेरियल्स' की शुरुआत की सोमवार को घोषणा की जो प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) के लिए उच्च-प्रदर्शन आधार सामग्री के निर्माण पर केंद्रित होगा। इस पहल के तहत डब्ल्यूआईएन कर्नाटक में लगभग 500 करोड़ रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक कॉपर क्लैड लैमिनेट (सीसीएल) विनिर्माण इकाई स्थापित कर रही है। कंपनी के बयान के मुताबिक, बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास 19 एकड़ में फैले इस संयंत्र से लगभग 350 नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।

### प्रौद्योगिकी उद्योग निर्णायक मोड़ पर

**नई दिल्ली।** उद्योग निकाय नैसकॉम ने सोमवार को कहा कि ग्राहकों की बढ़ती मांगों के मद्देनजर संगठन उत्पाद से जुड़े वितरण मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं और निकट भविष्य में कुछ बदलाव तथा कार्यबल को सुव्यवस्थित करने की कवायद हो सकती है। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा के बाद नैसकॉम ने यह बात कही है। उद्योग निकाय ने टीसीएस का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना कहा कि तकनीकी उद्योग वर्तमान में एक निर्णायक मोड़ पर है, जहां एआई और स्वचालन व्यावसायिक संचालन का केंद्र बन रहे हैं।

### आयकर विभाग को अतिरिक्त समय मिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल आयकर रिफंड के दावों को प्रोसेसिंग में त्रुटि पूर्ण तरीके से अमान्य किये गये मामलों में प्रोसेसिंग प्रक्रिया के लिए समय सीमा में छूट प्रदान की है। यह निर्णय विगत में दाखिल कुछ मामलों में प्रोसेसिंग के दौरान तकनीकी दिक्कतों की शिकायत मिलने के बाद किया गया है। बोर्ड में इस संबंध में परिपत्र संख्या -10/2025 जारी किया है।

# लगातार तीसरे दिन गिरावट सेंसेक्स 572 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी



- भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बाजार में गिरावट आई

शेयर बाजार में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। बीएसई सेंसेक्स जहां 572 अंक लुढ़क गया, वहीं एनएसई निफ्टी 156 अंक के नुकसान में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चतता के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 686.65 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 156.10 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,680.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर नुकसान में जबकि 15 बढ़त में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, निराशाजनक तिमाही नतीजों और एफआईआई की लगातार बिकवाली से शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। इस दौरान निफ्टी दो प्रतिशत यानी 539 अंक से ज्यादा लुढ़क गया, जबकि सेंसेक्स 1,835 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगभग दो महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 7.31 प्रतिशत की गिरावट आई।

## निफ्टी के टॉप गेनर्स

| % | | POINTS |
|---|---|---|
| +2.62 | श्री राम फाइनेंस | 632.00 |
| +2.45 | सिप्ला | 1,570.00 |
| +1.45 | हीरो मोटो कॉर्प | 4,292.00 |
| +1.00 | एशियन पेंट | 2,359.50 |
| +0.98 | हिंदुस्तान यूनीलिवर | 2,439.00 |
| +0.87 | एसबीआई लाइफ | 1,848.10 |
| +0.82 | टाटा कन्ज्यूमर | 1,063.00 |
| +0.74 | आईसीआईसीआई बैंक | 1,488.00 |
| +0.71 | डॉ रेड्डी | 1,287.00 |
| +0.46 | ग्रासिम | 2,721.00 |

# भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि पहली तिमाही में 4-6 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी



- क्रिसिल इंटेलिजेंस ने लगाया अनुमान, यह आंकड़ा पिछली दो तिमाहियों से लगभग सात प्रतिशत से कम

चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारत के कॉरपोरेट क्षेत्र की राजस्व वृद्धि दर मामूली रूप से 4-6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह अनुमान लगाया है। यह आंकड़ा पिछली दो तिमाहियों से लगभग सात प्रतिशत से कम है। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने बयान में कहा कि विश्लेषण में शामिल 600 से अधिक कंपनियों के राजस्व में बिजली, कोयला, आईटी सेवाओं और इस्पात क्षेत्रों की हिस्सेदारी एक-तिहाई है।

पांच क्षेत्रों - दवा, दूरसंचार सेवाएं, संगठित खुदरा, एल्युमीनियम और एयरलाइन - ने पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा, मानसून के जल्दी आने और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण अप्रैल-जून में कुछ क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। बारिश के कारण पड़ी हल्की गर्मी ने बिजली की मांग को कम कर दिया। इसके चलते बिजली क्षेत्र के राजस्व में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की गिरावट देखी जा रही है। शर्मा ने कहा कि कम मांग ने बिजली की हाजिर कीमतों को भी नीचे ला दिया, और कोयले की मांग में 2-3 प्रतिशत की कमी आई। उन्होंने कहा, ''दूसरी ओर, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने आईटी सेवा क्षेत्र को प्रभावित किया है। इस क्षेत्र में शुल्क संबंधी चिंताओं के कारण परियोजनाओं में देरी के कारण राजस्व वृद्धि सालाना आधार पर स्थिर देखी जा रही है, जिससे गतिविधियों में सुस्ती आई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने कहा कि इस्पात क्षेत्र के राजस्व में सालाना आधार पर 1-3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि होने की उम्मीद है।

इसके मुताबिक प्रमुख इस्पात मिलों में नियोजित रखरखाव के लिए काम बंद होने और कीमतों में 2-4 प्रतिशत की सालाना गिरावट के कारण राजस्व प्रभावित हुआ। दूसरी ओर, उच्च खुदरा बिक्री के कारण वाहन क्षेत्र के राजस्व में सालाना आधार पर चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

## पेटेंट नियमों में बदलाव न होने से जेनेरिक दवा क्षेत्र को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच पिछले सप्ताह हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में पेटेंट अवधि बढ़ाने या डेटा की विशिष्टता को अनिवार्य नहीं किया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक दस्तावेज से यह जानकारी सामने आई है। इस कदम से भारत के घरेलू जेनेरिक दवा उद्योग के हितों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। ब्रिटेन एफटीए में डेटा की विशिष्टता का प्रावधान शामिल करने की लगातार मांग कर रहा था। लेकिन भारत ने इस मांग को मानने से इनकार कर दिया है।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एफटीए में पेटेंट अवधि के विस्तार या डेटा की विशिष्टता को अनिवार्य नहीं किया गया है। छोटे-मोटे बदलावों के साथ उत्पाद का पेटेंट अपने पास रखने के लिए दवा कंपनियां ये दोनों तरीके अपनाती हैं।

# पूरे भारत में सिर्फ 20 लाख कनेक्शन दे पाएगी स्टारलिंक

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीएसएनएल समेत अन्य दूरसंचार कंपनियों के लिए जोखिम वाली कोई बात नहीं : चंद्रशेखर

दूरसंचार राज्यमंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि उद्योगपति एलन मस्क की अगुवाई वाली उपग्रह संचार सेवा प्रदाता कंपनी स्टारलिंक भारत में केवल 20 लाख कनेक्शन दे सकती हैं, ऐसे में सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल समेत अन्य दूरसंचार कंपनियों के लिए जोखिम वाली कोई बात नहीं है।

उन्होंने यहां बीएसएनएल की समीक्षा बैठक के मौके पर कहा, स्टारलिंक के भारत में केवल 20 लाख ग्राहक हो सकते हैं और वह 200 एमबीपीएस तक की गति प्रदान कर सकती है। इससे दूरसंचार सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ऐसी संभावना है कि सैटकॉम सेवाओं का लक्ष्य ग्रामीण और दूरदराज के इलाके होंगे जहां बीएसएनएल की अच्छी उपस्थिति है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि स्टारलिंक कनेक्शन की सीमा इसकी मौजूदा क्षमता के कारण है। मंत्री ने कहा कि सैटकॉम सेवाओं की शुरुआती लागत बहुत ज्यादा होगी और मासिक लागत लगभग 3,000 रुपये हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएनएल 4जी सेवा शुरू करने का काम पूरा हो चुकी है और अभी शुल्क दर बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। मंत्री ने कहा, हम पहले बाजार चाहते हैं। शुल्क दर बढ़ाने की कोई योजना नहीं है।

## चीन में दुर्लभ खनिज पर पाबंदी, भारत में उत्पादन व निर्यात पर होगा असर

**मुंबई।** एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने सोमवार को कहा कि चीन के दुर्लभ खनिजों के व्यापार पर पाबंदी लगाने से भारत के प्रमुख पांच क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन और निर्यात प्रभावित होगा।

एसबीआई अर्थशास्त्रियों की एक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 में दुर्लभ मृदा खनिजों और यौगिकों का कुल आयात 3.19 करोड़ डॉलर और चुम्बक का आयात 2.91 करोड़ डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में दुर्लभ खनिजों और यौगिकों की खपत में वृद्धि हुई है। और वित्त वर्ष 2024-25 में दुर्लभ खनिजों (चुम्बक) के आयात में तेज वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, ''दुर्लभ खनिजों और यौगिकों के व्यापार में चीन का दबदबा है।

# टीसीएस में छंटनी पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

- 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा के बाद से लगातार कंपनी के संपर्क में मंत्रालय




सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी किए जाने की घोषणा के बाद की स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय टीसीएस मामले में पूरी स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहा है और लगातार कंपनी के संपर्क में है।

सूत्रों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस घटनाक्रम को लेकर चिंतित है और इस फैसले के पीछे की असली वजह को समझने के लिए इसकी जांच करेगा। सरकार का यह रुख इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने इस साल 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है जो उसके कुल वैश्विक कार्यबल का दो प्रतिशत है। इस कदम का सबसे ज्यादा असर मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों पर पड़ेगा। कुल कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 6,13,069 थी।

## डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 10.7 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** देश में इस साल मार्च तक डिजिटल भुगतान में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऑनलाइन लेनदेन को मापने वाले आरबीआई के सूचकांक से यह जानकारी मिली है। आरबीआई एक जनवरी, 2021 से डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) प्रकाशित कर रहा है। इसमें देश भर में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को दर्शाने के लिए मार्च, 2018 को आधार वर्ष माना गया है। आरबीआई ने कहा कि मार्च, 2025 के लिए सूचकांक 493.22 है, जबकि सितंबर, 2024 में यह 465.33 और मार्च, 2024 में 445.5 था। छमाही आंकड़ों के अनुसार, देशभर में भुगतान बुनियादी ढांचा... आपूर्ति-पक्ष कारक और भुगतान प्रदर्शन जैसे मापदंडों में उल्लेखनीय वृद्धि है।

# ब्रिटेन से व्यापार समझौते का लाभ उठाएं चमड़ा, कपड़ा निर्यातकः वाणिज्य मंत्रालय

- उत्पादन बढ़ाने व आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी



वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को चमड़ा और कपड़ा निर्यातकों से भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत मिलने वाले बाजार पहुंच लाभों का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्पादन बढ़ाने और अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने का आग्रह किया।

मंत्रालय ने निर्यात बढ़ाने के लिए लंदन स्थित भारतीय दूतावास, ब्रिटेन में खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं के साथ मिलकर काम करने का भी सुझाव दिया। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) से सृजित अवसरों पर चर्चा करने के लिए मंत्रालय द्वारा कपड़ा, चमड़ा और 'फुटवियर' क्षेत्र से जुड़े पक्षों के साथ आयोजित एक उद्योग संवाद में इन मुद्दों पर चर्चा की गई। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि शुल्क समाप्त करने से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

यह समझौता भारतीय कपड़ा और परिधान उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है और बांग्लादेश, कंबोडिया और पाकिस्तान जैसे कुछ प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में ब्रिटेन में इन क्षेत्रों को होने वाले शुल्क संबंधी नुकसान (12 प्रतिशत तक) को दूर करता है। शून्य-शुल्क बाजार पहुंच से सिलेसिलाए वस्त्र, घरेलू कपड़े, कालीन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा और निर्यात में तेज वृद्धि की उम्मीद है।

नई पहल

## बीआईएस की 9 कैरेट गोल्ड से तैयार आभूषणों की हॉलमार्किंग की मंजूरी देने से कारोबार में आएगा बूम

# कम दाम में सोना खरीदने का सपना होगा साकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सोने के दाम में लगातार हो रही अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी से ग्राहकों की संख्या सर्राफा बाजार में काफी घट रही है, लेकिन अब कारोबार को पंख लगने की संभावना तेज हुई है। ऐसा इसलिए कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 9 कैरेट ज्वैलरी की हॉलमार्किंग करने का आदेश दिया है। इससे बाजार में बूम आने की बात कारोबारी कर रहे हैं।

कारोबारियों के अनुसार अभी तक जिले में 700 से अधिक सर्राफ की दुकानें पंजीकृत हैं वहीं सालाना



1000 से 2000 करोड़ तक सोने का कारोबार हो रहा है जो कि अब 10 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है।

**बाजार में आएंगे नए आभूषण, ग्राहकों को सहूलियत :** कारोबारियों का कहना है कि 9 कैरेट से तैयार आभूषण अन्य की तुलना में सस्ते होंगे जिसे हर वर्ग के ग्राहक आसानी से खरीद सकेंगे, वहीं बाजार में आभूषणों के नये डिजाइन भी आएंगे। इससे ग्राहकों की संख्या के साथ कारोबार भी बढ़ेगा। बीआईएस ने 9 कैरेट के हॉलमार्किंग के आदेश के बाद कारोबारियों ने आभूषण बनवाने की तैयारी कर ली हैं।

### 22 कैरेट की तुलना में अधिक मजबूत होते हैं आभूषण



आलमगिरी गंज के सर्राफा कारोबारी विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि अभी तक बाजार में 16, 18 व 22 कैरेट के ही सोने के आभूषण बनाए जा रहे हैं, लेकिन अब 9 कैरेट से बने आभूषण में 37 फीसदी तक सोना शामिल करने बाद अन्य धातुएं मिलाई जाती हैं जिससे 9 कैरेट से बने आभूषण की अधिक मजबूती होती है।



सोने के भाव में अप्रत्याशित वृद्धि से बाजार कुछ हद तक मंदी के दौर से गुजर रहा था। 9 कैरेट सोने के आभूषणों की अनुमति से अब निम्न मध्य आय वर्ग भी सोने के आभूषणों के प्रति आकर्षित होगा। इससे बाजार में रौनक आएगी। - विपिन गर्ग।



एसोसिएशन लंबे समय से सरकार से 9 कैरेट सोने के आभूषणों की स्वीकृति की मांग कर रही थी, क्योंकि विदेशों में 9 कैरेट ज्वैलरी प्रचलन में है। स्वीकृति मिलने से सर्राफा बाजार में वृद्धि होगी और निम्न वर्गीय ग्राहकों को सहूलियत होगी। - अनमोल खंडेलवाल

# दिल्ली में रोज कुत्तों के काटने की सैकड़ों घटनाएं, ये बहुत परेशान करने वाला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों के काटने से रेबीज होने की घटनाओं के बारे में आई एक खबर पर सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया और कहा कि खबर में कुछ चिंताजनक और बहुत परेशान करने वाले आंकड़े हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के दिल्ली संस्करण में सोमवार को प्रकाशित उस समाचार का संज्ञान लिया जो राष्ट्रीय राजधानी में एक पागल कुत्ते के हमले में छह वर्षीय लड़की की मौत के बारे में थी।

खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पीठ ने कहा, समाचार में कुछ चिंताजनक और परेशान करने वाले



- सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, अखबार की रिपोर्ट को सीजेआई के समक्ष पेश करने का निर्देश

आंकड़े और तथ्य हैं। इसमें कहा गया है कि हर दिन शहर और इसके बाहरी इलाकों में कुत्तों के काटने की सैकड़ों घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे रेबीज हो रहा है और अंततः बच्चे एवं बुजुर्ग इस भयानक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। पीठ ने कहा, हम इस समाचार पर स्वतः संज्ञान लेते हैं। उसने उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री को इसे जनहित में स्वतः संज्ञान याचिका के रूप में दर्ज करने को कहा। उसने कहा, उचित आदेश के लिए इस निर्णय को समाचार रिपोर्ट के साथ भारत के प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जाए।

इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर 15 जुलाई को सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा था, आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते हैं। कोर्ट ने याची के वकील से कहा, क्या हमें इन बड़े दिल वाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए। इन जानवरों के लिए तो पूरी जगह है, लेकिन इंसानों के लिए कोई जगह नहीं है।

## देश भर में बढ़ रहा है कुत्तों का आतंक

दिल्ली में हाल ही एक छह साल की बच्ची को कुत्तों के नोंचकर मार डालने की घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वत : संज्ञान लिया है, जिस पर अब सीजेआई बीआर गवई सुनवाई करेंगे। दरअसल, भारत में आवारा कुत्तों के हमलों की समस्या गंभीर रूप से बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में यह समस्या संकट का रूप ले चुकी है और सार्वजनिक स्वास्थ्य, नागरिक सुरक्षा और प्रशासनिक चुनौती का विषय बन चुकी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ देश के चुनिंदा शहर भी इस समस्या से अछूते नहीं बचे हैं। सरकारी प्रयासों की कमी और घटनाओं की अनदेखी ने लोगों को बेबस बना दिया है। हालात इस कदर विकराल हो चुके हैं कि सैकड़ों लोगों को हर साल कुत्तों के हमलों का शिकार होने के बाद जान गंवानी पड़ रही है। इनमें ज्यादातर बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। लोगों के रेबीज से ग्रस्त होने का आंकड़ा भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है और इसमें साल दर साल और वृद्धि होती जा रही है।



### रेबीज : दुनिया भर में 35% मौतें भारत में

भारत में रेबीज को 100 प्रतिशत घातक लेकिन 100 प्रतिशत रोकथाम के भी योग्य रोग माना जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2020 में रेबीज की वजह से लगभग 125, 2021 में 113, 2022 में 150 से ज्यादा और 2023 में दो सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल लगभग 18 हजार से 20 हजार तक लोगों की मौत रेबीज से होती है जो वैश्विक मौतों का 35 प्रतिशत है। इनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा रेबीज के केस कुत्ते के ही काटने से होते हैं।

### सरकारी कदम

- केंद्र सरकार ने एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स 2023 लागू कर आवारा कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण अनिवार्य किया है।
- नगर निकायों को जिम्मेदारी दी कि वे मानक प्रक्रिया के तहत आवारा कुत्तों को पकड़ें, नसबंदी करें और वहीं छोड़े जहां से पकड़े गए थे।
- राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता प्रसार, कुत्तों को टीके देना और हमले के शिकार लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा।

### कुत्तों के हिंसक होने के कारण

- भूख और कुपोषण प्रमुख है। साथ ही मानव की ओर से हिंसा का शिकार होकर आक्रामक हो जाते हैं।
- संख्या में अत्यधिक वृद्धि दूसरा प्रमुख कारण हैं। झुंड में होने से आवारा कुत्तों में आक्रामकता बढ़ जाती है।
- प्रजनन के समय नर कुत्ते अधिक आक्रामक होते हैं।

### देश के प्रमुख शहरों के हालात

- आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में वर्ष 2023 में आवारा कुत्तों ने एक लाख से ज्यादा लोगों को हमला कर घायल किया।
- मुंबई में बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन के अनुसार आवारा कुत्ते रोजाना दो सौ से ज्यादा लोगों को हमला कर घायल कर देते हैं।
- कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में वर्ष 2022 में आवारा कुत्तों के लोगों को काटने के 30,000 से अधिक केस रिकॉर्ड में दर्ज किए गए।
- हैदराबाद में करीब 50,000 से ज्यादा आवारा कुत्ते हैं। पटना, रांची और लखनऊ जैसे शहरों में बच्चों पर हमलों में काफी वृद्धि हुई है।

### उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की स्थिति

- वर्ष 2023 के आंकड़ों के मुताबिक राज्य भर में 35 लाख से ज्यादा आवारा कुत्ते हैं। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, नोएडा जैसे शहरों में सर्वाधिक।
- 2021 में 1.25 लाख, 2022 में 1.5 लाख, 2023 में 1.9 लाख, 2024 में जून तक 1 लाख डॉग बाइट। 2021 की तुलना में 2023 में रेबीज से दोगुनी मौतें रिकॉर्ड हुईं।
- प्रदेश में कुत्तों की नसबंदी दर लक्ष्य से बहुत कम, ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी, साथ ही नगर निकायों के पास प्रशिक्षित स्टाफ न होने से बढ़ रहा संकट।
- नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि खुले कचरे के ढेर हटाएं ताकि कुत्तों को भोजन न मिले। कुत्तों की गणना के लिए सर्वेक्षण योजना लागू की गई लेकिन काम नहीं हुआ।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ओडिशा: 20,000 रुपये में बेच दी नवजात बच्ची

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बलांगीर जिले में पुलिस ने सोमवार को एक 28 दिन की नवजात बच्ची को बचाया जिसे उसके माता-पिता ने अत्यधिक गरीबी के कारण 20 हजार रुपये के लिए बेच दिया था। टिटलागढ़ के उपमंडल पुलिस अधिकारी कल्याण बेहरा ने बताया कि पुलिस ने पड़ोसी बरगढ़ जिले के पैकामल स्थित एक दंपति के घर से शिशु को मुक्त कराया और उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया।

### बांग्लादेश : विमान हादसे की जांच के लिए आयोग

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने पिछले हफ्ते ढाका में वायुसेना के प्रशिक्षण विमान के एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की घटना की जांच के लिए नौ सदस्यीय आयोग का गठन किया है। इस हादसे में 34 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकतर विद्यार्थी शामिल थे। चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई विमान पिछले सोमवार को उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आने से स्कूल एवं कॉलेज की इमारत से टकरा गया था।

### वीआईटी के दो छात्रों की झरने में डूबने से मौत

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में रविवार शाम पिकनिक मनाने के दौरान घने जंगलों में स्थित एक झरने में डूबने से वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) के दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों छात्रों के शव सोमवार सुबह बरामद किए गए। यह घटना रविवार शाम करीब पांच बजे इछावर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास वन क्षेत्र में स्थित भेरुखो झरने में हुई।

# छत्तीसगढ़: ननों की गिरफ्तारी के बाद रायपुर से दिल्ली तक राजनीति गरम

## कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष के सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में दो कैथोलिक ननों की गिरफ्तारी पर रायपुर से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक राजनीति गरमा गई है। ननों की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवारको कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। संसद में भी इसकी गूंज सुनाई दी। दोनों नन केरल की रहने वाली हैं।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर कथित मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में दो ननों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एक जीआरपी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी थी। अधिकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई बजरंग दल के एक स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत के बाद की गई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि ये तीनों लोग नारायणपुर की तीन लड़कियों का जबरन धर्मांतरण और तस्करी कर रहे थे।

सोमवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर सहित यूडीएफ सांसदों ने संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन किया। वे पोस्टर लिए हुए थे जिन पर 'अल्पसंख्यकों पर हमले बंद करो' लिखा था। सांसदों ने ननों की गिरफ्तारी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, इन निर्दोष महिलाओं ने कुछ गलत नहीं किया, फिर भी हिंसक भीड़ ने उन्हें निशाना बनाया। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा-आरएसएस के तंत्र में अल्पसंख्यकों को अपराधी समझा जाता है और असामाजिक तत्वों को आस्था का पालन कर रहे नागरिकों को डराने के लिए छोड़ दिया जाता है। छत्तीसगढ़ में बजरंग दल के गुंडों और पुलिस की यह जुगलबंदी भाजपा की धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति वास्तविक मंशा को दर्शाती है।



ननों की गिरफ्तारी के खिलाफ संसद के बाहर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन। • एजेंसी

### कांग्रेस की राजनीति आपत्तिजनक : भाजपा

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने एक बयान में कहा, इस मामले में कांग्रेस की राजनीति बेहद आपत्तिजनक है । तुष्टीकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ,वेणु गोपाल और सारे कांग्रेस के नेता बस्तर की बेटियों की तस्करी के आरोपियों के पक्ष में खड़े है और तो और छत्तीसगढ़ कांग्रेस जिसे अपने छत्तीसगढ़ की बच्चियों के साथ खड़ा होना था वह भी अपने आकाओं के सुर में सुर मिला रहे हैं एक बार फिर से प्रमाणित हो गया है कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेता अपने आकाओं के निर्देशों का ही पालन करेंगे, छत्तीसगढ़ की जनता से उनका कोई मतलब नहीं है। छत्तीसगढ़ की बेटियां उन्हें कभी माफ़ नहीं करेंगी। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार छत्तीसगढ़ की बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। भाजपा ने मामले की जांच के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भी दुर्ग भेजने की घोषणा की।

### राहुल गांधी ने उठाया लोकसभा में मामला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि छत्तीसगढ़ में दो ननों को उनकी आस्था के चलते गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां अल्पसंख्यकों का सुनियोजित तरीके से उत्पीड़न किया जा रहा है। धार्मिक स्वतंत्रता को संवैधानिक अधिकार बताते हुए राहुल गांधी ने दोनों ननों की तत्काल रिहाई और उनके साथ हुए अन्याय के लिए जवाबदेही तय किए जाने की मांग की। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, छत्तीसगढ़ में दो ननों को उनकी आस्था के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। यह यह भाजपा और आरएसएस का भीड़ नियम है। यह एक खतरनाक चल का परिचायक है, इस शासन के तहत सुनियोजित उत्पीड़न है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, यूडीएफ सांसदों ने आज संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं रहेंगे।

## दिव्य दृष्टि



दूर तक देखने, हालात को समझने और तुरंत कार्रवाई करने में महारत हासिल करने के लिए भारतीय सेना ने सोमवार को पूर्वी सिक्किम में दिव्य दृष्टि सैन्य अभ्यास किया । ये अभ्यास विभिन्न सर्विलांस, ड्रोन, रडार और सेंसर पर आधारित था। एजेंसी

### शहबाज शरीफ के खिलाफ अवमानना याचिका दायर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को लागू करने में विफल रहने पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश जवाद एस ख्वाजा ने याचिका में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सैन्य अदालतों द्वारा नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की सात मई को घोषणा करते हुए निर्देश दिया था कि वह 45 दिनों के भीतर कानून में संशोधन करे ताकि सैन्य अदालतों द्वारा दोषी ठहराये गए नागरिकों को किसी उच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार मिल सके। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि शहबाज शरीफ की सरकार आदेश का पालन करने में विफल रही।

# भारत-पाकिस्तान लड़ रहे होते, हमें परमाणु प्रदूषण का सामना करना पड़ता

लंदन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक बार फिर दावा किया कि यदि उन्होंने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया होता और सभी व्यापार वार्ता रोकने की धमकी नहीं दी होती, तो भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध छिड़ गया होता। ऐसे में कई देशों को परमाणु प्रदूषण का सामना करना पड़ता

ट्रंप ने स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ आधिकारिक वार्ता से पहले मीडिया से कहा कि उन्होंने दुनिया भर में छह बड़े युद्ध को रोकने में हस्तक्षेप किया, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध भी शामिल है। स्कॉटलैंड के साउथ आयरशायर स्थित अपने टर्नबेरी गोल्फ रिसॉर्ट से मीडिया को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, मैं नहीं होता, तो छह बड़े युद्ध चल रहे होते। भारत पाकिस्तान के साथ लड़ रहा होता। बहुत बड़ा मामला भारत और पाकिस्तान का था क्योंकि आप दो परमाणु राष्ट्रों की बात कर रहे हैं।

ट्रंप ने कहा, मैं पाकिस्तान और भारत दोनों देशों के नेताओं को जानता हूं और बहुत अच्छी तरह जानता हूं। वे एक व्यापार समझौते की प्रक्रिया में थे और उसी समय परमाणु हथियारों की बात कर रहे थे, यह बेतुका है।



- ट्रंप ने फिर किया युद्ध रुकवाने का दावा, कहा- ये संघर्ष न रुकता तो कई और देश इसमें शामिल हो जाते

### गाजा पर नेतन्याहू का दावा ठीक नहीं

ट्रंप और केअर स्टार्मर ने बैठक में गाजा पर चर्चा करने की योजना की पुष्टि की। बिगड़ते मानवीय संकट के कारण इजराइल द्वारा सहायता पाबंदियों में ढील के एक दिन बाद ट्रंप ने कहा कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस बयान से असहमत हैं कि गाजा में भुखमरी नहीं है। इजराइल ने रविवार को सहायता प्रवाह में सुधार के लिए कुछ क्षेत्रों में सैन्य अभियानों को प्रतिदिन 10 घंटे के लिए रोकने की घोषणा की थी।

# शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट के डिप्टी सीईओ ने फंदे पर लटककर जान दी

मुंबई,एजेंसी

- कुछ समय पहले ही लगे थे मंदिर के कामकाज में भ्रष्टाचार के आरोप

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित प्रसिद्ध शनि शिंगणापुर मंदिर का प्रबंधन करने वाले न्यास के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डिप्टी सीईओ) ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि यह घटनाक्रम मंदिर के कामकाज में भ्रष्टाचार के खुलासे के कुछ हफ्ते बाद हुआ।

पुलिस ने बताया कि श्री शनेश्वर देवस्थान के डिप्टी सीईओ नितिन शेटे (43) मुंबई से लगभग 300 किमी दूर शनि शिंगणापुर गांव के शेटे वस्ती स्थित अपने आवास पर फंदे से लटके पाए गए। शेटे मंदिर प्रबंधन निकाय के पूर्व न्यासी भी थे, उनकी आत्महत्या के पीछे का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है।

घटना का पता सुबह तब चला, जब शेटे ने परिवार के सदस्यों के उनके कमरे का दरवाजा बार-बार खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया। अधिकारी के अनुसार, चिंतित परिवार के सदस्यों ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा और शेटे को रस्सी के फंदे के सहारे छत से लटका पाया।

# थाईलैंड और कंबोडिया संघर्ष विराम पर सहमत

पुत्रजय (मलेशिया), एजेंसी

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि थाईलैंड और कंबोडिया तत्काल और बिना शर्त संघर्ष-विराम करने पर सहमत हो गए हैं। इसे थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पांच दिन से जारी सीमा संघर्ष को रोकने में बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

अनवर ने आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) क्षेत्रीय समूह के प्रमुख के रूप में वार्ता की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर आम सहमति बन गई है। अनवर ने एक संयुक्त बयान पढ़ते हुए कहा कि कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई 28 जुलाई की मध्यरात्रि से तत्काल और बिना शर्त संघर्ष-विराम पर सहमत हो गए हैं। यह शांति बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों देश यह बैठक तब करने के लिए तैयार हुए जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यदि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते पर आगे नहीं बढ़ेगा।



- मलेशिया के प्रधानमंत्री ने की घोषणा, तत्काल और बिना शर्त लागू होगा संघर्ष विराम

### गाजा पर इजराइल के हमले से 36 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** इजराइल द्वारा सोमवार को गाजा के विभिन्न स्थानों पर किए गए हमलों में कम से कम 36 फलस्तीनी मारे गए। इस हमले से एक दिन पहले ही इजराइल ने क्षेत्र में गंभीर होते मानवीय संकट के मद्देनजर प्रतिबंधों में ढील दी थी। नासेर अस्पताल के अनुसार, मृतकों में एक नवजात भी शामिल है, जिसका जन्म मां की हमले में मौत के बाद एक जटिल सर्जरी से हुआ था। मध्य गाजा स्थित अवदा अस्पताल के मुताबिक सात शव उसके पास लाए गए है। अस्पताल का दावा है कि इन लोगों की मौत सोमवार को अमेरिका और इजराइल समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित एक सहायता केंद्र के पास इजराइली गोलीबारी में हुई। अस्पताल ने बताया कि घटनास्थल के पास 20 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 30 जुलाई 12 .46 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 19 .27 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज दिनचर्या अव्यवस्थित रहने वाली है। दूसरों से अधिक सलाह न लें। चलते हुए कार्य अटक सकते हैं। आज गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। छोटी-छोटी समस्याओं की उपेक्षा इस समय न करें वरना ये बाद में बड़ी बन सकती हैं।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। बातचीत करते हुए शब्द चयन सही तरह से करें। अपने व्यवहार में पारदर्शिता रखें। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। वाहन में खराबी आ सकती है। दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

**कर्क** — आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रयोग करेंगे। विद्यार्थियों को आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। उच्चाधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहने वाले हैं। छोटी दूरी की यात्रा करने के विचार बना सकते हैं।

**सिंह** — आज पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ निर्णय हो सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में विनम्रता बनाए रखें।

**कन्या** — आज धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का आनंद ले सकते हैं। नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। शाम के समय आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। इसीलिए सकारात्मक बने रहें। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। सहकर्मियों का आपके प्रति व्यवहार खराब हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। प्रेम संबंधों को लेकर भावनात्मक रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में काफी सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप काफी ध्यान देंगे।

**धनु** — आज किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। धन और करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। नई योजनाओं में आप काम शुरू कर सकते हैं।

**मकर** — आज अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करेंगे। परिस्थितियों का समझदारी से मुकाबला करेंगे। आर्थिक मामलों के लिये दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। दूसरों पर अधिक निर्भर होकर काम न करें।

**मीन** — आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेंगी। नौकरीपेशा जातकों को आज सम्मान मिल सकता है। आज आप काफी चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। किसी विवाह समारोह में भाग लेने के लिए यात्रा कर सकते हैं।

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |



> अगर शुभमन गिल ने वैसा प्रदर्शन नहीं भी किया होता जैसा उन्होंने किया, तब भी हमें उनकी प्रतिभा पर पूरा भरोसा होता। मायने यह रखता है कि वह अपनी उम्मीदों और क्षमता पर खरे उतर रहे हैं। वह कप्तान नहीं, बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं। –गौतम गंभीर



## हाईलाइट

### इनियान ने डोल ओपन शतरंज खिताब जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय ग्रैंडमास्टर पी इनियान ने पोलैंड के यान मालेक को टाइब्रेकर में हराकर दूसरा डोल ओपन अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिताब जीत लिया। फ्रांस में हुए टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों के 7.5 अंक रहने के बाद विजेता का निर्धारण टाइब्रेकर के आधार पर हुआ। तमिलनाडु के इरोड के रहने वाले इनियान पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहे। उन्होंने उजबेकिस्तान, मेडागास्कर, तुर्की, फ्रांस और पोलैंड के अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स को हराने के अलावा तीन ड्रॉ खेले। टूर्नामेंट में 43 देशों के 39 ग्रैंडमास्टर्स समेत 276 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### सात्विक और चिराग की निगाहें खिताब पर



**मकाऊ :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए सत्र का पहला खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने पिछले सप्ताह चाइना ओपन सुपर 1000 में एक बार फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें मलेशिया के दूसरे वरीय आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

### भारतीयों में अटवाल शीर्ष स्थान पर रहे

**लंदन :** अर्जुन अटवाल छह बर्डी लगाने के बावजूद आईएसपीएस एचएएनडीए सीनियर ओपन गोल्फ के आखिरी दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त 24वें स्थान पर रहे। अटवाल ने छह बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर दिये जिसमें दो बोगी आखिरी के पांच होल में आये। वह चार दौर में 67-72-69-71 के कार्ड के साथ प्रतियोगिता में खेल रहे तीन भारतीयों में शीर्ष स्थान पर रहे। जीव मिल्खा सिंह (69) संयुक्त 56वें और ज्योति रंधावा (73) संयुक्त 61वें स्थान पर रहे।

### ओवल टेस्ट खेलेंगे बेन स्टोक्स

**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दर्द को महज एक भाव बताकर संकेत दिया है कि वह पांचवां टेस्ट खेलेंगे हालांकि उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की जरूरत को माना। भारतीय कप्तान शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के शतकों के बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। चौथे टेस्ट के आखिरी दिन स्टोक्स और उनकी टीम एक घंटा पहले मैच खत्म करना चाहते थे लेकिन भारतीय टीम ने इनकार कर दिया। स्टोक्स ने रविवार को दर्द के बावजूद 11 ओवर डाले। उन्होंने कहा मेरे नहीं खेलने की संभावना नहीं के बराबर है। मैं हमेशा अपना सब कुछ देने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा मेरी चोट बदतर नहीं हुई है और उम्मीद है कि जल्दी इससे उबरकर आखिरी टेस्ट खेल सकूंगा।

### विश्व तैराकी में 43वें स्थान पर रहे साजन

**सिंगापुर :** भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश सोमवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। इस 31 वर्षीय बटरफ्लाई विशेषज्ञ ने 1:51.57 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में चौथा और कुल मिलाकर 43वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे। रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 1:45.43 सेकंड के साथ हीट में सबसे तेज समय निकाला।

### लक्ष्य सेन के खिलाफ दायर प्राथमिकी रद्द

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने जन्म प्रमाण पत्र जालसाजी मामले में भारत के चोटी के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, उनके परिवार के सदस्यों और कोच के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी सोमवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सेन के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई जारी रखना अनुचित है और यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

# हम्पी को हराकर दिव्या बनीं शतरंज की वर्ल्ड चैंपियन

**बातुमी (जॉर्जिया), एजेंसी**

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोमवार को यहां हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि ग्रैंडमास्टर भी बन गईं जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था।

वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं। नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज में सब कुछ जीता है लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं। दिव्या ने सोमवार को दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था। सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर जीत दर्ज की। दिव्या अब हम्पी, डी हरिका और आर वैशाली के साथ देश की ग्रैंडमास्टर बनने वाली महिलाओं की सूची में शामिल हो गई हैं। हम्पी 38 साल की हैं और 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ। दिव्या ऊर्जा से भरी थीं और उन्होंने शुरुआती टाईब्रेकर में हम्पी पर दबाव बनाए रखा और अपनी दिग्गज प्रतिद्वंद्वी को थका दिया और फिर दूसरे टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल करते हुए दिव्या ने हम्पी को पहली टाईब्रेक बाजी में बेहतर स्थिति में होने का मौका दे दिया था। हम्पी ने हालांकि समय के दबाव में गलती की और जल्द ही वह ऐसी स्थिति में पहुंच गईं जहां उनके पास दिव्या की रानी के खिलाफ एक रूक (हाथी), बिशप (ऊंट) और एक पॉन (प्यादा) था। हालांकि स्थिति लगभग बराबरी की रही और अंत में हम्पी ने आसानी से ड्रॉ कर लिया। दूसरी बाजी में हम्पी ने कैटलन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और दिव्या फिर से अच्छी तरह तैयार थीं। हम्पी ने 40वीं चाल में अपना आपा खो दिया और प्यादों को गंवाकर विरोधी खिलाड़ी पर आक्रमण करने की कोशिश की। दिव्या को हालांकि इससे अधिक मुश्किल नहीं हुई। यह दिव्या का दिन था क्योंकि हम्पी के पास फिर से समय की कमी थी और उन्होंने फिर से गलती की जिससे सैद्धांतिक रूप से दिव्या की जीत की स्थिति बन गई। इस बाजी में दिव्या की किस्मत लंबे समय तक बराबरी और जीत के बीच झूलती रही जिसके बाद नागपुर की इस लड़की ने बाजी मार ली। अपने से दोगुनी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत के बाद भावुक दिव्या अपने आंसू नहीं रोक पाईं। हम्पी ने दिव्या के खिलाफ हारने से पहले आखिर तक संघर्ष किया।



भारतीय शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और विजेता दिव्या देशमुख (दाएं)। एजेंसी

**• फाइनल में दोनों भारतीय महिला खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा**

**38** साल की कोनेरू हम्पी 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं थीं, जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ और वह सिर्फ 19 वर्ष की हैं

**40** वीं चाल में हम्पी ने अपना आपा खोया, प्यादों को गंवाकर विरोधी खिलाड़ी पर आक्रमण करने की नाकाम कोशिश की

### उम्मीद है कि यह सिर्फ शुरुआत है: दिव्या

- दिव्या देशमुख को दिग्गज खिलाड़ियों से सजी महिला विश्व कप 2025 में सिर्फ इस उम्मीद के साथ आई थीं कि वह भविष्य में ग्रैंडमास्टर बनने की अपनी यात्रा में वह कम से कम एक ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर सकेंगी। उन्हें इस टूर्नामेंट को जीतने की खुद भी बहुत उम्मीद नहीं थी। नागपुर की इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि इस खेल की कुछ बड़े नामों को हराकर लगभग तीन सप्ताह के भीतर तीन प्रमुख उपलब्धियां हासिल कर लीं। इसमें अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की करना, इस प्रतिष्ठित खिताब को जीतना और इस प्रक्रिया में स्वतः ग्रैंडमास्टर बन जाना शामिल है। दिव्या ने आगे कहा मुझे उम्मीद है कि यह सिर्फ एक शुरुआत है।

## दी बधाई



> दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं और वह भी 19 साल की छोटी उम्र में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं। शतरंज विश्व चैंपियनशिप के दोनों फाइनलिस्ट भारत से थे। यह हमारे देश में, विशेषकर महिलाओं में प्रतिभा की प्रचुरता को दर्शाता है। मुझे विश्वास है कि ये दोनों महिला चैंपियन और अधिक गौरव हासिल करेंगी तथा हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी।
>
> –द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति



> दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के बीच ऐतिहासिक फाइनल। फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने वाली युवा दिव्या देशमुख पर गर्व है। उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह कई युवाओं को प्रेरित करेगा। दोनों खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। इस जीत ने 19 वर्षीय दिव्या को प्रतिष्ठित खिताब दिलाने के साथ उन्हें ग्रैंडमास्टर भी बना दिया।
>
> –नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# भारत को अब भी मैच जिताऊ संयोजन की तलाश

## 31 जुलाई से होना है पांचवां व अंतिम टेस्ट मुकाबला, शार्दुल और कंबोज हो सकते हैं बाहर



शुभमन गिल।

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है, लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में यादगार ड्रॉ हासिल करने के बावजूद भारत तीन दिन बाद ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम मैच से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश, खासकर सही गेंदबाजी संयोजन की तलाश में है।

भारत ने श्रृंखला के दौरान किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी जिस पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, खासकर तब जब चोटिल नीतीश रेड्डी की जगह खेल रहे शार्दुल ठाकुर से ओल्ड ट्रैफर्ड में केवल 11 ओवर करवाए गए। लेकिन भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 2014 के बाद पहली बार 600 से अधिक रन दिए, इसलिए पिछले 40 दिन से बेंच पर बैठे हुए कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले गेंदबाज को टीम में शामिल करने का मामला पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है।

अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण अच्छा नहीं रहा और उनकी जगह पूरी तरह से फिट आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का सपना देख रहे होंगे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हालांकि रविवार को ड्रॉ के बाद अपने चिरपरिचित आक्रामक लहजे में सभी तेज गेंदबाजों को फिट घोषित कर दिया, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तेज गेंदबाज, विशेषकर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर अब थकान हावी हो रही है। ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल थे और इन दोनों ने अपने धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए शतक लगाए और मैच को ड्रा करने में अहम भूमिका निभाई। यदि ओवल में भी यही तरीका अपनाया जाता है तो ध्रुव जुरेल सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएंगे और भारत शार्दुल ठाकुर को बाहर करके चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है। शार्दुल का वैसे भी एक गेंदबाज के रूप में पर्याप्त उपयोग नहीं किया जा रहा है। चौथे गेंदबाज के रूप में कुलदीप यादव को शामिल किया जा सकता है क्योंकि पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है या फिर एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को भी शामिल किया जा सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन आठवें नंबर तक बल्लेबाज रखने की रणनीति के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहा है। पहले की योजना के अनुसार बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत इस श्रृंखला के तीन टेस्ट मैच में ही खेलना है।



भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर व मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर। एजेंसी

### हमने यह दिखाया, भारत महान टीम क्यों है: गिल

- **मैनचेस्टर :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन ऐतिहासिक प्रदर्शन से हार टालने का विश्वास लोकेश राहुल के साथ उनकी साझेदारी से उपजा है और टीम ने ऐसा करके यह जता दिया वे महान टीम क्यों है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाये दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन गिल, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचाया। गिल ने कहा 140 ओवर तक एक ही मानसिकता बनाए रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है। एक अच्छी टीम और एक महान टीम में यही अंतर होता है। मुझे लगता है कि हमने आज यह दिखाया कि हम एक महान टीम हैं। शून्य रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुझे लगता है कि मेरे और केएल (राहुल) भाई के बीच की साझेदारी ने उम्मीद जगा दी थी कि हम इस काम को कर सकते हैं। मैं बेहद, बेहद खुश हूं। जिस स्थिति में हम कल थे, वहां से ड्रॉ हासिल कर पाना बेहद संतोषजनक है।

### रणनीतिक रूप से सही नहीं दिखे गंभीर

- पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि गौतम गंभीर को शायद थोड़ा शांत रहने की जरूरत है। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के कुछ कमजोर रणनीतिक फैसलों के बावजूद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में सम्मानजनक ड्रॉ हासिल किया। बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज गंभीर लाल गेंद के प्रारूप में रणनीतिक रूप से सही नहीं रहे हैं। रविवार को कड़े मुकाबले में ड्रॉ के बावजूद भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और अब सिर्फ एक मैच बाकी है। मांजरेकर ने कहा मुझे लगता है कि उनके (गंभीर) कुछ रणनीतिक फैसलों के बावजूद भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यह नहीं भूलें कि भारत न्यूजीलैंड से अपने घर में 0-3 से हारा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर आसानी से हार गया। इस टीम में हमने जो संघर्ष देखा है? वह खिलाड़ियों की वजह से है। उन्होंने कहा क्योंकि रणनीतिक तौर पर गंभीर ने हमेशा चीजों को आसान नहीं बनाया है, विशेषकर चयन से जुड़े अपने कुछ फैसलों के साथ।

### शुभमन की प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं : गंभीर

- गंभीर ने मैच के बाद कहा शुभमन गिल की प्रतिभा पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर किसी को संदेह था तो शायद उन्हें क्रिकेट की समझ नहीं है। कुछ खिलाड़ियों को जमने में समय लगता है। इस दौरे पर उसने जो किया उससे इस ड्रेसिंग रूम में कोई भी हैरान नहीं है।

### बुमराह पांचवें टेस्ट में खेलते हैं तो हमारे लिए बड़ी बात होगी

- **मैनचेस्टर :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि अगर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के निर्णायक पांचवें टेस्ट मैच में खेलने में सफल रहते हैं तो यह टीम के लिए बड़ी बात होगी, क्योंकि टीम की मूल योजना उन्हें तीन मैचों तक सीमित रखने की थी। बुमराह को अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इस टेस्ट श्रृंखला के केवल तीन मैच में खेलना था। वह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए, लेकिन बाकी तीन टेस्ट मैचों में खेले। मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद इंग्लैंड श्रृंखला में 2-1 से आगे है और इस तरह से भारत को पांच मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के लिए 31 जुलाई से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में जीत हासिल करनी होगी। गिल ने कहा अगर उन्हें लगता है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और हमारे लिए उपलब्ध हैं, तो मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो मुझे तब भी लगता है कि हमारे पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में 33 ओवर गेंदबाजी की।

### अश्विन ने इंग्लैंड के दोहरे मापदंड की आलोचना की

- **नई दिल्ली :** पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चौथे टेस्ट को निर्धारित समय से पहले खत्म करने की इंग्लैंड की कोशिशों के लिए उनके दोहरे मापदंड की आलोचना की जबकि क्रिकेट जगत ने घरेलू टीम के ड्रॉ के प्रस्ताव को स्वीकार करने के बजाय रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर को उनके शतक पूरे करने देने के भारत के फैसले का व्यापक समर्थन किया। रविवार को मैच के आखिरी घंटे की शुरुआत के दौरान उस समय अजीब स्थिति हो गई जब मेजबान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारतीय बल्लेबाजों को ड्रॉ की पेशकश की क्योंकि किसी टीम की जीत संभव नहीं दिख रही थी। जडेजा और वाशिंगटन उस समय क्रमशः 89 और 80 रन बनाकर खेल रहे थे और उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया जिससे इंग्लैंड के कप्तान निराश हो गए। स्टोक्स ने बाद में कहा कि उन्होंने यह प्रस्ताव इसलिए दिया था क्योंकि वह अपने थके हुए मुख्य गेंदबाजों के चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहते थे। अश्विन ने कहा उन्होंने पूरे दिन आपके गेंदबाजों को खेला, उनका सामना किया और अचानक जब वे शतक के करीब पहुंचते हैं तो आप बाहर चले जाना चाहते हैं? उन्हें ऐसा क्यों करना चाहिए? उन्होंने कड़ी मेहनत की, आप चाहते हैं कि वे अपना शतक पूरा नहीं करें?

# इंग्लैंड फिर बना यूरोपीय चैंपियन




महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती इंग्लैंड की टीम। एजेंसी

**बासेल :** गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता। इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदलाव की चुकता कर दिया।

स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्ते के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा।

टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की स्टार ऐताना बोनमाटी ने कहा हम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थे, लेकिन कभी-कभी यह पर्याप्त नहीं होता।

**• विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराया**

**मेहनत रंग लाई** | फिटनेस की चाह ने बदल दी किस्मत, बन गए विश्व कप पदक विजेता

# वजन कम करने को हितेश बने मुक्केबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक दशक पहले, एक अधिक वजन का स्कूली छात्र झज्जर के एक स्थानीय स्टेडियम में अपने परिवार के कहने पर कुछ किलो वजन कम करने और फिटनेस बेहतर करने आया था। आज 21 वर्षीय हितेश गुलिया (70 किग्रा) अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी सर्किट में सबका ध्यान खींच रहे हैं।

उन्होंने ब्राजील और कजाखस्तान में आयोजित विश्व कप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। हितेश को वह पल अच्छी तरह याद है जब उनकी यात्रा की शुरुआत हुई थी। हितेश ने पीटीआई से कहा जब हम 2015 में अपने पैतृक गांव (जहांगीरपुर) से झज्जर शहर आए तो वहां एक स्थानीय स्टेडियम था। मेरे माता-पिता ने मुझे वहां जाने, थोड़ा दौड़ने और फिट रहने के लिए कहा क्योंकि मैं चौथी कक्षा में था लेकिन मेरा वजन 50-55 किग्रा था। इस मुक्केबाज ने कहा कि उस समय उन्हें पेशेवर रूप से इस खेल को अपनाने की कोई इच्छा नहीं थी।

उन्होंने कहा स्टेडियम में मैं वहां गया जहां मुक्केबाजी हो रही थी और फिट होने के लिए ट्रेनिंग में शामिल हो गया। मेरा मुक्केबाजी में करियर बनाने का कोई इरादा नहीं था। लेकिन फिर एक दिन कोच ने मुझे दस्ताने दिए और मुकाबला करने के लिए कहा। मुक्केबाजी की ट्रेनिंग के शुरुआती चरणों में बहुत कम या बिल्कुल भी अभ्यास नहीं होता क्योंकि मुक्केबाज मुख्य रूप से रिंग से दूर सहनशक्ति बढ़ाने और लचीलेपन को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

हितेश ने कहा मैंने अपने विरोधी को मुक्के जड़े और कोच को मेरे अंदर क्षमता नजर आई। उसके बाद मुझे अपने राज्य के लिए एक जिला-स्तरीय टूर्नामेंट के लिए चुना गया। मैं पहले मुकाबले में हार गया लेकिन मेरे परिवार को लगा कि मैं मुक्केबाजी कर सकता हूं।



अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज हितेश गुलिया। एजेंसी (फाइल फोटो)

### पिता ने टैक्सी चलाकर किया पैसे का इंतजाम

- एक निजी ट्रैवल कंपनी में टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम कर चुके हितेश के पिता सत्यप्रकाश ने अपने बेटे की सफलता में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। कम आय के बावजूद पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे हितेश ने कभी अपने परिवार के संघर्षों का बोझ महसूस नहीं किया और चुपचाप संघर्ष करने के लिए अपने पिता को श्रेय देते हैं। हितेश ने कहा पापा एक कंपनी के लिए कैब चलाते थे। मेरे पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि हम पैसों का प्रबंधन कैसे करते थे, बस इतना है कि मेरे पिता ने बहुत त्याग किया है। घुटने की समस्या होने के बावजूद वह डबल शिफ्ट में काम करते थे। उन्होंने मुझे कभी कुछ नहीं बताया।